राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 ▶ प्रीति जिंटा ने सोनम वांगचुक के समर्थन में...



वैभव सूर्यवंशी टी20 अंतरराष्ट्रीय... ◀ 12

गाजियाबाद, शनिवार 25 जुलाई 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 13 अंकः 138, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### डॉक्टरों के लिए एनएमसी की नई व्यवस्था, शिकायत और अपील प्रक्रिया अब पूरी तरह ऑनलाइन

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देशभर के डॉक्टरों के लिए शिकायत और अपील दर्ज कराने की प्रक्रिया अब पूरी तरह डिजिटल हो गई है। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने राज्य मेडिकल काउंसिल और एथिक्स एंड मेडिकल रजिस्ट्रेशन बोर्ड (श्वरूक्रक्क) के निर्णयों के खिलाफ अपील के लिए ऑनलाइन एथिक्स अपील पोर्टल शुरू किया है। अब सभी अपीलें केवल इसी पोर्टल के माध्यम से स्वीकार की जाएंगी। ईमेल या कागजी आवेदन मान्य नहीं होंगे। एनएमसी की ओर से जारी सार्वजनिक सूचना के अनुसार, इस पहल का



उद्देश्य अपील प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, तेज और सरल बनाना है। आयोग का मानना है कि डिजिटल व्यवस्था से मामलों के निपटारे में तेजी आएगी और पूरी प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित होगी। आयोग ने डॉक्टरों और संबंधित पक्षों से अपील की है कि आवेदन करते समय सभी आवश्यक दस्तावेज और जानकारी सही तरीके से ऑनलाइन अपलोड करें। यदि दस्तावेज अधूरे या जानकारी अपूर्ण होगी, तो अपील के निपटारे में अनावश्यक देरी हो सकती है। नई व्यवस्था के तहत, यदि किसी पंजीकृत डॉक्टर को राज्य मेडिकल काउंसिल के किसी फैसले पर आपत्ति है, तो वह राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम, 2019 की धारा 30(3) के तहत पहली अपील ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से दाखिल कर सकेगा। वहीं, श्वरूक्रक्क के आदेश के खिलाफ दूसरी अपील भी अब इसी पोर्टल पर की जाएगी। एनएमसी का कहना है कि इस डिजिटल व्यवस्था से शिकायत और अपील की पूरी प्रक्रिया अधिक प्रभावी, पारदर्शी और उपयोगकर्ता के लिए सुविधाजनक बनेगी।

### भारत-रोमानिया आर्थिक संबंधों को नई गति : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रोमानियाई कंपनियों को भारत की विकास यात्रा से जुड़ने का दिया आह्वान

**बुखारेस्ट/नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट में आयोजित भारत-रोमानिया व्यापार मंच को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत 2047 का लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों, निवेश और प्रौद्योगिकी सहयोग के लिए व्यापक अवसर प्रदान कर रहा है। उन्होंने रोमानियाई कंपनियों से भारत की विकास यात्रा में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर रोमानिया के राष्ट्रपति निकुसोर डैन, वहां की सरकार के सदस्य, भारत और रोमानिया के प्रमुख उद्योगपति तथा दोनों देशों के उद्योग संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि यूरोप के महत्वपूर्ण संपर्क



बिंदु पर स्थित रोमानिया अपनी रणनीतिक स्थिति, कुशल मानव संसाधन, उन्नत औद्योगिक क्षमता और यूरोपीय संघ के साथ मजबूत एकीकरण के कारण भारत का स्वाभाविक और महत्वपूर्ण साझेदार है। उन्होंने कहा कि रोमानिया केवल निवेश का आकर्षक केंद्र ही नहीं, बल्कि पूरे यूरोपीय बाजार तक पहुंच का प्रमुख द्वार भी है।

उन्होंने कहा कि भारतीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल की बड़ी भागीदारी यह दशार्ती है कि भारतीय उद्योग जगत का रोमानिया में उपलब्ध अवसरों पर भरोसा बढ़ रहा है और वह वहां दीर्घकालिक व्यापारिक साझेदारी स्थापित करना चाहता है।

**भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते पर दिया जोर**

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच व्यापार एवं आर्थिक सहयोग दोनों पक्षों की समकालीन साझेदारी का मजबूत आधार है। लगभग दो अरब लोगों के संयुक्त बाजार और करीब 25 ट्रिलियन डॉलर की संयुक्त अर्थव्यवस्था के साथ भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) विश्व की सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक साझेदारियों में से एक होगा। उन्होंने कहा कि इस समझौते का शीघ्र और प्रभावी क्रियान्वयन व्यापारिक एकीकरण को मजबूत करेगा, निवेश प्रवाह बढ़ाएगा तथा मजबूत और विविध आपूर्ति श्रृंखलाओं के निर्माण में सहायक होगा।

# भूख हड़ताल खत्म, जवाबदेही की शुरूआत, सोनम वांगचुक ने जारी किया वीडियो संदेश

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने 26 दिन बाद अनशन खत्म करने के बाद एक वीडियो सोशल मीडिया पर जारी किया है। जिसमें लिखा है, भूख हड़ताल खत्म, जवाबदेही की शुरूआत!

सोनम वांगचुक वीडियो संदेश में कह रहे हैं, केंद्रीय मंत्री जे.पी.

> **● सोनम वांगचुक वीडियो संदेश में कह रहे हैं, केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा, डॉ. जितेंद्र सिंह और लेह-लद्दाख की शीर्ष संस्था के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में मैंने आखिरकार 26 दिनों बाद अपना अनशन तोड़ा है**

नड्डा, डॉ. जितेंद्र सिंह और लेह-लद्दाख की शीर्ष संस्था के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में मैंने आखिरकार 26 दिनों बाद अपना अनशन तोड़ा है। इससे पहले, अलग-अलग राजनीतिक दलों के 65 सांसदों ने मुझसे मिलकर या पत्र



लिखकर अनशन तोड़ने का आग्रह किया और संसद में नीट पेपर और परीक्षाओं की प्रणाली पर चर्चा करने का आश्वासन दिया। वांगचुक ने आगे कहा, सरकार की तरफ से आए मंत्रियों ने भी यह आश्वासन दिया। दो दिनों से बातचीत चल रही थी



कि आश्वासन लिखित में चाहिए। इस प्रक्रिया में दो दिन लगे, जिससे मुझे दो दिन अतिरिक्त अनशन करना पड़ा। आखिरकार सरकार की ओर से लिखित आश्वासन मिला है।

सोनम वांगचुक ने कहा है कि सरकार और सभी राजनीतिक दलों के सांसदों से यह भरोसा मिला कि खराब होती परीक्षा प्रणाली के मामले पर भारतीय संसद में जवाबदेही के मुद्दे पर चर्चा की जाएगी। सरकार ने यह भी भरोसा दिलाया कि हाल ही में परीक्षा का पेपर लीक होने के कारण आत्महत्या करने वालों के परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाएगा और शांतिपूर्ण ढंग से विरोध कर रहे छात्रों और युवाओं के खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं किया जाएगा। सोनम वांगचुक ने कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नीट पेपर लीक को लेकर जंतर-मंतर पर जारी आंदोलन के समर्थन में 28 जून को अनशन शुरू किया था। इसी बीच तबीयत खराब होने के बाद सोनम को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसके बाद दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश पर सोनम को मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेता अभिजीत दिपके ने एक्स पोस्ट में कहा, हमें राहत मिली है और हम आभारी हैं कि सोनम सर ने 26 दिनों के बाद अपनी भूख हड़ताल खत्म कर दी है। सर, आपकी असाधारण हिम्मत और त्याग के लिए आपका धन्यवाद। अपनी जान जोखिम में डालकर आपने पूरे देश की अंतरात्मा को जगाया। इस देश के लिए आपकी जान बहुत कीमती है।

# सीए ने पत्नी संग नहर में कूदकर दी जान

**जीरकपुर (आरएनएस)।** पंजाब के जीरकपुर से चौंका देने वाली खबर सामने आई है, जिसने हर किसी को सन्न कर दिया है। भारी आर्थिक दबाव और मानसिक तनाव से जूझ रहे एक चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) ने अपनी पत्नी के साथ नहर में छलांग लगाकर अपनी जिंदगी खत्म कर ली। 21 जुलाई से रहस्यमयी तरीके से लापता इस दंपति की तलाश में जुटी पुलिस को अब दोनों के शव

> **कार में छूटे 4 मोबाइल और लैपटॉप ने खोला राज, 80 किमी दूर मिला पत्नी का शव**

बरामद हो गए हैं। पति की लाश जहां पंजाब के राजपुरा के पास भाखड़ा नहर से मिली, वहीं पत्नी का शव पानी के तेज बहाव में बहते हुए 80 किलोमीटर दूर हरियाणा के कुरुक्षेत्र से बरामद हुआ है।

**नहर किनारे लावारिस खड़ी कार ने खोला राज**

पंजाब पुलिस को जांच के दौरान भाखड़ा नहर के किनारे एक कार लावारिस हालत में खड़ी मिली थी। जब पुलिस ने कार की तलाशी ली, तो उसके अंदर से चार मोबाइल फोन और एक लैपटॉप



बरामद हुआ। इन मोबाइल फोन्स की मदद से जब पुलिस ने तफ्तीश आगे बढ़ाई, तो पता चला कि यह कार जीरकपुर के रहने वाले सीए राजीव बाली की है। परिवार से संपर्क करने पर यह सनसनीखेज खुलासा हुआ कि राजीव अपनी पत्नी नीरजा बाली के साथ 21 जुलाई को घर से निकले थे, लेकिन उसके बाद कभी वापस नहीं लौटे। कार मिलने के बाद पुलिस ने तुरंत गोताखोरों की मदद से नहर में दोनों की तलाश शुरू कर दी।

**पानी के बहाव में 80 किलोमीटर दूर बह गया नीरजा का शव**

सर्च ऑपरेशन के दौरान पुलिस को सीए राजीव बाली का शव तो राजपुरा के पास भाखड़ा नहर से मिल गया, लेकिन उनकी पत्नी नीरजा का कोई सुराग नहीं लग पा रहा था। काफी खोजबीन के बाद अब नीरजा का शव भी बरामद कर लिया गया है। उनका शव पानी के बहाव में बहते हुए पंजाब से करीब 80 किलोमीटर दूर हरियाणा में कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर के पास सरस्वती फीडर नहर तक पहुंच गया था। कुरुक्षेत्र पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर इसकी आधिकारिक सूचना तुरंत पंजाब पुलिस को दे दी है, जिसके बाद दोनों राज्यों की पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में जुट गई है।

# राहुल गांधी का बड़ा हमला, धर्मेंद्र प्रधान अपराधी शिक्षा मंत्री

**नई दिल्ली।** NEET-UG परीक्षा विवाद के बीच, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 24 जुलाई को



मोदी सरकार की आलोचना और तेज कर दी। उन्होंने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को अपराधी शिक्षा मंत्री बताया और कहा कि उन्हें हटना ही होगा। नई दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए, लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी ने छात्रों की तीन मांगें रखीं। इनमें 20 जुलाई को संसद चलो मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी शामिल थी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से युवाओं से माफी मांगने की भी मांग की। राहुल गांधी ने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान एक अपराधी शिक्षा मंत्री हैं। उन्हें हटाया जाना चाहिए। वे हमारे शिक्षा तंत्र के ध्वस्त होने का प्रतीक हैं। उन्हें जाना ही होगा। उन्हीं की वजह से हजारों लोग बाहर हैं। उन्हें जाना ही होगा। उन्होंने आगे कहा कि पेपर लीक के लिए ज़िम्मेदार व्यक्ति को नौकरी से निकाला जाना चाहिए। जिन्होंने लाठीचार्ज किया और छात्रों पर हमला किया, उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। नरेंद्र मोदी जी, जो इस सिस्टम को चलाते हैं, उन्हें युवाओं से माफी मांगनी चाहिए... युवाओं को धमकाना बंद करें और उनकी मांगें पूरी करें। गांधी ने एक प्रदर्शनकारी से परिचय कराया, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि प्रदर्शन के दौरान उसे पैलेट गन से चोट लगी थी, और यह भी कहा कि उसकी आँख ठीक होने की कोई गारंटी नहीं है। गांधी ने कहा कि मैं बताना चाहता हूँ कि यहाँ खड़ा मेरा भाई शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान पैलेट गन से घायल हो गया था।

# प्रधानमंत्री मोदी ने सोनम जी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की, डॉक्टरों की सलाह का पालन करने की दी सलाह

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सोनम जी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए उनसे डॉक्टरों की सलाह के अनुसार अपनी दिनचर्या का पालन करने और जल्द से जल्द अपना पूर्व वजन पुनः प्राप्त करने का आग्रह किया है।



प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को सामाजिक माध्यम एक्स पर साझा किए गए अपने संदेश में कहा कि स्वास्थ्य सर्वोपरि है और चिकित्सकों के निर्देशों का पालन करना आवश्यक है।

प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में लिखा– मैं सोनम जी से आग्रह करता हूँ कि वो डॉक्टरों की सलाह के अनुसार अपनी दिनचर्या रखें और जल्द-से-जल्द अपना पुराना वजन फिर से प्राप्त करें।

मैं प्रभु से प्रार्थना करता हूँ कि सोनम जी स्वस्थ रहें। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश के माध्यम से सोनम जी के उत्तम स्वास्थ्य और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए उनके लिए ईश्वर से प्रार्थना भी की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि चिकित्सकीय सलाह का नियमित पालन करने से वे जल्द ही पूर्ण रूप से स्वस्थ होकर सामान्य जीवनचर्या में लौटेंगी।

# 450 करोड़ के बैंक फ्रॉड मामले में ईडी का एक्शन, पंजाब-दिल्ली में 8 ठिकानों पर छापेमारी

**नई दिल्ली/लखनऊ (आरएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के लखनऊ जोनल कार्यालय ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एम/एस संतोष ओवरसीज लिमिटेड और उससे जुड़ी

> **● ईडी सूत्रों के अनुसार, यह जांच सीबीआई द्वारा दर्ज मामले के आधार पर की जा रही है**

कंपनियों के खिलाफ शुक्रवार को कई स्थानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई करीब 450 करोड़ रुपए के बैंक धोखाधड़ी मामले की जांच के सिलसिले में की गई।

ईडी सूत्रों के अनुसार, यह जांच सीबीआई द्वारा दर्ज मामले के आधार पर की जा रही है। आरोप है कि संतोष ओवरसीज लिमिटेड ने बैंकों के एक कंसोर्टियम से लगभग 450 करोड़ रुपए का ऋण लिया था। जांच में सामने आया है कि इस लोन की राशि को कथित तौर पर फर्जी कंपनियों, एंट्री ऑपरेटरों और संबंधित संस्थाओं के नेटवर्क के जरिए इधर-उधर किया गया। इसके लिए फर्जी बिल और सर्कुलर वित्तीय लेनदेन का सहारा लिया गया



ताकि पैसों की असली आवाजाही को छिपाया जा सके। ईडी ने इस मामले में दिल्ली, उत्तर प्रदेश और पंजाब में स्थित आठ ठिकानों पर एक साथ तलाशी अभियान चलाया। इन स्थानों में कंपनी के प्रमोटरों, उनसे जुड़ी कंपनियों और कथित सहयोगियों के परिसरों को शामिल किया गया है। ईडी के मुताबिक, तलाशी की कार्रवाई शांतिपूर्ण तरीके से चल रही है और मामले की आगे की जांच जारी है। इससे पहले 20 जुलाई को भी ईडी के लखनऊ जोनल कार्यालय ने एक बड़े फर्जी डिग्री और जाली शैक्षणिक दस्तावेज मामले में कार्रवाई की थी। उस दौरान एजेंसी ने 25.44 करोड़ रुपए की चल और अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच किया था। अटैच की गई संपत्तियों में एक फार्महाउस, कई फ्लैट और वाहन शामिल थे। यह जांच उत्तर प्रदेश एसटीएफ द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की गई थी। एसटीएफ की जांच में खुलासा हुआ था कि हापुड़ स्थित मोनाड यूनिवर्सिटी के नाम पर एक बड़ा गिरोह फर्जी डिग्री और शैक्षणिक दस्तावेज तैयार कर रहा था।

जांच में यह भी सामने आया कि यह गिरोह फर्जी मार्कशीट, डिग्री, प्रोविजनल सर्टिफिकेट, माइग्रेशन सर्टिफिकेट और अन्य शैक्षणिक दस्तावेज तैयार करने, बेचने और उनकी फर्जी पुष्टि कराने का अवैध कारोबार चला रहा था।

**तगड़ा जुर्माना** | 45 दिन के भीतर ब्याज सहित 1.81 लाख चुकाने का अल्टीमेटम

# फ्लिपकोर्ट से मंगाया 1.11 लाख का आईफोन, बॉक्स खुला तो निकला दाढ़ी का तेल, कंज्यूमर फोरम ने लगाया तगड़ा जुर्माना

**मुंबई (आरएनएस)।** ऑनलाइन शॉपिंग करते समय अगर आपके मंगाए गए कीमती सामान की जगह कोई मामूली चीज निकल आए, तो यह किसी बड़े झटके से कम नहीं होता। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में एक ऐसा ही चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक ग्राहक ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट से 1 लाख रुपये से ज्यादा का 'आईफोन 14 प्रोइ ऑर्डर किया था, लेकिन डिलीवरी बॉक्स खोलने पर उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। पार्सल के अंदर चमचमाते स्मार्टफोन की बजाय दाढ़ी बढ़ाने का तेल (बियर्ड ऑयल) और कागज की पैकिंग सामग्री भरी हुई थी।

महीनों तक चक्कर काटने के बावजूद जब कंपनी ने कोई सुनवाई नहीं की, तो पीड़ित ने उपभोक्ता अदालत का दरवाजा खटखटाया। अब मुंबई (उपनगरीय) जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने फ्लिपकार्ट और उसके सेलर को कड़ी फटकार लगाते हुए ग्राहक को 1.81 लाख रुपये से अधिक का मुआवजा चुकाने का ऐतिहासिक आदेश दिया है।

**'सिर्फ माल बेचकर अपनी जिम्मेदारी से नहीं भाग सकती कंपनी**

उपभोक्ता आयोग की अतिरिक्त पीठ ने इस पूरे मामले में सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि ग्राहक ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए पूरी कीमत चुकाकर यह ऑर्डर दिया था। ऐसे में यह फ्लिपकार्ट का मुख्य दायित्व था कि ग्राहक तक सही और सुरक्षित सामान पहुंचे। आयोग ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि कोई भी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म केवल बिक्री कराके अपना पल्ला नहीं झाड़ सकता।

जब ग्राहक ने तुरंत गलत सामान मिलने की शिकायत दर्ज कराई थी, तो उस पर प्रभावी कार्रवाई करना और समस्या का समाधान करना कंपनी की कानूनी जिम्मेदारी बनती है।

**बार-बार शिकायत बंद करना 'अनुचित व्यापारिक व्यवहार करार**

आयोग ने फ्लिपकार्ट और उसके सेलर 'इंटरनेशनल वैल्यू रिटेल प्राइवेट लिमिटेड दोनों को सेवा में भारी लापरवाही और 'अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिसइ (अनुचित व्यापारिक व्यवहार) का दोषी ठहराया है। कोर्ट ने कहा कि पीड़ित ग्राहक द्वारा सबूत देने के बावजूद मामले की ठीक से जांच न करना, गलत पार्सल वापस न लेना और न ही रिफंड देना उपभोक्ता अधिकारों का हनन है। इसके विपरीत, कंपनी द्वारा बिना कोई ठोस समाधान दिए बार-बार शिकायत को 'सॉल्व बताकर बंद कर देना यह दशार्ता है कि ग्राहकों के हितों के प्रति भारी लापरवाही बरती गई है। इसलिए इस पूरे नुकसान और मानसिक परेशानी के लिए ई-कॉमर्स कंपनी और विक्रेता दोनों संयुक्त रूप से जिम्मेदार हैं।

**नो-कॉस्ट ईएमआई पर मंगाया था फोन, चार्जर और कवर पहुंचे सही**

यह मामला मुंबई के पवई इलाके के रहने वाले एक ग्राहक से जुड़ा है। उन्होंने 22 अप्रैल 2023 को फ्लिपकार्ट से 1,11,793 रुपये की कीमत वाला 'एपल आईफोन 14 प्रो (128 जीबी) नो-कॉस्ट ईएमआई योजना के तहत खरीदा था। फोन के साथ ग्राहक ने अलग से चार्जर और मोबाइल कवर का भी आर्डर दिया था, जो बिल्कुल सही हालत में डिलीवर हुआ। लेकिन अगले दिन जब मुख्य पार्सल आया, तो उसमें आईफोन की जगह दाढ़ी का तेल निकला। ग्राहक ने अप्रैल से मई 2023 के बीच कंपनी के कस्टमर सपोर्ट से लगातार संपर्क किया और मांगे गए सभी जरूरी दस्तावेज भी सौंपे, फिर भी उन्हें न तो नया फोन मिला और न ही पैसे वापस किए गए।

**45 दिन के भीतर ब्याज सहित 1.81 लाख चुकाने का अल्टीमेटम**

उपभोक्ता आयोग ने फ्लिपकार्ट और सेलर को कड़ा निर्देश दिया है कि वे 45 दिनों के भीतर ग्राहक को 1,11,793 रुपये की पूरी राशि लौटाएं। इस रकम पर 22 अप्रैल 2023 से भुगतान होने तक 9 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज भी देना होगा। इसके अलावा, ग्राहक को हुए भारी मानसिक उत्पीड़न के लिए 50,000 रुपये और मुकदमे के खर्च के तौर पर 20,000 रुपये अलग से देने का आदेश सुनाया गया है। वहीं, इस मामले में एपल इंडिया को राहत देते हुए कोर्ट ने उसके खिलाफ शिकायत खारिज कर दी है। आयोग ने माना कि एपल केवल स्वतंत्र विक्रेताओं के जरिए अपने उत्पाद बेचता है और पार्सल में गलत सामान निकलने या सेवा में कमी के लिए निमार्ता कंपनी की कोई प्रत्यक्ष भूमिका नहीं है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# लेखपाल पर एससी महिला से छेड़छाड़ व जातिसूचक गाली का आरोप, एफआईआर और निलंबन की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुलन्दशहर।** जनपद के थाना नरसैना क्षेत्र के ग्राम रूखी मजरा रवानी कटीरी बांगर की एक अनुसूचित जाति की महिला ने स्याना तहसील में तैनात लेखपाल पर छेड़छाड़, जातिसूचक गालियां देने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर आजाद अधिकार सेना ने आरोपी लेखपाल के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर निलंबित किए जाने की मांग की है। संगठन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री देवेन्द्र सिंह राणा ने बताया कि पीड़िता राजेश देवी पत्नी सतीश चन्द जाटव की लिखित शिकायत संगठन को प्राप्त हुई है। शिकायत के अनुसार 22 जुलाई 2026 की रात करीब 9 बजे लेखपाल राघवेन्द्र कथित रूप से शराब के नशे में पीड़िता के घर पहुंचा और बहाने से उसे उसकी बैनामा वाली भूमि पर बुलाया।

पीड़िता का आरोप है कि वहां आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें कीं। विरोध करने पर धक्का दिया, जातिसूचक गालियां दीं तथा जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गया।

आजाद अधिकार सेना ने घटना के कथित वीडियो को महत्वपूर्ण साक्ष्य मानते हुए जांच में शामिल करने, आरोपी लेखपाल के खिलाफ सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज करने तथा निष्पक्ष जांच के दौरान उसे तत्काल निलंबित करने की मांग की।

# दिल्ली कूच से पहले भारतीय किसान युवा जागरूक संगठन के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ. परमेंद्र हाउस अरेस्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**पहासू (बुलंदशहर)।** भारतीय किसान युवा जागरूक संगठन के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ. परमेंद्र को पुलिस ने गुरुवार को उनके आवास पर हाउस अरेस्ट कर दिया। संगठन का आरोप है कि उन्हें दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के साथ कथित अत्याचार के विरोध में प्रस्तावित प्रदर्शन में शामिल होने से रोकने के लिए यह कार्रवाई की गई। संगठन ने पहले ही दिल्ली कूच का ऐलान किया था। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि वे छात्रों के समर्थन में जंतर-मंतर पहुंचकर शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने एहतियातन डॉ. परमेंद्र को उनके घर पर ही रोक दिया। डॉ. परमेंद्र ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें बिना किसी स्पष्ट कारण के घर से बाहर निकलने नहीं दिया गया।

वहीं, पुलिस का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी संभावित अप्रिय स्थिति से बचने के लिए आवश्यक एहतियाती कदम उठाए गए हैं। संगठन ने पुलिस की इस कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया और कहा कि छात्रों के मुद्दों पर उनका संघर्ष आगे भी जारी रहेगा।

# जंतर-मंतर जाने से पहले भारतीय किसान युवा जागरूक संगठन के जिला अध्यक्ष अमरीश भारद्वाज चौथे दिन भी हाउस अरेस्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुलंदशहर।** भारतीय किसान युवा जागरूक संगठन के जिला अध्यक्ष अमरीश भारद्वाज को पुलिस ने लगातार चौथे दिन भी उनके आवास पर हाउस अरेस्ट कर दिया। बताया जा रहा है कि अमरीश भारद्वाज अपने कार्यकताओं के साथ दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के समर्थन में चल रहे आंदोलन में शामिल होने के लिए रवाना होने वाले थे।

जानकारी के अनुसार, दिल्ली रवाना होने से पहले ही पुलिस ने उन्हें घर से बाहर निकलने से रोक दिया और आवास पर ही निगरानी में रखा। इस कार्रवाई के बाद संगठन के कार्यकताओं में नाराजगी देखी गई। भारतीय किसान युवा जागरूक संगठन का आरोप है कि शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन में शामिल होने के अधिकार का हनन किया जा रहा है। संगठन का कहना है कि छात्रों के समर्थन में अपनी आवाज उठाना उनका संवैधानिक अधिकार है। वहीं, पुलिस का कहना है कि यह कार्रवाई एहतियातन की गई है ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे और किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। फिलहाल क्षेत्र में पुलिस सतर्क है और स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

# वैज्ञानिक पुलिस प्रतियोगिता में उप निरीक्षक शारिक बैग ने बढ़ाया जिले का मान, एसएसपी ने किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश पुलिस की 69वीं वार्षिक वैज्ञानिक अनुसंधान, पुलिस फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, डॉग स्क्वाड, कम्प्यूटर एवं एंटी सबोटाज प्रतियोगिता-2026 में बुलंदशहर के उप निरीक्षक शारिक बैग ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम प्रदेशभर में रोशन किया है।

लखनऊ में आयोजित इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में उप निरीक्षक शारिक बैग ने फोटोग्राफी विवेचक तथा प्रदर्शों की पैकिंग, लेबलिंग एवं फॉरवर्डिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा क्राइम इन्वेस्टिगेशन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल कर बुलंदशहर पुलिस की कार्यकुशलता का परिचय दिया।

इस शानदार उपलब्धि पर शुक्रवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (रग्ढ) दिनेश कुमार सिंह ने उप निरीक्षक शारिक बैग को प्रशंसा-पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। रग्ढ ने उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करने की शुभकामनाएं दीं शारिक बैग की इस सफलता को बुलंदशहर पुलिस के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। इससे जिले के पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ने के साथ-साथ वैज्ञानिक अनुसंधान एवं अपराध विवेचना के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने की प्रेरणा भी मिलेगी।

# सिकंदराबाद इंडस्ट्रियल एरिया में ईडी की बड़ी कार्रवाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** जनपद के कोतवाली सिकंदराबाद क्षेत्र के गांव राजारामपुर




स्थित संतोष वेयरहाउसिंग लिमिटेड में प्रवर्तन निदेशालय (एऊ) की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। टीम कई घंटों से वेयरहाउस परिसर में मौजूद रहकर दस्तावेजों और रिकॉर्ड की गहन जांच कर रही है।सूत्रों के अनुसार, एऊअधिकारी वेयरहाउस से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज, वित्तीय रिकॉर्ड और अन्य अभिलेखों की बारीकी से पड़ताल कर रहे हैं। कार्रवाई के चलते पूरे परिसर में हड़कंप का माहौल बना हुआ है और सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी कर दी गई है।फिलहाल प्रवर्तन निदेशालय की ओर से इस कार्रवाई को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। ऐसे में छापेमारी के पीछे के कारणों और जांच से जुड़े अन्य तथ्यों का खुलासा जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगा।मामले पर स्थानीय प्रशासन की भी नजर बनी हुई है। एऊ की कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं हैं, हालांकि आधिकारिक पुष्टि का इंतजार किया जा रहा।

# दिल्ली कूच से पहले श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष जगवीर भाटी हाउस अरेस्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुलंदशहर।** श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा (पंजी.) के जिला अध्यक्ष ठाकुर जगवीर भाटी को दिल्ली के जंतर-मंतर पर आयोजित प्रदर्शन में शामिल होने के लिए रवाना होने से पहले कथित तौर पर उनके आवास पर ही पुलिस ने नजरबंद (हाउस अरेस्ट) कर दिया। संगठन ने इस कार्रवाई पर कड़ा विरोध जताया है।

महासभा के पदाधिकारियों का कहना है कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन में शामिल होने से रोकना लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। संगठन के संरक्षक ठाकुर उदयपाल सिंह, जिला प्रवक्ता नरेंद्र प्रताप सिंह और अन्य पदाधिकारियों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई वापस लेने और जगवीर भाटी को मुक्त करने की मांग की है।संगठन के वरिष्ठ नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उन्हें मुक्त नहीं किया गया तो जिला स्तर पर आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# लोहारा गांव में भाकियू महाशक्ति की पंचायत, किसानों की समस्याओं पर अधिकारियों को सौंपे ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**शिकारपुर।** क्षेत्र के गांव लोहारा में भारतीय किसान यूनियन (महाशक्ति) की पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत की अध्यक्षता ठाकुर रमेश सिंह मांगलौर ने की, जबकि संचालन जिला अध्यक्ष चौधरी जितेंद्र सिरोही ने किया।

पंचायत में राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को गांव में ही बुलाकर किसानों की समस्याओं पर चर्चा की। बिजली विभाग के अधिकारियों को बताया गया कि 63 केवीए ट्रांसफार्मर पर अधिक कनेक्शन होने के कारण ट्रांसफार्मर बार-बार फुंक रहे हैं, जिससे किसानों की फसलें सिंचाई के अभाव में प्रभावित हो रही हैं। इस संबंध में 63 केवीए और 100 केवीए ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाकर दो 100 केवीए ट्रांसफार्मर लगाए जाने की मांग करते हुए 15 दिनों के भीतर कार्रवाई का ज्ञापन सौंपा गया। इसके अलावा सरकारी चकमार भूमि से जुड़े मामलों के निष्पक्ष निस्तारण की मांग की गई। जिला पंचायत राज अधिकारी, एडीओ पंचायत एवं ग्राम विकास सचिव को गांव की जर्जर और टूटे रास्तों की मरम्मत 15 दिनों के भीतर कराने के लिए ज्ञापन दिया गया। जल निगम के एसडीओ प्रदीप चौधरी को भी गांव में पेयजल आपूर्ति सहित अन्य समस्याओं के समाधान के लिए 15 दिनों के भीतर आवश्यक कार्रवाई करने का ज्ञापन सौंपा गया। पंचायत के दौरान सैकड़ों किसानों और मजदूरों ने भारतीय किसान यूनियन (महाशक्ति) की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर जिला प्रवक्ता पवनेश मीना, चौधरी विक्रम सिंह, बंटी सिंह लोधी, पनश्वेरी चौधरी (नीमखेड़ा), नरेश प्रधान शिकारपुर, चौधरी चंद्रवीर सिंह, चौधरी अमित तोमर, राजकुमार शर्मा, अजीम हुसैन, अरुण सिंह सहित दर्जनों किसान कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्कूल की बड़ी लापरवाही, कक्षा में बंद रह गया 4 वर्षीय मासूम

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**खुर्जा (बुलंदशहर)।** बुलंदशहर के खुर्जा देहात क्षेत्र के गांव दिनोल स्थित सरकारी जूनियर हाई स्कूल में गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। आरोप है कि कक्षा 1 का चार वर्षीय छात्र छुट्टी के बाद भी कक्षा के अंदर ही रह गया और स्कूल स्टाफ उसे अंदर छोड़कर विद्यालय में ताला लगाकर घर चला गया।

बताया जा रहा है कि करीब डेढ़ घंटे तक मासूम बंद कमरे में रोता-बिलखता रहा। जब बच्चा निर्धारित समय पर घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान परिजन और ग्रामीण स्कूल पहुंचे, जहां उन्हें अंदर से बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी।

इसके बाद ग्रामीणों ने स्कूल का ताला तोड़कर मासूम को सुरक्षित बाहर निकाला। घटना के बाद गांव में भारी आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने जिम्मेदार शिक्षकों एवं स्कूल स्टाफ के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल शिक्षा विभाग की ओर से इस मामले में क्या कार्रवाई की जाती है, इस पर सभी की नजर बनी हुई है।

मांग | अंसारी रोड पर वन-वे व्यवस्था लागू हो

# भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने देवीपुरा की सड़क जल्द पूरी हो

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुलंदशहर।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष एवं भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के पंकज अग्रवाल ने अपर पुलिस अधीक्षक, बुलंदशहर को

**व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए : पंकज अग्रवाल**

पत्र देकर देवीपुरा प्रथम में पिछले करीब आठ माह से अधूरे पड़े सड़क निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने, अंसारी रोड (मालवीय मार्ग) से डिप्टी गंज पुलिस चौकी तक वन-वे व्यवस्था लागू कराने तथा व्यापारियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। पंकज अग्रवाल ने कहा कि देवीपुरा प्रथम में करीब 500 मीटर सड़क का निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा है। सड़क निर्माण के दौरान दुकानों के सामने की इंटरलॉकिंग भी हटा दी गई है, जिससे ग्राहकों को दुकानों तक पहुंचने में परेशानी हो रही है। दिनभर धूल उड़ने के कारण व्यापारी, ग्राहक एवं स्थानीय निवासी परेशान हैं। सड़क निर्माण में देरी के चलते व्यापारियों के कारोबार पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

जिला प्रभारी पृथ्वीराज सिंह जिला युवा अध्यक्ष गुफरान गाजी नेअंसारी रोड (मालवीय मार्ग) से डिप्टी गंज पुलिस चौकी तक अत्यधिक यातायात के कारण आए दिन लगने वाले जाम की समस्या को देखते हुए वन-वे व्यवस्था लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि जाम के कारण ग्राहक बाजार तक नहीं पहुंच पाते, जिससे व्यापारियों का कारोबार प्रभावित होता है।

इसके साथ ही विक्की खेतान आनंद गुप्ता अनस गाजी उमेश गुप्ता ने व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि व्यापारियों के साथ होने वाली अभद्रता, मारपीट एवं विवाद की घटनाओं को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। उन्होंने पात्र एवं जरूरतमंद व्यापारियों के शस्त्र लाइसेंस संबंधी आवेदनों का नियमानुसार सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराने की मांग की, ताकि व्यापारी स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सकें।

पंकज अग्रवाल ने प्रशासन से व्यापारी हित एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए तीनों समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की मांग की है। इस मीटिंग में सभी व्यापारी मौजूद रहे।

**संबंध विच्छेद**

हम सभी भाई अपनी बहनें रुखसार एवं सायरा, पुत्रीगण मुमताज के व्यवहार से असंतुष्ट होकर आज से उनसे अपना संबंध विच्छेद करते हैं। भविष्य में उनके किसी भी कार्य, लेन-देन अथवा दायित्व से हमारा कोई संबंध नहीं होगा।

**शाहनवाज, नफीस, रहीश, जाहिद, शाकिर, शानेआलम एवं महबूब पुत्रगण मुमताज**
**निवासी ग्राम सराय छबीला**
**जनपद बुलंदशहर**

# कार्यालय नगर पंचायत पहासू जनपद-बुलन्दशहर

पत्रांकः 159/न0पं0पहासू/2026-27 दिनांकः 24.07.2026

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता हैं, कि नगर पंचायत पहासू कर निर्धारण सूची में भवन कर में प्रस्तुत किये गयें साक्ष्यों पंजीकृत बैनामा/पंजीकृत बसीयत नामा/दानपत्र/विरासत के आधार पर उनके सामने अंकित भवन सं0 अपना नाम बतोर स्वामी दर्ज करने हेतु प्रार्थना-पत्र दिये हैं। उक्त नामान्तरण की कार्यवाही हेतु नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 (2) के अन्तर्गत सूचना जारी की जाती हैं, यदि किसी व्यक्ति को भवन नामान्तरण की कार्यवाही पर कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित इस नोटिस के प्रकाषन के 1 माह के अन्दर कार्यालय में किसी कार्यषील दिवस प्रस्तुत कर सकता है। वाद निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र0 सं0 | नाम क्रेता, पिता/पति व पता | नाम विक्रेता, पिता/पति व पता | नामान्तरण का आधार | सम्पत्ति स्थित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती सारदा देवी पत्नी श्री बनवारी सिंह, एवं प्रणवीर सिंह पुत्र श्री बनवारी सिंह नि0मौ0 अम्बेडकर नगर पहासू | श्री वनवारी सिंह पुत्र श्री शिव सिंह नि0मौ0 अम्बेडकर नगर पहासू | पंजीकृत बैनामा दिनांक 04.04.1983 | मौ0 अम्बेडकर नगर |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत पहासू**
**जनपद-बुलन्दशहर।**

# मुरादनगर में लायंस क्लब की सदस्यता व सम्मान वितरण समारोह का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** लायंस क्लब गाजियाबाद सर्वोत्तम द्वारा मुरादनगर में आयोजित




बैठक में पी.एम.जे.एफ. लायन सुनील निगम (पूर्व गवर्नर) द्वारा नए सदस्यों को मेंबरशिप सर्टिफिकेट तथा क्लब के स्पॉन्सरशिप प्रमाण पत्र वितरित किए गए। समारोह में लायन पिन का भी वितरण किया गया जिससे नए सदस्यों को संगठन के औपचारिक स्वागत का प्रतीक मिला।

कार्यक्रम की अध्यक्षता लायन विनोद जिंदल ने की, जबकि लायन अरुण भटनागर (महामंत्री) ने आयोजन का संचालन किया। लायन प्रमोद गोयल (कैशियर) ने आर्थिक और प्रशासकीय विवरण प्रस्तुत किए। समारोह में शिवकुमार गुप्ता, राकेश गर्ग, वीरेंद्र गर्ग और संजीव गर्ग समेत कई सदस्य उपस्थित रहे । उन्होंने क्लब की आगामी सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा की। पीएमजेएफ सुनील निगम ने सदस्यों को सेवा भाव और स्थानीय समाज के उत्थान के प्रति समर्पण की बात समझाई और नए सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें सक्रिय रूप से कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में सदस्यों ने आगामी सेवा परियोजनाओं पर विचार-विमर्श किया और मिलकर समाज कल्याण के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# नवाब सिंह नागर के आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** शहर विधानसभा के प्रताप विहार स्थित लीलावती स्कूल में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष आदरणीय श्री नवाब सिंह नागर जी का आगमन हुआ।

इस अवसर पर उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। अपने प्रेरणादायी संबोधन में नवाब सिंह नागर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित एवं निष्ठावान कार्यकर्ता हैं। बूथ अध्यक्ष संगठन की वह मजबूत कड़ी हैं, जो पार्टी की विचारधारा और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक परिवार तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कार्यकताओं से संगठन को बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा





कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता हमारे संगठन की शक्ति है और बूथ अध्यक्ष संगठन की नींव हैं। हमारे बूथ कार्यकताओं के परिश्रम, समर्पण और सक्रियता के बल पर ही भारतीय जनता पार्टी निरंतर सफलता के नए आयाम स्थापित कर रही है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश निरंतर विकास एवं जनकल्याण के पथ पर आगे बढ़ रहा है। हम सभी कार्यकताओं का दायित्व है कि सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों का लाभ जन-जन तक पहुंचाएं तथा संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाएं। कार्यकताओं का उत्साह, संगठन के प्रति समर्पण और भाजपा के प्रति अटूट विश्वास इस सम्मेलन में स्पष्ट रूप से देखने को मिला। इस अवसर पर पप्पू पहलवान ,शहर विधानसभा के शहर मंडल अध्यक्ष महीम गुप्ता, प्रताप विहार मंडल अध्यक्ष हेमराज माहौर, क्रासिंग मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, विजय नगर मंडल अध्यक्ष पवन शर्मा, लीलावती स्कूल के संगरक्षक सोनू बग्गा, पार्षद सहित अनेक कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# गुरु पूर्णिमा विशेषः राजा दशरथ जी की अनुपम गुरु-भक्ति

## गुरु पूर्णिमा विशेषः गुरु पूजा आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान करने वाले पूर्ण गुरु के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का पवित्र पर्व है

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** आईए गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर गुरु-भक्ति की लौ को प्रचण्ड करते हुए एक सच्चे गुरु-भक्त बन जाएँ दिव्य गुरु आशुतोष महाराज (संस्थापक एवं संचालक, दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान) आषाढ़ शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा- गुरु पूजा का परम पुनीत पर्व। आज का दिन तो उनका दिन है, जिन्होंने इस जीवन को पूर्णता प्रदान की। आज तो उनका दिन है, जिन्होंने तन-मन और समूचा जीवन भक्ति के मजीठ रंग में रंग दिया। निःसन्देह ऐसे ही अलौकिक आनन्द से वेद व्यास जी के शिष्य भी कृतार्थ हुए होंगे। तभी तो उन्होंने इस कृतार्थता को अभिव्यक्त करने के लिए 'गुरु पूजा' की परम्परा का शुभारम्भ किया। शताब्दियों पूर्व, आषाढ़ शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को महर्षि वेद व्यास जी का अवतरण हुआ था। वही वेद व्यास जी, जिन्होंने वैदिक ऋचाओं का संकलन कर चार वेदों के रूप में वर्गीकरण किया था। 18 पुराणों, 18 उप-पुराणों, उपनिषदों, ब्रह्मसूत्र, महाभारत आदि अतुलनीय ग्रंथों को लेखनीबद्ध करने का श्रेय भी इन्हें ही जाता है। ऐसे महान गुरुदेव के ज्ञान-सूर्य की रश्मियों में जिन शिष्यों ने स्नान किया, वे अपने गुरुदेव का पूजन किए बिना न रह सके। इसलिए शिष्यों ने उनके अवतरण के मंगलमय एवं पुण्यमयी दिवस को पूजन का दिन चुना। यही कारण है कि गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। तब से लेकर आज तक हर शिष्य अपने गुरुदेव का पूजन-वंदन इसी शुभ दिवस पर करता है। त्रेता-द्वापर में ऐसे अनन्य गुरु-भक्त हुए, जिनकी सुगन्धि से आज भी इतिहास सुरभित हो रहा है... रामायण, जिसे हम श्री राम की कथा का आधार कहते हैं, वो तो गुरु-भक्तों की कथाओं से भरी हुई है। ठीक से विश्लेषण करें, तो स्वयं महाराज दशरथ एक उत्तमकोटि के गुरु-भक्त हुए हैं। यह उनकी गुरु-भक्ति का ही तो प्रताप था, जिसने स्वयं भगवान को भी उनका पुत्र बनने को विवश कर दिया।महाराज दशरथ के पास सब कुछ है, लेकिन पुत्र-रत्न नहीं है। एक दिन यह ग्लानि उन्हें इतना पीड़ित करती है कि वे स्वयं को रोक नहीं पाते। ऐसे समय में उन्हें याद आती है, अपने गुरु वशिष्ठ जी की। इसलिए वे सीधे अग्रसर होते हैं, आश्रम की ओर। जब महाराज दशरथ ने अपना दुःख गुरु वशिष्ठ को सुनाया, तो गुरु ने एक नहीं चार-चार पुत्र होने का वर दे दिया। और फिर, पुत्र रूप में पाया भी तो किसे स्वयं जगतनियन्ता भगवान को! यही तो है गुरु का सामर्थ्य! वो रीझ जाएँ, तो भगवान को भी सहजता से झोली में डाल दें। इसलिए ऐसे सर्वसामर्थ्यवान गुरु को छोड़कर कौन है जो हमें कुछ दे सकता है मूढ़ होते हैं वो लोग, जो ऐसे गुरु को तजकर इधर-उधर पीरों-फकीरों के दर पर माथे रगड़ते हैं।ऐसा नहीं है कि दशरथ जी को गुरु की याद तभी आई जब उनके जीवन में दुःख का अंधेरा व्याप्त था। जैसे ही खुशियों की पौ फटी, तब भी सबसे पहले उन्हें अपने गुरु का स्मरण हो आया। जैसे ही उन्हें पुत्रों के जन्म का समाचार



मिला, तो सबसे पहले गुरु वसिष्ठ जी को ही बुलाया गया और पुत्रों का पहला मुखदर्शन भी उन्हें ही कराया गया। उसके बाद ही अन्य सगे-सम्बन्धियों को सूचित किया गया। यह है आदर्श गुरु-भक्त, जो केवल दुःख में ही नहीं अपितु सुख में भी अपने गुरु को प्रथम स्थान देता है। यही नहीं, जब श्री राम के नामकरण का समय आया, तब भी महाराज दशरथ ने यह नहीं सोचा कि पुत्र प्राप्ति तो मेरा एक स्वप्न था। इसलिए अपने पुत्रों के नाम मैं स्वयं अपनी इच्छा से रखूँ। अपितु यहाँ भी गुरु-भक्त दशरथ ने अपने गुरु को ही यह अधिकार दिया। दशरथ जब तक जीए, उनका हृदय सदा गुरु-प्रेम से सराबोर रहा। इसीलिए तो गोस्वामी जी को उनके विषय में कहना पड़ा- आजीवन दशरथ जी ने गुरु चरणों की ही पूजा की और हृदय में गुरु-प्रेम को ही स्थान दिया। गोस्वामी जी अपनी वाणी में लिखते हैं - जो गुरु चरणों की रज को अपने शीश पर धारण करते हैं, वे संसार व अध्यात्म जगत के सब ऐश्वर्य वश में कर लेते हैं। यह मेरे जीवन का अनुभव है कि गुरु चरणों की पावन रज पाकर सब कुछ पाया जा सकता है।

अतः साधकों, हम भी अपनी गुरु-भक्ति की लौ को प्रचण्ड कर एक सच्चे गुरु-भक्त बन जाएँ; और अपने राम को प्राप्त कर जीवन सफल कर जाएँ। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से सभी पाठकों को श्री गुरु पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएँ।

# 13 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ मिला युवक, मचा हड़कंप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** जिले में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक के साथ 13 वर्षीय नाबालिग लड़की के होने की सूचना सामने आई।

**राष्ट्रीय हनुमान दल ने दोनों को पुलिस के हवाले किया, हर पहलू की गहन जांच में जुटी पुलिस,अफवाहों से बचने की अपील**

सूचना मिलते ही राष्ट्रीय हनुमान दल, जिला गाजियाबाद के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने युवक और नाबालिग लड़की को अपने संरक्षण में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस पूरे घटनाक्रम की हर पहलू से जांच कर रही है और जांच पूरी होने के बाद ही आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

राष्ट्रीय हनुमान दल के जिला अध्यक्ष राजकुमार गोस्वामी ने बताया कि संगठन को सूचना मिली थी कि एक युवक एक नाबालिग लड़की को अपने साथ लेकर आया है। सूचना मिलते ही वह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। संगठन का दावा है कि लड़की हिंदू समुदाय से है और उसकी उम्र लगभग 13 वर्ष 3 माह है। इसके बाद युवक और नाबालिग लड़की को तत्काल पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया, ताकि मामले की निष्पक्ष जांच हो सके। सूचना मिलने पर पुलिस ने दोनों को अपने संरक्षण में लिया और प्रारंभिक पूछताछ शुरू की। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि दोनों की पहचान क्या है, वे एक-दूसरे को कैसे



जानते हैं, नाबालिग लड़की युवक के साथ किन परिस्थितियों में थी तथा पूरे घटनाक्रम के पीछे वास्तविक तथ्य क्या हैं। साथ ही दोनों के परिजनों से भी संपर्क किया जा रहा है और आवश्यक दस्तावेजों के आधार पर उम्र व अन्य तथ्यों का सत्यापन किया जा रहा है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए जांच पूरी गंभीरता और निष्पक्षता के साथ की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अधिकारियों ने आमजन से अपील की है कि मामले को लेकर किसी भी प्रकार की अपुष्ट सूचना, अफवाह या भ्रामक पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा न करें, क्योंकि इससे जांच प्रभावित हो सकती है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जांच पूरी होने के बाद ही पूरे घटनाक्रम की वास्तविक स्थिति सामने आएगी और कानून के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# नीट परीक्षा प्रश्नपत्र लीक प्रकरण का विरोध, निष्पक्ष जांच की मांग की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग के संबंध में दिनांक 25.07.2026 से जिला कलेक्ट्रेट, गाजियाबाद परिसर में प्रस्तावित शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन की पूर्व सूचना। डॉ. बी.आर. अंबेडकर जन्मोत्सव आयोजन समिति, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद द्वारा देशभर के विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के हितों को दृष्टिगत रखते हुए नीट (NEET) परीक्षा प्रश्नपत्र लीक प्रकरण के विरोध, उक्त प्रकरण की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच, दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई तथा इस प्रकरण की नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग के समर्थन में दिनांक 25 जुलाई 2026 से जिला कलेक्ट्रेट (डीएम कार्यालय), गाजियाबाद पर शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।



उक्त धरना-प्रदर्शन दिनांक 25.07.2026 को प्रातः 11:00 बजे से प्रारंभ होगा। यह कार्यक्रम भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(a) एवं 19(1)(b) द्वारा प्रदत्त अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा शांतिपूर्वक एवं निरस्त्र होकर एकत्र होने के मौलिक अधिकारों के अनुरूप पूर्णतः शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक एवं विधिसम्मत तरीके से आयोजित किया जाएगा।

समिति यह भी आश्वस्त करती है कि कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक शांति, कानून एवं व्यवस्था, यातायात व्यवस्था तथा जनसुविधाओं में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न नहीं होने दिया जाएगा तथा जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा समय-समय पर जारी समस्त विधिक निर्देशों, शर्तों एवं आदेशों का पूर्णतः अनुपालन किया जाएगा। कि उपर्युक्त प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन की सूचना अभिलेखित करने का कष्ट करें तथा कार्यक्रम के शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित संचालन हेतु आवश्यक प्रशासनिक एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की कृपा करें।

# गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी के एम/2-704 फ्लैट की रसोई में लगी आग, गार्डों की सूझबूझ से बचा बड़ा हादसा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी के एम/2 टॉवर स्थित फ्लैट संख्या 704 की रसोई में गुरुवार शाम करीब 5:45 बजे अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। घटना के समय घर की महिला खाना बना रही थीं। इसी दौरान गैस चूल्हे के ऊपर लगी चिमनी में

**खाना बनाते समय चिमनी में भड़की आग, पूरे फ्लैट में फैला धुआं, फायर एनओसी और सुरक्षा व्यवस्था पर फिर उठे सवाल**

अचानक आग भड़क उठी।

आग लगते ही कुछ ही क्षणों में पूरी रसोई और फ्लैट में धुआं ही धुआं भर गया। धुएं के कारण परिवार के सदस्य घबरा गए और तत्काल सोसाइटी के सुरक्षा गार्डों को सूचना दी। समय रहते सूचना मिलने से बड़ा हादसा टल गया।

सूचना मिलते ही सिक्योरिटी सुपरवाइजर सऊद खान दो सुरक्षा गार्डों के साथ अग्निशामक सिलेंडर लेकर मौके पर पहुंचे। उन्होंने बिना समय गंवाए आग बुझाने का कार्य शुरू किया और कुछ ही देर में चिमनी में लगी आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। गार्डों की तत्परता, साहस और सूझबूझ के चलते आग पूरे फ्लैट में फैलने से पहले ही बुझा दी गई, जिससे बड़ा नुकसान होने से बच गया।

हालांकि इस घटना ने एक बार फिर सोसाइटी की अग्नि सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। निवासियों का कहना है कि गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी के पास अभी तक वैध फायर एनओसी नहीं है, जबकि इससे पहले भी सोसाइटी में आग लगने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। एक सुरक्षा गार्ड ने बताया कि सोसाइटी के मुख्य गेट पर रखे अधिकांश अग्निशामक सिलेंडर खाली पड़े हैं और केवल एक अग्निशामक सिलेंडर ही उपयोग योग्य स्थिति में हैं। यदि आग अधिक फैल जाती तो स्थिति बेहद गंभीर हो सकती थी। साथ ही सोसाइटी में आग बुझाने के लिए कोई प्रशिक्षित फायर स्टाफ भी तैनात नहीं है। घटना के बाद निवासियों में आरडब्ल्यूए के प्रति भारी नाराजगी है। उनका कहना है कि लगातार आग की घटनाओं और सुरक्षा संबंधी कमियों के बावजूद आरडब्ल्यूए ने अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रभावी कदम नहीं



उठाए हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को समाजसेवी एवं सोसाइटी निवासी गौरव बंसल ने जिलाधिकारी गाजियाबाद से मुलाकात कर पूरे मामले का विस्तृत शिकायती पत्र सौंपा। पत्र में सोसाइटी की अग्नि सुरक्षा व्यवस्था, फायर एनओसी, खाली पड़े अग्निशामक सिलेंडरों, अग्निशमन उपकरणों की स्थिति तथा बार-बार हो रही आग की घटनाओं का उल्लेख करते हुए मामले की जांच कराने और जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की गई। साथ ही मुख्य अग्निशमन अधिकारी (फायर विभाग) से भी पूरे प्रकरण की जांच कर आवश्यक कदम उठाने की मांग की गई है।

आग पर समय रहते काबू पाने के बाद एम/2-704 फ्लैट के निवासियों ने सिक्योरिटी सुपरवाइजर सऊद खान एवं उनके साथ पहुंचे सुरक्षा गार्डों की तत्परता, साहस और सूझबूझ की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। परिजनों ने कहा कि यदि गार्ड समय पर अग्निशामक यंत्र लेकर मौके पर नहीं पहुंचते तो आग विकराल रूप ले सकती थी और बड़ा हादसा हो सकता था।

घटना के बाद सोसाइटी के अन्य निवासियों ने भी सुरक्षा गार्डों की त्वरित कार्रवाई की प्रशंसा की।

# विश्व आईवीएफ दिवस : समय पर जांच और सही उपचार है सफलता की कुंजीः डॉ. अर्चना शर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** माता-पिता बनने का सपना हर दंपति की सबसे बड़ी इच्छा होती है, लेकिन बदलती जीवनशैली,




बढ़ता तनाव, अनियमित खानपान और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण आज बांझपन के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। चिकित्सा विज्ञान की आधुनिक तकनीक इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) ने ऐसे लाखों दंपतियों के जीवन में नई उम्मीद जगाई है, जो प्राकृतिक रूप से संतान सुख प्राप्त नहीं कर पा रहे थे। 25 जुलाई को विश्व आईवीएफ दिवस के अवसर पर विशेषज्ञों ने लोगों से समय रहते जांच कराने और भ्रांतियों से दूर रहने की अपील की है। गाजियाबाद गणेश अस्पताल की चेयरपर्सन डॉ. अर्चना शर्मा ने बताया कि आईवीएफ केवल एक उपचार नहीं, बल्कि उन परिवारों के लिए उम्मीद की किरण है जो वर्षों से संतान प्राप्ति का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले लोग समाज के डर या गलत धारणाओं के कारण इलाज कराने से बचते थे, लेकिन अब जागरूकता बढ़ने के साथ आईवीएफ तकनीक को अपनाने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। डॉ. शर्मा के अनुसार, यदि कोई दंपति एक वर्ष तक नियमित प्रयास के बावजूद गर्भधारण नहीं कर पाता है, तो उसे बिना देर किए स्त्री एवं पुरुष दोनों की जांच करानी चाहिए। यदि महिला की आयु 35 वर्ष से अधिक है, तो छह महीने तक गर्भधारण न होने पर ही विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए।

समय पर जांच और उचित उपचार से सफलता की संभावना काफी बढ़ जाती है।

**क्या है आईवीएफ?**

आईवीएफ एक ऐसी आधुनिक प्रजनन तकनीक है, जिसमें महिला के अंडाणु और पुरुष के शुक्राणु को प्रयोगशाला में निषेचित कर भ्रूण तैयार किया जाता है। इसके बाद स्वस्थ भ्रूण को महिला के गर्भाशय में प्रत्यारोपित किया जाता है। यह तकनीक उन दंपतियों के लिए विशेष रूप से प्रभावी मानी जाती है, जिनमें प्राकृतिक गर्भधारण संभव नहीं हो पाता।

**कार्यवाही शुरू** — गाजियाबाद में पूर्ण रूप से प्लास्टिक मुक्त होगी कावड़ यात्रा, नगर निगम का प्रयास : नगर आयुक्त


# कावड़ यात्रा महोत्सव को लेकर गाजियाबाद नगर निगम की कार्यवाही शुरू, रूट सवारने में जुटे विभाग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार गाजियाबाद नगर निगम के सभी विभाग कांवड़ यात्रा महोत्सव को सफल बनाने के क्रम में कावड़ यात्रा रूट पर व्यवस्था बनाने में जुटे हुए हैं, नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में उद्यान विभाग, निर्माण विभाग, प्रकाश विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कार्यवाही प्रारंभ कर दी है मेरठ रोड से लेकर ज्ञानी बॉर्डर तक, तथा मोहन नगर से कौशांबी और यूपी गेट तक अभियान के रूप में कार्य चल रहा है, कावड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं को सुविधाजनक मार्ग देने के लिए निगम की तीव्र गति से कार्यवाही चल रही है जिसमें उद्यान विभाग अनावश्यक बढ़ी हुई टहनियां और झाड़ियां को हटा रहा है, निर्माण विभाग रूट पर सड़क के छोटे छोटे गड्ढों को भी भरने का काम कर रहा है, प्रकाश विभाग द्वारा लाइट के खम्बो पर फ्लेक्स लगाकर करंट ना लगे बचाव की व्यवस्था की जा रही है, इसी क्रम में जलकल तथा स्वास्थ्य विभाग भी अभियान







के रूप में मार्ग को व्यवस्थित करने का कार्य कर रहा है ' नगर आयुक्त द्वारा बताया गया नगर निगम के सभी विभाग कावड़ मार्ग को व्यवस्थित करने में लगे हुए हैं नियमित होने वाली व्यवस्था से अलग हटकर अभियान के रूप में कार्य किया जा रहा है, गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत क्षेत्र में कावड़ यात्रा महोत्सव को पूर्ण रूप से प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए भी नगर निगम की टीम कार्य कर रही है जिसमें विशेष रूप से स्वास्थ्य विभाग की भूमिका दिखाई दे रही है नगर आयुक्त के निदेर्शानुसार कावड़ रूट मार्ग में लगने वाले कैंप पर भी प्रतिबंध प्लास्टिक का उपयोग ना हो ध्यान रखा जा रहा है कावड़ महोत्सव में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों, भंडारों में भी प्लास्टिक का उपयोग न किया जाए निगम द्वारा अपील की जा रही है '

कावड़ महोत्सव को सफल बनाने के लिए नगर निगम की तैयारी शुरू हो गई है निर्माण विभाग बैरिकेडिंग कर रहा है, उद्यान विभाग आवश्यक रूप से पेड़ों की कटिंग कर रहा है सड़कों तथा मार्गो में आने वाली अनचाही टहनियों को हटाया जा रहा है, वरिष्ठ अधिकारियों की मॉनिटरिंग में नगर निगम की सभी विभागों की कार्यवाही कावड़ रूट पर प्रारंभ की जा चुकी है ' मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी द्वारा बताया गया की दुहाई से लेकर मेरठ रोड होते हुए तुलसी निकेतन बॉर्डर, मोहन नगर से ज्ञानी बॉर्डर, मोहन नगर से इंदिरापुरम की ओर जाने वाले क्षेत्र में भी आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है ।

# आरपीएफ व जीआरपी की संयुक्त टीम ने मोबाइल चोर दबोचे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** शुक्रवार को आरपीएफ व



जीआरपी की संयुक्त टीम ने प्लेटफार्म संख्या-02 पर टावर वैगन के पास से देकर तीन शातिर मोबाइल चोरों को गिरफ्तार किया है।

प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार तिवारी ने समय 03:38 बजे प्लेटफार्म संख्या-02 पर टावर वैगन के पास संयुक्त टीम द्वारा जांच की जा रही थी। तीन चोरों को दबोच लिया। जिनके पास से 6 मोबाइल फोन लगभग 2,10,000 रुपए (दो लाख दस हजार रुपये) है। पकडे गये अभियुक्तों में आनीफ पुत्र आरिफ, निवासी मोहल्ला सराय मियाँ, कादर वाली गली, थाना देहली गेट, अलीगढ़, संजय पुत्र सूरज प्रताप परमार निवासी ब्राह्मणपुरी, थाना सासनी गेट, अलीगढ़ और धर्मवीर पुत्र अवधेश निवासी - ग्राम वाजिदपुर, थाना सहसवान, जनपद बदायूँ शामिल है। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा स्वीकार किया गया कि उक्त मोबाइल फोन उन्होंने अलग-अलग समय पर ट्रेनों में यात्रा कर रहे यात्रियों से चोरी किए थे।

# 47 लाख उपभोक्ताओं का बढ़ाया गया बिजली लोड वापस लेने की मांग, व्यापार मंडल ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अतरौली।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश (पंजीकृत) की अतरौली, जिरौली धूम सिंह, काजिमाबाद एवं नहल इकाइयों ने संयुक्त रूप से गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम छह सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी अतरौली को सौंपा। व्यापारियों ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) द्वारा प्रदेश के करीब 47 लाख बिजली उपभोक्ताओं का बिना पूर्व सूचना और सहमति के स्वीकृत विद्युत भार (लोड) बढ़ाए जाने का विरोध करते हुए इस निर्णय को तत्काल वापस लेने की मांग की।



जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश वार्ष्णेय एवं नगर अध्यक्ष दुर्गेश कुमार वार्ष्णेय के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि यूपीपीसीएल ने ग्रामीण, शहरी, वाणिज्यिक और कृषि उपभोक्ताओं का विद्युत भार एकतरफा तरीके से बढ़ाकर उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन किया है। व्यापारियों का कहना है कि उत्तर प्रदेश विद्युत आपूर्ति संहिता-2005 के अनुसार किसी भी उपभोक्ता का स्वीकृत भार बढ़ाने से पहले एक माह पूर्व लिखित सूचना देना अनिवार्य है, जबकि इस मामले में बिना नोटिस दिए बिलिंग सॉफ्टवेयर के माध्यम से लोड बढ़ा दिया गया।नगर अध्यक्ष दुर्गेश कुमार वार्ष्णेय ने कहा कि यह निर्णय विशेष रूप से नॉन-स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं के साथ अन्याय है। उन्होंने आरोप लगाया कि उपभोक्ता अधिकार नियम-2020 (संशोधित 2023) का हवाला देकर पुराने मीटर वाले लाखों उपभोक्ताओं पर ऐसे नियम लागू किए जा रहे हैं, जो उन पर लागू ही नहीं होते।व्यापारी नेता योगेश वार्ष्णेय ने कहा कि एकतरफा लोड वृद्धि के कारण गरीब, ग्रामीण एवं छोटे व्यापारियों पर अतिरिक्त फिक्स्ड चार्ज का आर्थिक बोझ पड़ेगा और अनेक उपभोक्ता बिजली सब्सिडी के दायरे से बाहर हो जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि बिना विद्युत ढांचे की क्षमता बढ़ाए कागजी रूप से लोड बढ़ाने से ट्रांसफार्मरों और बिजली व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव पड़ेगा।ज्ञापन में व्यापारियों ने मांग की कि बिना लिखित सहमति और वैधानिक नोटिस के बढ़ाया गया अतिरिक्त विद्युत भार तत्काल निरस्त किया जाए, बिलिंग व्यवस्था पूर्ववत की जाए, पूरे मामले की स्वतंत्र उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा पूर्व में बिजली बिलों में लगाए गए ईंधन अधिभार को भी वापस लिया जाए। इस दौरान योगेश वार्ष्णेय, हृदेश वार्ष्णेय, संदीप वार्ष्णेय, कपिल गुप्ता, सुनील वर्मा, विवेक वार्ष्णेय, गोपाल वार्ष्णेय, राजकुमार, अरुण गोपाल, तुलसी वार्ष्णेय, ज्ञानेश वार्ष्णेय, गौरव गणेश वार्ष्णेय सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

# 02 अभियुक्तों को मय चोरी की हुई 03 भैंस, घटना में प्रयुक्त 01 छोटा हाथी गाड़ी सहित गिरफ्तार किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** थाना गोरई पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान 02 अभियुक्त 1. राजेश पुत्र राजुउद्दीन निवासी मौहल्ला व्यापारियान कस्बा व थाना महावन जनपद मथुरा 2. मुकेश पुत्र सुलेमान निवासी मौहल्ला व्यापारियान कस्बा व थाना महावन जनपद मथुरा को मय चोरी की हुई 03 भैंस व घटना में प्रयुक्त 01 छोटा हाथी गाड़ी सहित थाना क्षेत्र गोरई से गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317 (2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी।पूछताछ का विवरण- गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ की गई तो बताया कि चोरी की गयी भैंसो को एलाना फैक्ट्री मे काम करने वाले आंसू पुत्र सलीम निवासी मौहल्ला व्यापारियान कस्बा व थाना महावन जनपद मथुरा को हम लोग एलाना फैक्ट्री मे जाकर देते है, जिसके पास फैक्ट्री का कार्ड है, आंसू उपरोक्त चोरी की गयी भैंसो को तुरन्त कटवा देता था, और हम फर्जी नम्बर प्लेट गाडी मे रखते है, जिसे घटना करने से पूर्व गाडी मे लगा लेते है तथा घटना के उपरान्त नम्बर प्लेट को बदल देते है। गिरफ्तार अभियुक्त पुलिस टीम- उ0नि0 श्री सुदीप कुमा ,उ0नि0 श्री अच्युतानन्द राय,उ0नि0 श्री दीपक कुमार ,कां0 भगवान शंकर ,कां0 पप्पन शामिल रहे।




# श्रावण मास की तैयारियों को लेकर एसडीएम अतरौली ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अतरौली।** आगामी श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी अतरौली ने तहसील सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में श्रद्धालुओं और कांवड़ियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं को समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।



उपजिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को अतरौलीझरामघाट मार्ग पर विशेष साफ-सफाई अभियान चलाने, पर्याप्त पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने, मार्ग प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने तथा विद्युत पोलों पर पॉलीथिन कवरिंग कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा मार्ग पर मौजूद गड्ढों को तत्काल भरवाकर सड़क को सुरक्षित एवं सुगम बनाने पर भी जोर दिया गया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि कांवड़ यात्रा के दौरान प्रमुख स्थानों पर चिकित्सा शिविर लगाए जाएं तथा कांवड़ियों को आवश्यक उपचार, प्राथमिक चिकित्सा और एंबुलेंस जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए समयबद्ध तरीके से तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर सभी थाना प्रभारी, तहसीलदार अतरौली, नायब तहसीलदार अतरौली एवं छर्रा, नगर पालिका परिषद के कर्मचारी, विद्युत विभाग के एसडीओ, स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा अधीक्षक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।यदि चाहें, इसे अमर उजाला या दैनिक जागरण की शैली में और अधिक प्रभावशाली बनाया जा सकता है।

# 37 मेगावाट सौर क्षमता के साथ ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ा अलीगढ़

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से जिला ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। जिले में अब तक 12726 सोलर रूफटॉप प्लांट की स्थापना हो चुकी है जिनकी क्षमता लगभग 37 मेगावाट है, जिससे प्रतिदिन लगभग 1,66,500 यूनिट हरित विद्युत का उत्पादन हो रहा है। इससे न केवल स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा को बढ़ावा मिल रहा है, बल्कि उपभोक्ताओं के बिजली व्यय में भी उल्लेखनीय कमी आ रही है।

योजना के तहत स्थापित सौर संयंत्रों से जिले के उपभोक्ताओं को प्रतिदिन लगभग 9.99 लाख रुपये के विद्युत बिल की बचत हो रही है। इससे आमजन की आर्थिक बचत के साथ-साथ पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता भी कम हो रही है। इस योजना के संचालन की अवधि 31 मार्च 2027 तक है इस कारण उपभोक्ताओं का रुझान इस योजना के प्रति बढ़ रहा है और प्रतिदिन जिले में लगभग 60 संयंत्र प्रतिदिन स्थापित हो रहे हैं सोलर रूफटॉप स्थापना में जिला अलीगढ़ प्रदेश में 14वें स्थान पर है जबकि एक माह में सर्वाधिक सिस्टम संयंत्र लगाने में आठवें स्थान पर है।



जिला अधिकारी अविनाश कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी योगेंद्र कुमार द्वारा नियमित बैठक आयोजित कर प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के पात्र उपभोक्ताओं को समयबद्ध स्वीकृति, बैंक ऋण सुविधा और अधिकृत वेंडरों के माध्यम से संयंत्र स्थापना की प्रक्रिया को लगातार गति दी जा रही है। इसके साथ ही सूचना एवं नेडा विभाग द्वारा व्यापक प्रचार प्रसार कराया जा रहा है। जिला प्रशासन का लक्ष्य अधिकाधिक परिवारों को योजना से जोड़ते हुए जिले को स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी बनाना है। डीएम अविनाश कुमार का कहना है कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना जिले में हरित विकास, ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा का प्रभावी माध्यम बनकर उभर रही है। बढ़ती सौर क्षमता न केवल जिले की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को भी मजबूती प्रदान कर रही है।

# किशोर को ट्रैक्टर ने रौंदा, मौके पर मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** शुक्रवार को विजयगढ़ थाना क्षेत्र के गांव सिंहपुर में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से 14 वर्षीय किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।



मृतक की पहचान गांव सिंहपुर निवासी विजेंद्र कुमार उर्फ पप्पू के 14 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार के रूप में हुई है। रोहित गली में खेल रहा था, तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसे रौंद दिया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक किशोर के परिजनों में चीख-पुकार मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने किशोर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल ट्रैक्टर को भी हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया है। इस संबंध में उपनिरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर की चपेट में आने से किशोर की मौत हुई है और पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### इगलास तहसील में वर्षों से जलभराव और कच्चे रास्ते की समस्या, वकील व फरियादी रोज हो रहे परेशान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ।** इगलास तहसील परिसर में वर्षों से जलभराव और कच्चे रास्ते की समस्या बनी हुई है, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं हो सका है। हर बारिश के बाद तहसील परिसर की सड़कें और रास्ते पानी व कीचड़ से भर जाते हैं, जिससे अधिवक्ताओं, फरियादियों और आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।



तहसील परिसर में ही उप जिलाधिकारी (एसडीएम), तहसीलदार और क्षेत्राधिकारी (सीओ) के सरकारी आवास स्थित हैं। इसके बावजूद लंबे समय से चली आ रही इस समस्या पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी है। प्रतिदिन सैकड़ों लोग अपने राजस्व, प्रमाण पत्र, भूमि विवाद और अन्य कार्यों के लिए तहसील पहुंचते हैं, लेकिन जलभराव और कच्चे रास्ते के कारण उन्हें कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। अधिवक्ताओं का कहना है कि कई बार फिसलन के कारण दुर्घटना होने का खतरा भी बना रहता है स्थानीय लोगों और अधिवक्ताओं का कहना है कि कई बार इस समस्या की शिकायत संबंधित अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि तहसील परिसर में जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था कराई जाए तथा कच्चे रास्ते को शीघ्र पक्का कराया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके। तहसील जैसे महत्वपूर्ण सरकारी परिसर में वर्षों से बनी यह बदहाली प्रशासनिक व्यवस्था और विकास कार्यों पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।

### लेखपाल पर रिश्वत लेने का आरोप, वीडियो वायरल; एसडीएम से की गई जांच और कार्रवाई की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अतरौली (अलीगढ़)।** तहसील अतरौली क्षेत्र में एक हल्का लेखपाल पर रिश्वत लेने का आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में कथित तौर पर रुपये दिए जाने का दृश्य दिखाई देने का दावा किया जा रहा है। हालांकि, वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। इस मामले में ग्राम कल्याणपुर रानी निवासी चंद्रपाल सिंह ने उपजिलाधिकारी अतरौली को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि क्षेत्र के हल्का लेखपाल ने अभिलेखों में नाम संबंधी



त्रुटि ठीक कराने के नाम पर 2,000 लिए। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि इससे पहले उनके पिता के निधन के बाद उत्तराधिकारी का नाम दर्ज कराने के लिए भी 3,000 की अवैध धनराशि ली गई थी। शिकायतकर्ता ने उपजिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित लेखपाल के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। वहीं, सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को लेकर भी लोगों में चर्चा बनी हुई है। वीडियो की प्रामाणिकता और उसमें दिख रहे घटनाक्रम की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। प्रशासन की जांच के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# एएमयू के शोधार्थी ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्र प्रस्तुत किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के कृषि अर्थशास्त्र एवं व्यवसाय प्रबंधन विभाग के शोधार्थी अब्दुल्ला इमरान ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली के पश्चिम एशियाई अध्ययन केंद्र द्वारा आयोजित




भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्र प्रस्तुत किया। यह सम्मेलन ह्यस्थिरता के लिए उच्च शिक्षा की पुनर्कल्पनाः भारत और खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) देशों में गुणवत्ता तथा नवाचारी वित्तपोषण की व्यवस्थाएंह्न विषय पर आयोजित किया गया।

विभाग के डॉ. मोहम्मद शम्सुज्जमा के निर्देशन में शोध कर रहे अब्दुल्ला इमरान ने ह्ययूपीआई आधारित वित्तीय समावेशनः भारत में सतत उच्च शिक्षा की पुनर्कल्पनाह्न विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। अपने अध्ययन में उन्होंने यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) की वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में भूमिका का विश्लेषण किया तथा बताया कि डिजिटल भुगतान प्रणाली किस प्रकार भारत के उच्च शिक्षा क्षेत्र में पहुंच, वहनीयता, पारदर्शिता और स्थिरता को मजबूत कर सकती है।

# एएमयू डेंटल कालिज के स्नातकोत्तर छात्र को प्रतिष्ठित सीडीज शोध छात्रवृत्ति प्रदान की गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के डॉ. जियाउद्दीन अहमद डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल के बाल एवं निवारक दंत चिकित्सा विभाग के स्नातकोत्तर छात्र मनीष कुमार सिंह को प्राथमिक दांतों के नवीन उपचार पर आधारित उनके शोध प्रस्ताव के लिए प्रतिष्ठित सीडीज (सीईडीईईएस) शोध छात्रवृत्ति अनुदान प्रदान किया गया है।

उनका शोध प्रस्ताव ह्यप्राथमिक निचली दाढ़ों के उपचार में त्रि-आयामी मुद्रित रेजिन क्राउन और पूर्वनिर्मित जिरकोनिया क्राउन का तुलनात्मक मूल्यांकनः पर आधारित था। अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता, नवाचारी दृष्टिकोण तथा बाल दंत चिकित्सा के क्षेत्र में संभावित महत्वपूर्ण योगदान के आधार पर सीडीज छात्रवृत्ति चयन समिति द्वारा चयनित किया गया। मनीष कुमार ने यह शोध कार्य बाल एवं निवारक दंत चिकित्सा विभाग की अध्यक्ष प्रो. साइमा यूनुस खान के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।



प्रो. साइमा यूनुस खान ने मनीष कुमार सिंह को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह छात्रवृत्ति विभाग में हो रहे उच्च गुणवत्ता वाले शोध कार्य का प्रमाण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह अध्ययन बाल दंत चिकित्सा सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

**प्रदर्शन** उग्र सपा कार्यकताओं की पुलिस से नौंक-झौंक, पुलिस इंस्पेक्टर का दौडाया

# कलेक्ट्रेट पर कांग्रेस व सपा कार्यकर्ताओं का विशाल प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** शुक्रवार को कांग्रेस नेताओं द्वारा कलेक्ट्रेट पर दिल्ली में जंतर मंतर पर धरना दे रहे, छात्र व छात्राएं पर लाठी चार्ज राहुल व प्रियंका गांधी जी हिरासत में लिए जाने के विरोध में कांग्रेसी जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ शेरपाल सिंह सविता जी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पर धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया।

संचालन पूर्व महानगर अनवर ने किया। शेर पाल सिंह सविता ने कहा है कि जंतर मंतर पर छात्र-छात्राओं के साथ बलपूर्वक उन पर बर्बरता चार्ज घोर निंदा करते हुए छात्र-छात्राओं की आवाज उठाने के लिए, देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पीएम आवास के सामने शांतिपूर्वक समस्त सांसदों के साथ छात्रों की आवाज बुलंद करने गए थे। वहां पर राहुल गांधी प्रियंका गांधी वरिष्ठ कांग्रेसियों के साथ मोदी सरकार की पुलिस ने उनके साथ खींचतान व धक्का मुक्की बबल पूर्वक बर्बरता दिखाते हुए वहां से घसीट हुए मंदिर थाने ले गए इसकी हम घोर निंदा करते हैं। विपक्ष के नेता का लोकतंत्र में अपनी आवाज बुलंद करने का अधिकार नहीं है ऐसी मोदी सरकार को छात्र कभी बर्दाश्त नहीं कर सकेंगे

इस दौरान मौजूद राष्ट्रीय सचिव श्यौराज जीवन ने कहा है, हम ओबीसी बैनर तले आज हम मांग करते हैं कि देश के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान व देश के गृहमंत्री अमित शाह अपना इस्तीफा दें,



कांग्रेस की महासचिव पूर्व प्रतिमा सिंह जी ने कहा कि छात्र व छात्राओं के साथ जो अभद्र व्यवहार किया गया है हमारी सांसद प्रियंका गांधी जी के साथ बलपूर्वक गिरफ्तार किया गया है इस घटना घोर विरोध करते हैं। इस मौके पर स्वराज जीवन, ठाकुर संतोष सिंह, गिरवर शर्मा, प्रतिमा सिंह, अजय शर्मा, राजेश राज जीवन, अनवर, अखिल, सुरेंद्र उपाध्याय, दीपक पाठक, सतीश चंद्र गांधी, प्रभात सैनी, अनवर, अखिल, गुलाम, बारिश, गौरव सविता, मिथिलेश, सुशीला देवी, अंजू शर्मा, राधा वर्मा, कमलेश, गुड्डी देवी, शबनम, सत्य प्रकाश लोधी, कमलकांत शर्मा, लक्ष्मी नारायण, बसी अहमद, रामगोपाल रैना, वीरेंद्र कांग्रेसी आप उपस्थित रहे।

वहीं दूसरी ओर कलेक्ट्रेट पर समाजवादी पार्टी के धरना-प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारी और थाना सिविल लाइन इंस्पेक्टर सतवीर के बीच झड़प हुई। इंस्पेक्टर सतवीर को को समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने दौड़ा दिया। इसी दौरान इंस्पेक्टर ने सपाईयों को उग्र होता देख अपनी रिवाल्वर को होल्स्टर से बाहर निकाल हाथ में पकड़ लिया। नीट पेपर परीक्षा और केंद्र सरकार मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की स्थिति की मांग को लेकर सपा का प्रदर्शन चल रहा था, इसी दौरान पुलिस को भनक लगी कि सपा के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री का पुतला फूंक सकते हैं, इसको लेकर पुलिस और प्रदर्शन कर रहे लोगों में नोक झोंक शुरू हो गई।

# बीएसए ने प्रत्येक बच्चे को निपुण बनाने की रणनीतियों पर बल दिया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आधारित पाँच दिवसीय ब्लॉक स्तरीय संदर्भदाता प्रशिक्षण शुक्रवार को संपन्न हुआ। डायट प्राचार्य श्रीमती ज्योति दीक्षित,जिला



बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपा भाटी एवं वरिष्ठ लेक्चरर राशिद के द्वारा सभी ब्लॉक स्तरीय सन्दर्भदाताओं को संबोधित करते हुए सभी प्रतिभागियों से प्रशिक्षण को पूर्ण मनोयोग, सक्रिय सहभागिता एवं नवाचारपूर्ण दृष्टिकोण के साथ शिक्षकों तक पहुंचाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान एवं कौशल का प्रभावी क्रियान्वयन विद्यालयों में बच्चों के अधिगम स्तर को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जिला

**बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आधारित पाँच दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न**

बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपा भाटी ने निपुण भारत मिशन के उद्देश्यों,बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान की अनिवार्यता तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के माध्यम से प्रत्येक बच्चे को निपुण बनाने की रणनीतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे जनपदीय संदर्भदाता निखिल रावत (जिला समन्वयक) नंदकिशोर, पिंटू,भारत शर्मा एवं सोहन वीर सिंह द्वारा प्रशिक्षण के प्रथम दिवस के विभिन्न सत्रों का संचालन किया गया। उन्होंने निपुण भारत मिशन के विस्तारित लक्ष्यों, कक्षावार प्रिंट-रिच वातावरण, कक्षा 4 की नवीन एनसीईआरटी आधारित पाठ्यपुस्तकों वीणा' एवं गणित मेला में किए गए परिवर्तनों, गतिविधि-आधारित शिक्षण,नवीन शिक्षण पद्धतियों तथा अधिगम परिणामों पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही नवीन पाठों के उद्देश्य,अभ्यास कार्य एवं विभिन्न अवधारणाओं को प्रभावी ढंग से कक्षा-कक्ष में लागू करने के व्यावहारिक उपायों पर प्रतिभागियों के साथ संवाद स्थापित किया।

प्रशिक्षण में जनपद के सभी विकास खंडों से नामित ब्लॉक स्तरीय संदर्भदाता प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

# कांवड यात्रा तैयारी : डीएम ने कांवड मार्गों को किया स्थलीय निरीक्षण, श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा को लेकर दिए निर्देश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** आगामी 30 जुलाई से शुरू होने जा रही कांवड यात्रा पवित्र श्रावण मास के मद्देनजर जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी के साथ जनपद से होकर गुजरने वाले प्रमुख कांवड मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया। जिसके उपरांत अधिकारियों को निर्देश दिये। निर्देशों के अनुपालन में सम्बंधित अधिकारियों ने कांवड मार्गों की

- ग्राम दहपा एव बड़ौदा सिहानी में कांवड मार्गों पर कराई सफाई
- आगामी 30 जुलाई से शुरू होने जा रही है,कांवड यात्रा

साफ सफाई कराई। श्रावण मास के आरंभ होते ही कांवड यात्रा का भी शुभारंभ हो जायेगा। कांवड यात्रा व श्रावण मास व शिवरात्रि के मद्देनजर जिलाधिकारी कविता मीना ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संदीप कुमार के साथ जिले से गुजरने वाले वाले कांवड मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान कांवड मार्गों की साफ-सफाई, पेयजल,शौचालय,प्रकाश





व्यवस्था,चिकित्सा शिविर,बैरिकेडिंग एवं यातायात प्रबंधन की स्थिति का जायजा लिया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कावड़ यात्रा के दौरान कांवडियों को किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न ना हो इसके लिए समय से ही सभी मार्गों का संबंधित अधिकारी अपने-अपने स्तर से भी भौतिक निरीक्षण कर ले। कहीं पर कोई भी समस्या पाई जाती है। तो उसका समय



से निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में शुक्रवार को सम्बंधित विभाग के अधिकारियों ने पिलखुवा क्षेत्र के गांव दहपा व बड़ौदा सिहानी के कांवड मार्गों पर व्याप्त कमियों को दूर कराया,साथ ही कांवड मार्गों की साफ सफाई कराई गयी।

# आरोहण कार्यक्रम में युवाओं को राष्ट्र निर्माण का दिया संदेश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** जी.एस. विश्वविद्यालय और विश्व हिन्दू परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय 'आरोहण' कार्यक्रम के दूसरे दिन चिकित्सा शिक्षा, नवाचार, सामाजिक दायित्व और विकसित भारत के लक्ष्य पर केंद्रित विभिन्न सत्र आयोजित किए गए। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेडिकल संस्थानों से पहुंचे एमबीबीएस, बीडीएस और बीएएमएस के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।





कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में एफआईआईटी-आईआईटी दिल्ली के वरिष्ठ शिक्षाविद् अंकित सक्सेना ने कहा कि चिकित्सा विज्ञान में अनुसंधान, आधुनिक तकनीक और नवाचार भारत को विश्व स्तर पर नई पहचान दिला सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से समाज की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शोध एवं नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया।

अकादमिक सत्र की अध्यक्षता जी.एस. विश्वविद्यालय की सीईओ डॉ. नेहा जी. शर्मा ने की। इस दौरान डॉ. यतीश अग्रवाल, डॉ. मनीष लाहौरी और डॉ. के.के. द्विवेदी ने गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा, नैतिक चिकित्सा सेवा और स्वास्थ्य क्षेत्र की जिम्मेदारियों पर अपने विचार साझा किए।

मुख्य वक्ता विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे अहम होगी। उन्होंने युवाओं से सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक सूचनाओं से सावधान रहने,



राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने तथा सामाजिक समरसता को मजबूत बनाने का आह्वान किया। साथ ही चिकित्सकों से पर्यावरण संरक्षण, पारिवारिक मूल्यों और जनजागरूकता जैसे सामाजिक विषयों में भी सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

# ग्राम संगिनी संवादः महिलाओं की आवाज को पंचायत स्तर तक प्रभावी रूप से पहुँचानाः सीडीओ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़,सिंभावली।** शुक्रवार को ग्राम पंचायत मुबारिकपुर सलामपुर विकास खण्ड सिम्भावली में महिला एवं बाल सभा ग्राम संगिनी संवाद का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव, लेखपाल, आशा कार्यकर्ता, ए.एन.एम. आंगनबाड़ी कार्यकत्री, स्वयं सहायता समूह के सदस्य,बी.सी. सखी एवं जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मुख्य विकास अधिकारी श्रुति शर्मा ने बताया कि इस सभा का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की आवाज को पंचायत स्तर तक प्रभावी रूप से पहुँचाना,स्थानीय नीति-निर्धारण में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना,महिला नेतृत्व का विकास करना तथा कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना है। ग्राम प्रशासक/प्रधान द्वारा गत वर्ष में किए गए विकास कार्य और उनकी लागत को पढ़ कर सुनाया गया।









महिला संगिनी संवाद के समय प्राप्त शिकायतों के निवारण हेतु अधिकारियों की जवाबदेही तय हो गई है और महिला सभा द्वारा समय सीमा निर्धारित की गई है, जिसका आकलन हर माह ग्राम स्तर पर बैठकों के द्वारा निरंतर किया जाएगा। इसी प्रकार महिला एवं बाल सभा का आयोजन जनपद के सभी ग्रामों में किया जाएगा।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म,मारपीट और धमकी देने का आरोप

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** नगर के मोदीनगर रोड स्थित हर्ष विहार कॉलोनी की एक महिला ने सऊदी में नौकरी करने वाले युवक और उसके परिजनों पर शादी का झांसा देकर

**पीड़ित महिला ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार**

दुष्कर्म,मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने एसपी को तहरीर देकर कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है।

पीड़ित महिला द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार महिला के पति की 2023 में मौत हो गई थी। इसके बाद 2024 में सुल्तानपुर निवासी मौसीन पुत्र जाहिद ने इंस्टाग्राम पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजकर दोस्ती की। मौसीन ने बच्चों की देखभाल और शादी का वादा कर महिला से नजदीकियां बढ़ाईं।

आरोप है कि गत 15 जून 2026 को मौसीन सऊदी से आया और सीधे महिला के घर पहुंच गया। वहां उसने जबरन





शारीरिक संबंध बनाए और शादी कर साथ सऊदी ले जाने का भरोसा दिया। इसके बाद वह लगातार महिला के घर आने लगा।

गत 11 जुलाई की रात मौसीन अपने दोस्त बिलाल निवासी लुहारी के साथ महिला और उसके दो बच्चों को डासना के एक रेस्टोरेंट ले गया। वापसी पर बिलाल कोल्डड्रिंक लेकर आया। आरोप है कि कोल्डड्रिंक पीने के बाद महिला बेहोश हो गई और दोनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। गत 20 जुलाई को महिला को मौसीन की बहन के घर बढ़ का नगला बुलाया गया। वहां मौसीन के परिजनों ने महिला से धर्म परिवर्तन और बच्चों को छोड़? की शर्त रखी। मना करने पर गाली-गलौज कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। सूचना पर पुलिस पहुंची तो आरोपी छत से कूदकर भाग गए।

पीड़िता का आरोप है कि 22 जुलाई को मौसीन ने फोन कर दुष्कर्म का वीडियो वायरल करने की धमकी दी। 23 जुलाई को सुल्तानपुर में मौसीन की मां और भाभी ने भी इसी तरह धमकाया। उसी दिन एक अज्ञात नंबर से फोन कर मामले से पीछे हटने का दबाव बनाया गया।महिला ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कार्रवाई और अपने व बच्चों की सुरक्षा की मांग की है। सीओ अनिता चौहान ने बताया कि मामले में जांच शुरू कर दी है।

# शोधार्थी डा.अमरदेव ने शिक्षा शास्त्र में पीएचडी की उपाधि की प्राप्त, दी बधाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के 38वे दीक्षांत समारोह में महामहिम राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल द्वारा शोधार्थी डॉ अमरदेव वर्मा को शिक्षाशास्त्र विषय में

**राज्यपाल द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गयी**

पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। जिस पर लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

डॉक्टर अमरदेव वर्मा ने चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ से शिक्षा शास्त्र विषय में विद्या भारती द्वारा संचालित एवं अनुदानित विद्यालयों के विद्यार्थियों केआत्म प्रभावकारिता जीवन मूल्य एवं शैक्षिक उपलब्धि का तुलनात्मक अध्ययन विषय पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया। यह शोध कार्य डॉ शालिनी त्यागी के कुशल नेतृत्व निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संपन्न



हुआ। डॉ अमरदेव वर्मा ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने स्वर्गीय माता-पिता अपने शोध निदेशक डॉक्टर शालिनी त्यागी सभी गुरुजनों परिवार जनों मित्रों एवं शुभ चिंतकों को दिया,उन्होंने बताया कि वर्ष 2020 में कोविद-19 महामारी के कारण शोध कार्य में अनेक कठिनाइयां आई फिर भी अपने मार्गदर्शक के निरंतर सहयोग परिवार के प्रोत्साहन तथा स्वयं के अथक परिश्रम से उन्होंने अपना शोध कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि उनके जीवन की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है जो उन्हें भविष्य में शिक्षा एवं शोधकार्य के लिए अपने क्षेत्र में और अधिक उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित करेगी।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों शोधार्थियों मित्रों एवं शुभचिंतकों ने डॉक्टर अमरदेव वर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डॉक्टर अमरदेव वर्मा ने अपने शोध कार्य को पूरा करने में डॉक्टर संजय त्यागी,डॉक्टर एस के पुंडीर,डॉक्टर दक्ष,डॉ अंकित कौशिक,हिमानी शर्मा,ओम सिंह,डॉक्टर कल्पनाथ वर्मा का आभार व्यक्त की।

**व्यवस्था** | **हापुड़ डिपो में हेल्प डेस्क,पेयजल व कूलर की व्यवस्था की गई**

# कांवडियों को हरिद्वार ले जाने को लगाई जायेगी 60 बसें: एआरएम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** हरिद्वार से गंगा जल लेने जाने वाले शिव

- 30 जुलाई से श्रावण मास शुरू होने के साथ ही शुरू होगी कांवड यात्रा
- डीएम,एसपी द्वारा कावंड यात्रा मार्गो का किया जा रहा है निरीक्षण किया,
- जिले में सीसीटीवी कैमरों से कांवड यात्रा पर रखी जायेगी नजर
- जिले को जोन,सेक्टर व सब सेक्टर में विभाजित कर अधिकारियों की लगाई डयूटी

भक्तों की डग्गामार वाहनों का सहारा नहीं लेना पड़े,इसके लिए उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग के कमाऊ (हापुड़) डिपो ने 60 अतिरिक्त बसें चलाई जायेगी। इसके अलावा डिपो में कांवडियों के लिए हेल्प डेस्क,पेयजल व कूलर की व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा कावंड मार्गों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। साथ ही निर्देशित किया,कि कांवड यात्रा से सम्बंधित तैयारियों में कोई कोताही नहीं बरती जायें।

आगामी 30 जुलाई से श्रावण मास शुरू होते ही कांवड यात्रा का भी शुभारंभ हो जायेगी। आगामी 10 अगस्त को श्रावण की शिवरात्रि पर्व को मनाया जायेगा। जिसे ध्यानार्थ रखते हुए कांवडियां महाशिवरात्रि पर्व भगवान आशुतोष का जलाभिषेक करने के लिए गंगा जल लेने बम भोले बम के जयकारों के साथ बसों द्वारा हरिद्वार के लिए रवाना होगे।

कांवड यात्रा के दौरान कांवडियों को डग्गामार वाहनों का सहारा नहीं लेना पड़ेगा। कांवडियों को हरिद्वार जाने के लिए किसी प्रकार की परेशानी या डग्गामार वाहनों का सहारा नहीं लेने पड़े इसके लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के कमाऊ डिपो ने हरिद्वार के अतिरिक्त रोडवेज बसें चलाई जायेगी। आने







वाले दिनों में पापड़ नगरी बोल बम के जयकारों से गुंजयमान होने लगेंगे।

**कांवडियों के लिए लगाई जायेगी 60 बसे**

रोडवेज के क्षेत्रीय सहायक प्रबन्धक लक्ष्मण सिंह ने बताया कि कांवडियों को हरिद्वार ले जाने के लिए हापुड़ डिपो की 60 बसें लगाई जायेगी। जिससे शिवभक्तों को हरिद्वार जाने के लिए डग्गामार वाहनों का सहारा नहीं लेना पड़े। उन्होंने कहा कि शिवभक्तों की संख्या में बढने होने पर रोडवेज बसों की संख्या भी बढ़ाई जायेगी।

**कमाऊ डिपो में हेल्प डेस्क शुरू की**

एआरएम ने बताया कि हापुड़ डिपो में कांवडियों के लिए पेयजल,बैठने के लिए बैंच व गर्मी से राहत दिलाने के लिए दो बड़े कूलर लगाये गये है। इसके अलावा डिपो में हेल्प डेस्क भी शुरू की गयी है।

**डीएम एसपी द्वारा किया गया निरीक्षण**

जिलाधिकारी कविता मीना व पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ जनपद में कांवड मार्गों का भ्रमण करते हुए तैयारियों,सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जा रहा है।

**ड्रोन व सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी**

पुलिस अधीक्षक ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि जिले में कांवड यात्रा के मद्देनजर विभिन्न स्थानों पर 300 सीसीटीवी कैमरे लगाये गये है। जनपद को जोन 5,सेक्टर 17 व 42 सब सेक्टर में विभावित कर वहां पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की डयूटी लगाई गयी है। कांवड यात्रा के ध्यानार्थ रखते हुए कोई कोताही नहीं बरती जा रही है।

**जिले में 35 अस्थाई पुलिस पिकेट लगाई**

एसपी ने बताया कि कांवड यात्रा को दृष्टिद्गत रखते हुए जिले में 35 अस्थाई पुलिस पिकेट,5 बैरियर,एक अस्थाई थाना ब्रजघाट व 21 अस्थाई पुलिस चौकियां भी बनाई गयी है। इसके अलावा 07 कंट्रोल रूम भी बनाये गये है।

# पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार, आरोपी ने छह वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म किया था

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़,सिंभावली।** जनपद के थाना सिंभावली पुलिस ने बच्ची से दुष्कर्म करने के नामजद आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता मिल गयी। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी नईम पुत्र वकील निवासी ग्राम नंगलामल थाना मुंडाली जनपद मेरठ हाल पता मौलवी जन्नत मस्जिद गांव



औरंगाबाद थाना सिंभावली को सिखेड़ा फ्लाई ओवर नये हाइवे के निकट से गिरफ्तार कर लिया।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैं अपने पुत्र सौरभ व पुत्र वधू श्रीमति निशा को अभद्र व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए सम्बन्ध विच्छेद करता हूं। सौरभ व निशा द्वारा किये गये कृत्य के लिए वह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**प्रार्थी**
**राजकुमार पुत्र शीशराम**
**नि.ग्राम अच्छेजा,थाना हापुड़ नगर,जिला हापुड़**

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैं अपने पुत्र राशिद व पुत्र वधू शाहिन को अभद्र व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। राशिद व शाहिन द्वारा किये गये कृत्य के लिए वह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**प्रार्थी**
**बाबू खां पुत्र शौकत अली**
**नि.मौहल्ला रामगढ़ी,परतापुर चुंगी,पिलखुवा,थाना पिलखुवा,जिला हापुड़**

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय

# जैसा रास्ता, वैसी मंजिल!



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

वियतनाम, श्रीलंका, फिलीपीन्स और जॉर्डन की प्रति व्यक्ति औसत आय 4,635 डॉलर से अधिक हो गई है, जिससे वे उच्च मध्यम आय वर्ग में पहुंच गए हैं। भारत अभी इस मंजिल से कोसों दूर है।
विश्व बैंक ने बीते हफ्ते वियतनाम, श्रीलंका, फिलीपीन्स और जॉर्डन को उच्च-मध्यम आय वर्ग वाली देशों की श्रेणी में डाल दिया, जबकि जाहिर हुआ कि भारत अभी इस मंजिल से बहुत दूर है। "सबसे तेजी से उठती अर्थव्यवस्था" और "विकसित भारत" की कहानियों में यकीन करने वाले समूहों में इस खबर से बड़ी बेचैनी देखी गई है। विश्व बैंक प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय के आधार पर देशों की श्रेणी बनाता है। 1,176 से 4,635 डॉलर प्रति व्यक्ति औसत आय वाले देशों को निम्न मध्य आय वर्ग में रखा जाता है। वियतनाम, श्रीलंका, फिलीपीन्स और जॉर्डन की प्रति व्यक्ति आय 4,635 डॉलर से अधिक हो गई है। जबकि भारत अभी 2,760 डॉलर तक ही पहुंच पाया है। अपने यहां सबसे ज्यादा व्यग्रता इस तथ्य से पैदा हुई है कि वियतनाम भारत के दो साल बाद यानी 2009 में निम्न मध्यम वर्ग आय श्रेणी में पहुंचा था। उसके 17 साल बाद वह अगली श्रेणी में जा पहुंचा है। जबकि डेमोग्रेफिक डिविडेंड, बड़े उपभोक्ता बाजार और दूरदर्शी नेतृत्व आदि जैसी कथाओं में खोये भारत के सामने मिडल इनकम ट्रैप में फंसे रह जाने की परिस्थिति आ खड़ी हुई है। यहां जानबूझ कर निर्मित निराधार कहानियों ने मानव विकास की उपेक्षा, अनुसंधान एवं विकास की अनदेखी, कारोबार के रास्ते में मौजूद रुकावटों से बेपरवाही तथा आर्थिक और वित्तीय शक्तियों के कुछ घरानों में केंद्रित होते चले जाने की हकीकत पर परदा डाले रखा है।दूसरी तरफ वियतनाम ने प्रशिक्षित श्रमिक वर्ग तैयार किया, जिससे 'चाइना+1इ का दौर आने पर उसका लाभ उठाने में वह सफल हुआ। वह मैनुफैक्चरिंग को बहुरूप देने और निर्यात उन्मुख नीतियों पर अमल करने में कामयाब हुआ। नतीजतन, वहां लाखों नई नौकरियां पैदा हुईं, जिनसे आम जन की आमदनी बढ़ी। फिलीपीन्स पश्चिमी कंपनियों की जरूरत के मुताबिक सेवा प्रदान करने के ढांचे की बदौलत आगे बढ़ा है, तो चार साल पहले व्यापक अस्थिरता का शिकार हुआ श्रीलंका फिर से विकास मार्ग पर चल निकला है। इसके विपरीत भारत के नीति-निमार्ता वर्तमान की बलि चढ़ा कर अतीत के गौरव की तलाश में मग्न रहे हैं, तो उसके परिणाम से हम कैसे बच सकते हैं!

## आज का विचार


**सपने वही सच होते हैं, जिनके लिए मेहनत की जाती है**

# हुकुमचंद नारद—जिन्होंने पत्रकारिता को शब्दों से नहीं, चरित्र से परिभाषित किया



प्रो. आरके जैन अरिजीत

किसी राष्ट्र का इतिहास केवल राजसत्ताओं, आंदोलनों और युद्धों से नहीं बनता; उसे दिशा वे व्यक्तित्व देते हैं, जो अपने समय के नैतिक विवेक बनकर खड़े होते हैं। हुकुमचंद नारद ऐसे ही विरल व्यक्तित्व थे, जिन्होंने कलम को शब्दों का माध्यम नहीं, जनविश्वास का दायित्व माना। 14 जनवरी 1902 को मप्र के सतना (तत्कालीन रीवा रियासत) में मूलचंद जी और मथुराबाई के घर जन्मे इस कर्मयोगी ने जीवनसंगिनी माणिक बाई के साथ संघर्ष, सादगी और सामाजिक प्रतिबद्धता से भरा जीवन जिया। 26 नवंबर 1953 को जबलपुर में उनका सांसारिक जीवन अवश्य थम गया, किंतु उनके विचारों का प्रकाश आज भी उतना ही प्रखर है। समय ने उनके व्यक्तित्व को और विराट बनाया। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर ने जुलाई 2026 से एम.जे.एम.सी. पाठ्यक्रम के "मीडिया का इतिहास" विषय में उनके जीवन और कृतित्व को शामिल किया है। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में उनके नाम पर पत्रकारिता पीठ की स्थापना की घोषणा भी सिद्ध करती है कि इतिहास उन्हीं व्यक्तित्वों के विचारों को संस्थागत स्वरूप देता है, जिन्होंने सत्ता से पहले समाज, सुविधा से पहले सत्य, भय से पहले कर्तव्य और जनपक्षधरता को सर्वोच्च धर्म माना। यह सम्मान केवल एक व्यक्ति का नहीं, उस पत्रकारिता-दर्शन का है, जो सिखाता है कि पत्रकारिता की सबसे बड़ी शक्ति शब्द नहीं, चरित्र होता है। हुकुमचंद नारद ने पत्रकारिता को केवल समाचार नहीं, समाज की आवाज बनाया। जबलपुर के लोकमत, शुभचिंतक और सारथी से शुरू उनकी यात्रा लीडर, भारत, अमृत बाजार पत्रिका, हिंदुस्तान स्टैंडर्ड, दैनिक विश्वामित्र, हितवाद, नागपुर टाइम्स, हिंदुस्तान टाइम्स और इंडियन न्यूज क्रॉनिकल तक पहुँची। पटना, लखनऊ और बंबई तक उनकी लेखनी जनमत को दिशा देती रही। एसोसिएटेड प्रेस ऑफ इंडिया (वर्तमान पीटीआई) के प्रतिनिधि, हिंदी पंच के संस्थापक और सारथी-शुभचिंतक के नगर प्रतिनिधि के रूप में उन्होंने पत्रकारिता को जनचेतना बनाया। उनके शब्दों में आक्रोश था, पर कटुता नहीं; संवेदना थी, पर दुर्बलता नहीं; निर्भीकता थी, पर अहंकार नहीं। वे जानते थे–कलम बिकती है तो समाज मौन होता है, सत्य लिखती है तो इतिहास बदलता है।
सत्य के पक्ष में खड़े होने का उदाहरण 1935 का जबलपुर समीप करोड़ी कांड है। अंग्रेज सैनिकों द्वारा महिलाओं पर हुए अत्याचारों को सत्ता दबाना चाहती थी, किंतु हुकुमचंद नारद ने उन्हें राष्ट्र के सामने उजागर किया। धमकियों और दबाव के बावजूद वे अडिग रहे। उनके प्रस्तुत तथ्य और प्रमाण ब्रिटिश संसद तक पहुँचे, जिससे दोषी सैनिकों को दंड मिला। उनके साहस की राष्ट्रवादी पत्रकारिता और जनमानस ने सराहना की। यह केवल खोजी पत्रकारिता नहीं, भारतीय आत्मसम्मान की विजय थी। गरीब, पीड़ित और उपेक्षित उनके लिए राष्ट्र की आत्मा थे; उनकी कलम उसी आत्मा की आवाज थी।



राष्ट्रीय जीवन का कोई निर्णायक मोड़ ऐसा नहीं था, जहाँ हुकुमचंद नारद की उपस्थिति न रही हो। 1939 के त्रिपुरी कांग्रेस अधिवेशन में प्रचार समिति के संयोजक के रूप में उन्होंने नेताजी सुभाषचंद्र बोस के स्वागत हेतु 52 हाथियों की व्यवस्था की। स्थानीय इतिहास उन्हें स्वतंत्रता आंदोलन का प्रखर स्वर मानता है। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में भूमिका के कारण उन्हें मुंबई से गिरफ्तार कर 6 अक्टूबर 1942 से 28 अप्रैल 1943 तक जबलपुर कारागार में रखा गया। कारावास उनके शरीर को बाँध सका, विचारों को नहीं; वे प्रखर, स्पष्ट व जनसमर्पित होकर निकले। उनके लिए स्वतंत्रता केवल राजनीतिक परिवर्तन नहीं, निर्भीक विचार, अभिव्यक्ति की स्वाधीनता और नागरिक सम्मान का संकल्प थी।जिस कलम ने समाज के अधिकारों की आवाज उठाई, वही पत्रकारों के अधिकारों के लिए भी खड़ी हुई। हुकुमचंद नारद ने पत्रकारिता को केवल विचार नहीं, श्रम और अधिकारों का दायित्व माना। उस समय पत्रकार अल्प वेतन, असुरक्षित रोजगार और सामाजिक सुरक्षा के अभाव से जूझ रहे थे। नारद ने पत्रकार को श्रमजीवी मानते हुए वेतन, सुरक्षा और अधिकारों की आवाज उठाई। 1950 में वे अखिल भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संगठन के प्रमुख प्रेरक और महाकौशल इकाई के प्रथम अध्यक्ष बने। उनके प्रयासों ने श्रमजीवी दर्जा, यूनियनों, वेतन बोर्डों और पत्रकार अधिकारों की नींव रखी। इसी योगदान ने उन्हें "श्रमजीवी पत्रकार आंदोलन का जनक" का सम्मान दिलाया।हुकुमचंद नारद ने पत्रकारिता को पेशा नहीं, जनसेवा का आजीवन व्रत बनाया। अंतिम समय तक वे पीड़ितों, रोगियों और असहायों के साथ रहे। शायद ही कोई दिन बीता हो, जब वे किसी दुखी से मिलने अस्पताल न पहुँचे हों। उनके निधन के तीन वर्ष बाद, 1956 में जबलपुर के नागरिकों ने जनसहयोग से शासकीय विक्टोरिया अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर से संलग्न विश्राम कक्ष उनकी स्मृति में बनवाया, जिसे देश में किसी श्रमजीवी पत्रकार की स्मृति का पहला स्मारक माना जाता है। गुजरात के पूर्व राज्यपाल एवं नेपाल में भारत के पूर्व राजदूत श्रीमन्नारायण अग्रवाल ने इसका उद्घाटन कर उसे राष्ट्रीय प्रतिष्ठा दी।
हुकुमचंद नारद का जनसम्मान स्मारकों और संस्थाओं में साकार हुआ। जबलपुर नगर निगम ने "हुकुमचंद नारद मार्ग" का नामकरण किया। सिविक सेंटर स्थित उनकी कांस्य प्रतिमा का 3 मई 1999 को तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती ने अनावरण किया। यह केवल प्रतिमा नहीं, सत्य और जनसेवा को समर्पित जनपक्षधर पत्रकारिता का सम्मान थी। इसी अवसर पर "स्मृतियों के रक्त पलाश" स्मारिका प्रकाशित हुई। भोपाल स्थित भारत के एकमात्र समाचार-पत्र संग्रहालय—माधवराव सप्रे समाचार पत्र संग्रहालय—में उनकी स्मृति में शोध कक्ष स्थापित है। प्रतिवर्ष "हुकुमचंद नारद पत्रकारिता पुरस्कार" प्रदान किया जाता है, जो सत्यनिष्ठ, निर्भीक और जनपक्षधर पत्रकारिता की प्रेरणा है।
जब भी पत्रकारिता मूल्यों की कसौटी पर परखी जाएगी, हुकुमचंद नारद का जीवन मानदंड होगा। उन्होंने सिद्ध किया कि पत्रकार का दायित्व सत्ता का नहीं, समाज का प्रहरी बनना है। निर्भीकता, नैतिकता और जनपक्षधरता का उनका आदर्श ही उन्हें कालजयी बनाता है। वे आज भी उस पत्रकार के पथप्रदर्शक हैं, जो सत्य को सुविधा से, जनहित को स्वार्थ से और राष्ट्रधर्म को हर दबाव से ऊपर रखता है। हुकुमचंद नारद केवल इतिहास का अध्याय नहीं, हिंदी पत्रकारिता की अमर चेतना हैं, जो हर युग से कहती रहेगी–"सत्य लिखो, निर्भय लिखो और जनता के साथ खड़े रहो।"

## शीर्षक-निकला नहीं उपाय

भ्रष्टाचारी संगठन, जगा आंतरिक रोष।
घटना पेपर लीक की, थोपे किसको दोष।।
सांठ-गांठ कर चोर ने, फैला दिया फसाद।
खुद का कुछ बिगड़ा नहीं, युवा हुए बर्बाद।।

स्वार्थियों ने ही किया, जमकर के खिलवाड़।
राजनीति की जो घृणित, भविष्य दिया उजाड़।।
विद्या को धंधा बना, ऐसा खेला खेल।
मासूमों को ही छला, गर्त में दे ढकेल।।

घूमें दोषी शान से, निदोर्षी को जेल।
न्याय व्यवस्था है यहॉं, मिले झूठ को बेल।।
युवा वर्ग के आज की, किसको चिंता माथ।
विपक्षियों को तो मिला, मुद्दा मौका साथ।।

दुखती रग पर हाथ दे, बिछा दिया है जाल।
दुष्टों ने ही की भ्रमित, युवा बुद्धि चल चाल।।
न्याय प्रणाली सुप्त हो, तो ये होता हाल।
आम आदमी टूटता, चोर ठोकता माल।।

जंतर-मंतर की व्यथा, आहत हुआ समाज।
युवा लड़ाई लड़ रहा, रोता-रोता आज।।
प्रश्न कई उत्तर नहीं, इतना मचा बवाल।
हल निकलेगा या नहीं, सबसे बड़ा सवाल।।

चलती इस सरकार से, कैसे हो फरियाद।
बात हाथ से ही गई, हिली नींव बुनियाद।।
क्रोध वश उठाए कदम, भड़का जन समुदाय।
तड़पे भीतर भावना, निकला नहीं उपाय।।

ऐसी उलझी जिंदगी, चलता-फिरता श्राप।
रास्ता हमको दे बता, ईश "आनंद" आप।।
क्या सच है क्या झूठ है, कलयुग का ही बंध।
करें विश्वास या नहीं, घायल हर संबंध।।



मोनिका डागा आनंद"

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

**वैधानिक सूचना**

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# कर-संस्कृति: विकसित भारत का अदृश्य संविधान



कृति आरके जैन

राष्ट्र की शक्ति केवल मतगणना से नहीं, करगणना से भी मापी जाती है। मतपत्र नागरिक की राजनीतिक चेतना का प्रतीक है, तो आयकर रिटर्न उसकी आर्थिक निष्ठा का। विडंबना यह है कि मतदान पर व्यापक विमर्श होता है, पर कर-अनुशासन पर अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखती। जबकि किसी भी आधुनिक राष्ट्र की स्थिरता का वास्तविक आधार उसकी कर-संस्कृति होती है। 24 जुलाई का आयकर दिवस इसी मौन सत्य का स्मरण कराता है कि राष्ट्र का भविष्य केवल बजट नहीं, बल्कि करोड़ों ईमानदार करदाताओं के निष्ठापूर्ण योगदान से आकार लेता है। विकसित भारत का आधार केवल नीतियाँ नहीं, बल्कि उत्तरदायी कर-संस्कृति है। इसलिए आयकर दिवस किसी विभागीय औपचारिकता का नहीं, आर्थिक नागरिकता के सम्मान का अवसर है।
इतिहास गवाह है कि समृद्ध राष्ट्रों की नींव केवल संसाधनों पर नहीं, सुदृढ़ कर-संस्कृति पर टिकी होती है। भारत में आधुनिक आयकर व्यवस्था का औपचारिक आरंभ 24 जुलाई 1860 को सर जेम्स विल्सन द्वारा प्रस्तुत आयकर अधिनियम से हुआ, किंतु स्वतंत्र भारत ने इसे केवल राजस्व-संग्रह नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय विकास का माध्यम बनाया। 1961 के आयकर अधिनियम के बाद सरलीकरण की दिशा में नया आयकर कानून भी प्रस्तावित/लागू होने की प्रक्रिया में है, प्रत्यक्ष कर प्रशासन में सुधार, कंप्यूटरीकरण, केंद्रीकृत प्रसंस्करण और डिजिटल कर प्रणाली उसी दृष्टि के क्रमिक विस्तार हैं। आज भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में है और वैश्विक संस्थाएँ उसे आने वाले दशक का विकास-प्रेरक मान रही हैं। इस उपलब्धि के मूल में करोड़ों ईमानदार करदाताओं से निर्मित वही राजस्व है, जिसने विकास की गति को निरंतर बनाए रखा। हर सार्वजनिक उपलब्धि के पीछे एक मौन निवेश छिपा होता है–करदाता का। राष्ट्रीय राजमार्गों, ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं, नई शिक्षा नीति के अनुरूप विकसित संस्थानों, रक्षा आधुनिकीकरण, डिजिटल अवसंरचना, अंतरिक्ष अनुसंधान, जल संरक्षण और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की वास्तविक नींव ईमानदारी से अदा किए गए कर पर टिकी है। नागरिक अपनी आय का एक अंश राष्ट्र को देकर केवल राजस्व नहीं देता, बल्कि समान अवसरों वाले भारत के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करता है। इसलिए विकसित देशों में कर भुगतान सम्मान का प्रतीक माना जाता है। भारत भी अब उसी दिशा में बढ़ रहा है, जहाँ करदाता राजस्व का स्रोत नहीं, बल्कि राष्ट्रीय प्रगति का सह-शिल्पी माना जाता है।कर प्रशासन का नया चेहरा कानूनों से कम, तकनीक से अधिक गढ़ा गया है। कभी आयकर कार्यालयों के चक्कर, कागजी फाइलें और लंबी प्रतीक्षाएँ करदाताओं की विवशता थीं; आज फेसलेस असेसमेंट, प्री-फिल्ड आयकर रिटर्न, ऑनलाइन सत्यापन, डिजिटल भुगतान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित जोखिम विश्लेषण ने प्रक्रिया को पारदर्शी, त्वरित और विश्वसनीय बना दिया है। प्रत्यक्ष कर संग्रह में निरंतर वृद्धि इस बात का प्रमाण है कि सरल व्यवस्था स्वैच्छिक अनुपालन को बढ़ावा देती है। विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों ने भी डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना में भारत की प्रगति को उल्लेखनीय माना है। तकनीक का उद्देश्य केवल निगरानी नहीं, बल्कि करदाता और शासन के बीच भरोसे का स्थायी सेतु बनाना है। इसलिए आज करदाता व्यवस्था से डरता नहीं, उस पर भरोसा करता है।कर भुगतान का सबसे बड़ा लाभ सरकार नहीं, स्वयं करदाता प्राप्त करता है। नियमित आयकर रिटर्न आय, व्यय, निवेश और बचत का अनुशासित लेखा विकसित करता है, जो बैंकिंग, ऋण, उद्यमिता और वित्तीय सुरक्षा की मजबूत आधारशिला बनता है। जनधन, डिजिटल भुगतान, यूपीआई और औपचारिक अर्थव्यवस्था के विस्तार ने नागरिक को अधिक वित्तीय रूप से जागरूक बनाया है। आज करदाता केवल कर अदा करने वाला नहीं, बल्कि आर्थिक अनुशासन का प्रतिनिधि है। विद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में बढ़ती वित्तीय साक्षरता इसी परिवर्तन का संकेत है। नई पीढ़ी जब कर को दंड नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति अपना दायित्व मानेगी, तभी आर्थिक राष्ट्रवाद विचार नहीं, व्यवहार बनेगा।

# "हमारी नस्लें अनपढ़ न रह जाएं"



नवभारत पब्लिक जूनियर हाई स्कूल के संस्थापक हबीबुर्रहमान सिद्दीकी

एम.के.भारती सैफी

कुन्दरकी, अपना घर छोड़ा, रिश्ते पीछे छोड़े, आराम की जिंदगी को अलविदा कहा। और चल पड़े कुन्दरकी के खादर में। जेब में कुछ नहीं था, बस एक सपना था इस इलाके की कोई नस्ल अनपढ़ न रहे।
न छत थी, न कमरा। सहारा बना तो सिर्फ मंदिर का चबूतरा और एक पाखड़ का दरख्त। उसी पेड़ के नीचे बैठकर हबीबुर्रहमान ने पत्नी रेहाना रहमान के साथ स्लेट-पेंसिल संभाली और बच्चों को अक्षर सिखाने शुरू किए। न कोई सियासी हाथ, न सरकारी मदद। था तो सिर्फ जज्बा।
और आज उसी जज्बे का नाम है - नवभारत पब्लिक जूनियर हाई स्कूल, मिलक वहांपुर।

**एक जुमले ने बदल दी तकदीर**

साल था 1991। सरकार के साक्षरता अभियान में हबीबुर्रहमान, निवासी छतरपुर, जिला प्रतापगढ़। कुन्दरकी ब्लॉक के प्रभारी थे। मिलक वहांपुर पहुंचे तो लोगों को दस्तखत करना सिखाया।
तभी किसी ने कहा - "हमने तो लिखना सीख लिया साहब, पर हमारी नस्लें अनपढ़ रह जाएंगी।" बस यही लाइन उनके दिल में उतर गई।
फिर क्या था। हबीबुर्रहमान खादर के गांव-गांव गए। सबको साथ लिया। 1991 में बनी नवभारत समाज कल्याण समिति। पढ़ाई शुरू हुई और गांव के लल्लू सिंह, किशन लाल के घेर और मंदिर के चबूतरे से। रात मलखान सिंह और चाचा टेकचंद के यहां कटती थी। 1993 में बच्चे स्कूल में बढ़े तो रहमान नगर में भूड़ की जमीन खरीदी। वही पाखड़ का पेड़ क्लासरूम बन गया। धीरे-धीरे अब्दुल्लापुर, अली रजापुर, मझंरा, मंसूरपुर, फरहैदी, गदीपुर, रूपपुर... दर्जनों गांवों के बच्चे यहां आने लगे।

**1995: पेड़ के नीचे से ईंट-गारे तक**

नव भारत पब्लिक जूनियर हाई स्कूल स्कूल का भवन 1995 में बनना शुरू हुआ। नींव रखी हबीबुर्रहमान और उनकी शरीके-हयात मरहूमा रेहाना रहमान ने। गांव के लोगों ने श्रमदान किया। नर्सरी से शुरू हुआ सफर आज कक्षा 8 तक पहुंच चुका है।

**सियासत नहीं, खिदमत चुनी**

हबीबुर्रहमान ने कभी सियासत का दामन नहीं थामा। 2000 में भारतीय विद्यालय संघ बनाकर ग्रामीण उस्तादों को तराशा और बालिका शिक्षा को बढ़ावा दिया। रेहाना रहमान ने 2018 से 2022 तक 3000 स्कूल छोड़ चुकी बच्चियों को वापस क्लास में बिठाया। संस्था ने एचआईवी जागरूकता जैसे अभियान भी चलाए।

**जिन्होंने रास्ता दिखाया**

हबीबुर्रहमान सिद्दीकी को हौसला मिला मुरादाबाद के डीएम विद्यानंद गर्ग, एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त, निर्मला देशपांडे और हनुमान प्रसाद श्रीवास्तव से। निर्मला जी का एक जुमला आज भी उनके साथ है - "समाज की सच्ची खिदमत करनी है तो सियासत से दूर रहो।"

**परिवार जो मिशन बना**

हबीबुर्रहमान मूल रूप से प्रतापगढ़ के छतरपुर के रहने वाले हबीबुर्रहमान के दादा मौलवी अब्दुल कुद्दुस, दादी अजीजा बेगम, वालिद अब्दुल रहमान हेड कांस्टेबल और मां महमूदा रहमान थे।
एक भाई वसीउर्रहमान फतेहपुर में "रहमान प्रिंटर्स" चलाते हैं। दूसरे भाई प्रो. अजीजुर्रहमान सिद्दीकी इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में भूगोल विभाग के अध्यक्ष हैं।
आज स्कूल की कमान मैनेजर रिश्ते के भाई अतीकुर्रहमान, प्रिंसिपल जफर मसूद और बेटी शिवा परवीन संभाल रहे हैं। स्कूल में गरीब बच्चों को मुफ्त शिक्षा, ड्रेस, किताबें मिलती हैं। बेटे जियाउर्रहमान रियाद में इंजीनियर हैं। बेटियां साइमा परवीन और बुशरा परवीन की शादी हो चुकी है।

**यही तो असल विरासत है**

नवभारत पब्लिक जूनियर हाई स्कूल से निकले बच्चे आज देश-विदेश में नाम कर रहे हैं।
राजकुमार सिंह दिल्ली सचिवालय, तकाबुल जहां विदेश में इंजीनियर, डॉ. आलम का मैक्स हॉस्पिटल मुरादाबाद में है आफताब, शमून, अजहरुद्दीन वकालत के पेशे में है । कंचन ज्योति, नरगिस, सुष्मिता, भावना, विक्की और नर्सिंग में खिदमत को अंजाम दे रहे है।
किसान नेता दानिश पाशा भी यहीं के शागिर्द हैं। स्कूल ने सैकड़ों ग्रामीण विद्यालयों को ट्रेनिंग भी दी है।

## शनिवार का राशिफल

**मेष** — उन्नति का अवसर मिलेगा जिसकी प्रतीक्षा लम्बे समय से थी, कोई हजार्ना मिल सकता है, विदेश में रहने का समय बढ़ेगा, विवाह सम्भव होगा। भाग्य प्रतिशत-74

**वृषभ** — जीवन में ऐश्वर्य बढ़ेगा,नौकरी से कर्ज.उतार सकेंगे, घर के सदस्य को डॉक्टरी जांच करानी पड़ सकती है,नई प्रोपर्टी खरीदने से पहले डॉक्युमेंट पढ़ेंगे। भाग्य प्रतिशत-70

**मिथुन** — पैतृक सम्पत्ति को पाने का संघर्ष बढ़ेगा,दूसरी नौकरी के लिए प्रयास करेंगे, इलेक्ट्रोनिक, मशीनरी, साईबर कैफे,राशन एजेंसी कार्य करेंगे, पथरी का ईलाज सफल होगा। भाग्य प्रतिशत-61

**कर्क** — मन में ईश्वर के प्रति श्रद्धा बढ़ेगी,भविष्य को लेकर ज्यादा ना सोचे, योजनाए बनेगी लेकिन अभी पूरी नहीं करेंगे, जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। भाग्य प्रतिशत-53

**सिंह** — उच्च शिक्षा में मुश्किल आयेगी, सरकारी विभाग से फायदा होगा, रिस्क कार्य से अचानक आय होगी, कंस्ट्रक्शन कार्य मिलेगा। भाग्य प्रतिशत-62

**कन्या** — ड्राइविंग करते समय ध्यान रखें, टूर ट्रैवल,सर्जिकल सामान, सीमेंट,ईंट व्यवसाय चलेगा, कुछ टेंशन बढ़ेगी,आय से अधिक व्यय होगा। भाग्य प्रतिशत-56

**तुला** — बहोत अधिक तनाव ना ले, इंजीनियरिंग, मेडिकल, जनसंचार माध्यम से लाभ होगा, जीवन साथी का कोई कार्य बनेगा। भाग्य प्रतिशत-56

**वृश्चिक** — सामाजिक संस्था कार्य से लाभ होगा, राजनीति में सफलता मिलेगी,जल,बर्फ,जूस का व्यवसाय चलेगा, तकनीकी कार्य करेंगे। भाग्य प्रतिशत-67

**धनु** — करियर की अच्छी उन्नति होगी, घर गृहस्थी का सुख बढ़ेगा,बड़ी प्रोपर्टी बना सकते हैं, कोई सेंटर खोल सकते हैं जिससे आय होगी। भाग्य प्रतिशत-60

**मकर** — मेहनत बढ़ेगी, किसी कार्य में लापरवाही ना करें, अपने कार्य में चौकस रहे, किसी कार्य का ठेका मिलेगा, पैसा आएगा। भाग्य प्रतिशत-55

**कुंभ** — घर की चिंता बढ़ेगी,सुख साधन को स्थिर रखना चाहेंगे, संतान की उन्नति में परेशानी आ सकती है, उच्चाधिकारी से मित्रता होगी। भाग्य प्रतिशत-52

**मीन** — मित्रता काम आएगी, पत्रकारिता से फायदा होगा, कमर्शियल दुकान में समस्या आ सकती हैं, दिनचर्या सुचारू रूप से चलाना चाहेंगे। भाग्य प्रतिशत-63



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# सिकंदराबाद पुलिस ने शातिर अभियुक्त को अवैध तमंचे सहित किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** थाना सिकंदराबाद पुलिस ने एक शातिर अभियुक्त को अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, 24 जुलाई को मुखबिर की सूचना पर गुलावठी रोड स्थित शक्तिपीठ जाने वाले मार्ग से रशीद पुत्र रफीक निवासी मोहल्ला आजाद नगर, थाना सिकंदराबाद को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

इस संबंध में थाना सिकंदराबाद पर मुकदमा संख्या 713/2026, धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।



पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध वर्ष 2024 में हत्या के प्रयास सहित अन्य गंभीर धाराओं में भी मुकदमा दर्ज है।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक सोनू चौधरी, हेड कांस्टेबल सचिन नरेश तथा कांस्टेबल रवेंद्र कुमार शामिल रहे।

# स्मार्ट कक्षाओं का शुभारम्भ के अवसर पर एक भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** विवेकानंद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, डीएम रोड, बुलंदशहर में एआई आधारित शिक्षण प्रणाली एवं डिजिटल स्मार्ट कक्षाओं का शुभारम्भ के अवसर पर एक भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदीप गुप्ता ,(प्रांतीय संगठन मंत्री, विद्या भारती पश्चिमी उत्तर प्रदेश ) , महेश ,(प्रांतीय शैक्षिक प्रमुख, पश्चिमी उत्तर प्रदेश ), मदन पाल ,(प्रदेश निरीक्षक ,शिशु शिक्षा समिति, पश्चिमी उत्तर प्रदेश ) एवं विद्यालय के अध्यक्ष सुधीर गुप्ता , व्यवस्थापक संदीप त्यागी, नगर के विद्या भारती के सभी विद्यालयो की प्रबंध समिति के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार वर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं परिचय कराया तथा विद्यालय की शैक्षिक उपलब्धियों एवं नवीन पहल की रूपरेखा प्रस्तुत की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता प्रदीप गुप्ता (प्रांतीय संगठन मंत्री, विद्या भारती पश्चिमी उत्तर प्रदेश) ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर हो रहे नवाचारों को आत्मसात करते हुए विवेकानंद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक कदम उठा रहा है।




विद्यार्थियों को समयानुकूल, ज्ञानवर्धक, कौशल-आधारित तथा तकनीक-संपन्न शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विद्यालय में एआई आधारित शिक्षण प्रणाली एवं डिजिटल स्मार्ट कक्षाओं का शुभारम्भ किया गया है। उन्होंने कहा कि यह अभिनव पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 (ठएढ-2020) की भावना के अनुरूप विद्यार्थियों को भविष्य की आवश्यकताओं के लिए तैयार करने, उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार की भावना तथा डिजिटल दक्षता का विकास करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। आधुनिक तकनीक के समावेश से शिक्षण प्रक्रिया अधिक प्रभावी, सहभागितापूर्ण, रुचिकर एवं परिणामोन्मुख बनेगी, जिससे प्रत्येक विद्यार्थी अपनी क्षमता के अनुरूप उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकेगा।

विद्यालय के व्यवस्थापक संदीप त्यागी ने अपने संबोधन में कहा कि यह केवल डिजिटल स्मार्ट कक्षाओं का उद्घाटन नहीं, बल्कि शिक्षा के एक नवीन युग का शुभारम्भ है। इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों को पारंपरिक शिक्षण के साथ-साथ आधुनिक तकनीक का समन्वित अनुभव प्राप्त होगा। कक्षाओं में डिजिटल बोर्ड, एआई आधारित शिक्षण उपकरण, इंटरैक्टिव प्रेजेंटेशन, शैक्षिक वीडियो, 3ऊ एनीमेशन, वर्चुअल प्रयोगशालाएँ, ई-लर्निंग संसाधन तथा स्मार्ट मूल्यांकन प्रणाली का उपयोग किया जाएगा। इससे कठिन से कठिन विषयों को भी सरल, स्पष्ट एवं रोचक ढंग से समझना संभव होगा।

उन्होंने आगे कहा कि इस आधुनिक शिक्षण व्यवस्था से विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन, रचनात्मकता, समस्या-समाधान क्षमता, अनुसंधान की प्रवृत्ति, डिजिटल साक्षरता तथा आत्मविश्वास का विकास होगा। यह पहल विद्यार्थियों को केवल परीक्षाओं में उत्कृष्ट सफलता ही नहीं दिलाएगी, बल्कि उन्हें भविष्य की वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए सक्षम, आत्मनिर्भर एवं तकनीकी रूप से दक्ष नागरिक भी बनाएगी।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने सभी प्रांतीय अतिथियों, शहर के सारे विद्यालय की प्रबंध समितियां का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के साथ हुआ।

# शारदा विश्वविद्यालय में IEEE अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ICCISD 2026 का सफल समापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** शारदा विश्वविद्यालय ने IEEE उत्तर प्रदेश सेक्शन के तकनीकी सहयोग से IEEE इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन कम्प्यूटेशनल इंटेलिजेंस सिस्टम्स एंड डिवाइसेज (ICCISD 2026) का सफलतापूर्वक समापन किया। कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस विभाग, शारदा स्कूल ऑफ कंप्यूटिंग साइंस एंड इंजीनियरिंग (ररउरए) द्वारा आयोजित यह दो-दिवसीय सम्मेलन 23-24 जुलाई, 2026 को आयोजित किया गया और आज संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में भारत एवं विदेश से प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, शोधकताओं, वैज्ञानिकों, उद्योग विशेषज्ञों एवं छात्रों ने भाग लिया तथा कम्प्यूटेशनल इंटेलिजेंस, इंटेलिजेंट डिवाइसेज एवं सतत डिजिटल सिस्टम्स के भविष्य पर विचार-विमर्श किया।

सम्मेलन को वैश्विक स्तर पर अभूतपूर्व प्रतिसाद प्राप्त हुआ, जिसमें सात तकनीकी ट्रैकों में 10 देशों के शोधकताओं से कुल 1,828 शोध-पत्र प्राप्त हुए। कठोर समीक्षा प्रक्रिया के उपरांत केवल 150 उत्कृष्ट शोध-पत्रों का चयन प्रस्तुतीकरण एवं प्रकाशन हेतु किया गया, जो लगभग 8.2 प्रतिशत की चयन दर को दशार्ता है। सम्मेलन में न्यूरल नेटवर्क्स, डीप लर्निंग, रीइन्फोर्समेंट लर्निंग, फजी सिस्टम्स, इवोल्यूशनरी कम्प्यूटेशन, इंटेलिजेंट डिवाइसेज, एम्बेडेड सिस्टम्स, IoT एप्लीकेशंस, रोबोटिक्स, ह्यूमन-मशीन इंटरैक्शन, सिग्नल एवं इमेज प्रोसेसिंग, साइबर सुरक्षा, डेटा प्राइवेसी तथा ट्रस्टवर्दी सिस्टम्स जैसे विषयों पर चर्चा हुई। विश्वविद्यालय की सतत नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ते हुए, 'सस्टेनेबल सिस्टम्स एंड डिवाइसेज के लिए कम्प्यूटेशनल इंटेलिजेंस' नामक विशेष ट्रैक ने हरित एवं संसाधन-कुशल तकनीक को सम्मेलन के केंद्रीय शोध एजेंडे का हिस्सा बनाया। स्वीकृत शोध-पत्र IEEE Xplore में प्रकाशित किए जाएंगे।

प्रो. (डॉ.) एस. एन. सिंह, निदेशक, एबीवी-आईआईआईटीएम ग्वालियर ने कहाः "ICCISD 2026 ने भारत के शोध समुदाय से उभर रही प्रतिभा एवं नवाचार की गहराई को प्रदर्शित किया है। 1,800 से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त होना और इतना कठोर समीक्षा मानक बनाए रखना यह दशार्ता है कि आयोजकों ने शैक्षणिक गुणवत्ता को कितनी गंभीरता से लिया है। इस स्तर के सम्मेलन शोधकताओं की अगली पीढ़ी को आकार देने तथा यह सुनिश्चित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं कि कम्प्यूटेशनल इंटेलिजेंस का विकास जिम्मेदारी के साथ और वास्तविक प्रभाव के साथ हो।" शारदा विश्वविद्यालय के माननीय प्रो-चांसलर वाई. के. गुप्ता ने कहाः "ICCISD 2026 शारदा विश्वविद्यालय की वैश्विक स्तर पर प्रासंगिक शोध के एक बढ़ते हुए केंद्र के रूप में स्थिति को पुनः पुष्ट करता है। दस देशों के शोधकताओं को एक साथ लाना और सतत कम्प्यूटेशनल सिस्टम्स के लिए विशेष ट्रैक समर्पित करना हमारी इस संस्थागत सोच को दशार्ता है कि तकनीक को केवल प्रगति ही नहीं, बल्कि दीर्घकालिक पर्यावरणीय एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भी सेवा करनी चाहिए। मैं इस सम्मेलन की सफलता के लिए पूरी आयोजन टीम को बधाई देता हूं।"



सम्मेलन अध्यक्ष एवं डीन, एसएससीएसई, प्रो. (डॉ.) गीता गणेशन ने कहाः "ICCISD 2026 वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी एवं स्थानीय रूप से जिम्मेदार शोध के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। सतत कम्प्यूटेशनल सिस्टम्स के लिए एक ट्रैक समर्पित करके, हम चाहते थे कि शोधकर्ता ऐसी बुद्धिमान तकनीकें विकसित करें जो ऊर्जा उपयोग एवं दीर्घकालिक पर्यावरणीय प्रभाव के प्रति सजग हों। 1,828 प्रविष्टियों तथा 10 देशों से प्रतिनिधियों की भागीदारी के साथ, इस सम्मेलन ने हमारी अपेक्षाओं को पार कर लिया है, और मैं हर लेखक, समीक्षक एवं स्वयंसेवक की आभारी हूं जिन्होंने इसे संभव बनाया।"

इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन डॉ. रजनीश कुमार सिंह (हेड, डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन के नेतृत्व में किया गया। प्रो. (डॉ.) सुधीर कुमार शर्मा सम्मेलन संयोजक रहे, साथ ही, कुलपति प्रो. सिबाराम खारा, शारदा यूनिवर्सिटी आगरा के कुलपति प्रो. परमानंद ,डॉ. अजय श्रीराम कुशवाहा, डॉ. श्रीजीत एस., डॉ. रवि प्रकाश चतुवेर्दी, डॉ. दीप्थी पी.एस., एसोसिएट डीन प्रो. (डॉ.) सुदीप वर्मा एवं प्रो. (डॉ.) कृष्णन बत्री, विभागाध्यक्ष डॉ. जयंत शेखर,डॉ.खुशवंत सहित सभी विभागो के डीन, हेड ऑफ डिपार्टमेंट, फैकल्टी मेंबर्स, स्टूडेंट आदि उपस्थित रहे ।

# युवाओं को जिम्मेदार अनुशासित और सेवा भावी बनाते हैं स्काउट एवं गाइड

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद/बुलंदशहर ।** आर के पब्लिक स्कूल में गुरुवार को स्काउट एवं गाइड गतिविधियों का समारोह पूर्वक शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ स्काउट एवं गाइड कमिश्नर पवन राठी

**आर के पब्लिक स्कूल में हुआ आयोजन**

एवं अमर सिंह इंटर कालेज लखावटी के वरिष्ठ प्राध्यापक रमेश चंद्र पांडेय ने मां सरस्वती एवं मां भारती की प्रतिमाओं के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्चन कर-के किया। कमिश्नर पवन राठी ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट एवं गाइड गतिविधियों का उद्देश्य युवाओं को जिम्मेदार अनुशासित और सेवा भावी बनाने का है। प्रवक्ता रमेश चंद्र पांडेय ने स्काउट एवं गाइड गतिविधियों का इतिहास ,उद्देश्य, और लक्ष्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण एवं जीवन कौशल को सशक्त बनाना ही स्काउट एवं गाइड का उद्देश्य है। अनुशासन सेवा भाव एवं जिम्मेदार नागरिक बनाती है स्काउट एवं गाइड। राष्ट्र प्रेम और समाज सेवा का भाव पैदा करना इस कार्यक्रम का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य है।



इससे पूर्व समारोह में शामिल होने पहुंचे गणमान्य अतिथियों का प्रबंधक शाहिद अली ने माल्यार्पण कर बुके भेंट कर स्वागत सत्कार किया। छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया और सरस्वती वंदना की।

प्रधानाचार्य नगेंद्र सिंह ने कहा कि स्काउट एवं गाइड गतिविधियों की पहल? विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण एवं जीवन जीने की कला को सशक्त बनाना है। विद्यालय प्रबंधन ने इस नई शुरूआत पर सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें उत्साह पूर्वक इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

राष्ट्र गान और वंदेमातरम् के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

# एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने शुक्रवार परेड का किया निरीक्षण, पुलिसकर्मियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर ।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (SSP) दिनेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों के टर्नआउट की जांच की तथा शस्त्र संचालन और अग्निशामक यंत्र के प्रयोग का अभ्यास कराया निरीक्षण के दौरान ररढ ने विभिन्न थानों की सरकारी गाड़ियों और पीआरवी/डायल-112 वाहनों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने नाइट चेकिंग रजिस्टर की समीक्षा की और पीआरवी वाहनों में उपलब्ध मेडिकल किट की जांच करते हुए रिस्पांस टाइम कम करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए इसके बाद आदेश कक्ष में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर कानून-व्यवस्था, अनुशासन और बेहतर पुलिसिंग को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए अंत में ररढ ने पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर प्रतिसार निरीक्षक को परिसर में नियमित स्वच्छता बनाए रखने, सरकारी संपत्ति की सुरक्षा एवं रखरखाव सुनिश्चित करने तथा सरकारी वाहनों की समय-समय पर मेंटेनेंस और जांच कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर प्रखर पाण्डेय सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।





# तांगे पर सवार होकर चोर पहुंचे डॉक्टर के घर, लोगों के इकट्ठे होने माल लेकर फरार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली।** देसी अंदाज में घोड़ा-तांगा पर सवार होकर चोर डॉक्टर के घर में चोरी करने पहुंच गए। घर में घुसकर वारदात को अंजाम देने लगे। इसी बीच घर के चारों ओर पड़ोसी जमा हो गए। खुद को घिरता देख चोरों ने पड़ोस के मकान की दीवार काट दी और हड़बड़ी में अपनी चप्पल और घोड़ा तांगा छोड़कर फरार हो गए।

**सहारनपुर में चिकित्सा अधीक्षक के पद पर तैनात हैं डॉ. धर्मराज**

बदायूं रोड स्थित जाग्रति नगर निवासी डॉ. धर्मराज मानु पुत्र होडल सिंह सहारनपुर में सेठ वलछेव दास वजेरिया सरकारी जिला अस्पताल में चिकित्सा अधीक्षक के पद पर तैनात हैं। उन्होंने बताया कि वह बुधवार को अपनी ड्यूटी पर तैनात थे। उसी रात करीब 9:30 बजे पड़ोसियों ने उन्हें कॉल करने सूचना दी कि उनके घर में चोरी हो गई है।

**घर का सारा सामान चोरी करने के इरादे से सफेद घोड़ा तांगा लेकर आए**

डॉ. धर्मराज ने बताया कि पड़ोसियों के मुताबिक, चोरों को पता था कि घर में कोई नहीं है इसीलिए चोर सफेद-भूरे रंग का घोड़ा लगे तांगा लेकर पहुंचे थे। उनका इरादा घरा का सारा समान चोरी करना था। उन्होंने तांगा को घर बाहर खड़ा किया और मौका देखकर चोर घर में घुस गए।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का नाम अर्षित कुमार (ARSHIT KUMAR) वर्तमान में है, जबकि सही नाम अर्षित कुमार सिंह (ARSHIT KUMAR SINGH) है। यह दोनो नाम मेरे पुत्र अर्षित कुमार सिंह (ARSHIT KUMAR SINGH) के ही है। भविष्य में मेरे पुत्र को अर्षित कुमार सिंह (ARSHIT KUMAR SINGH) के नाम से ही जाना व पहचाना व लिखा जायें।

**सुनील कुमार कनौजिया पुत्र स्व0 श्री जी0एल0 कनोजिया**
**निवासीः**- हाउस नं0 1, रामबाग कॉलोनी, गली नं0 6, रामघाट रोड, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का नाम आरुष प्रताप (ARUSH PRATAP) वर्तमान में है, जबकि सही नाम आरुष प्रताप सिंह (ARUSH PRATAP SINGH) है। यह दोनो नाम मेरे पुत्र आरूष प्रताप सिंह (ARUSH PRATAP SINGH) के ही है। भविष्य में मेरे पुत्र को आरुष प्रताप सिंह (ARUSH PRATAP SINGH) के नाम से ही जाना व पहचाना व लिखा जायें।

**सुनील कुमार कनौजिया पुत्र स्व0 श्री जी0एल0 कनोजिया**
**निवासीः**- हाउस नं0 1, रामबाग कॉलोनी, गली नं0 6, रामघाट रोड, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश।

**कार्यालय जिला पंचायत, पीलीभीत**

पत्रांक सं0ः 1073/ नीलाम सूचना /2026-27 दिनांकः 20.07.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत, पीलीभीत के स्वामित्वाधीन जिला पंचायत निरीक्षण भवन व आवासीय परिसर नकटादाना पीलीभीत प्रांगण के सागौन प्रजाति के 10 वृक्षों एवं होमगार्ड कार्यालय एवं अवन्तीबाई इंटर कालेज परिसर में खेडे यूकेलिप्टस प्रजाति के 67 वृक्षों की सार्वजनिक नीलामी दिनांक- 05.08.2026 को समय अपरान्ह 2.00 बजे कार्यालय जिला पंचायत, सभागार पीलीभीत में मा0 अध्यक्ष महोदया की स्वीकृति की प्रत्याशा में सम्पन्न किया जायेगा यदि उक्त दिनांक को नीलाम न होने अथवा मानक से कम व उचित बोली न प्राप्त होने की दशा में पुनः सप्ताह के प्रत्येक बुद्धवार के दिन यदि उक्त दिनांक को अवकाश घोषित होने पर उससे अगले दिन कार्य दिवस पर यथा स्थान व समय पर किया जायेगा। नीलाम में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को सागौन के 10 वृक्षो की जमानत धनराशि रूपया 25,000.00 एवं यूकेलिप्टस के 67 वृक्षो की जमानत धनराशि रूपया 25,000.00 के पृथक-पृथक अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत पीलीभीत के नाम बैंक आफ बड़ौदा का बैंक ड्राफ्ट, हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण एवं जी.एस.टी पंजीयन प्रमाण पत्र, आधार कार्ड व पेन कार्ड नीलाम अधिकारी के पास जमा करने के उपरान्त ही बोली दे सकेगें। उच्चतम बोलीदाता को नीलाम बोली की समस्त धनराशि तुरन्त नगद जमा करनी होगी। यदि उच्चतम बोलीदाता द्वारा बोली की समस्त धनराशि तुरन्त जमा नही की जाती है तो उसकी जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी। नीलाम धनराशि पर नियमानुसार लगने वाले सरकारी कर (आयकर स्टाम्प शुल्क व जी.एस.टी) की धनराशि उच्चतम बोलीदाता को स्वयं जमा करनी होगी। बोलीदाता नीलाम से पूर्व उक्त वृक्षों को यथा स्थान भली-भाँति देख ले, नीलाम समाप्ति / स्वीकृति के उपरान्त किसी भी प्रकार की आपत्ति / शिकायत ायत पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। नीलाम की अन्य आवश्यक शर्ते किसी भी दिन कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत, पीलीभीत।**

**निरीक्षण** कांवड़ियों को ना कोई असुविधा, समय से पूरी करें सभी तैयारियां: डीएम

# डीएम ने किया अटैना घाट का निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने शुक्रवार को कांवड़ यात्रा-2026 की तैयारियों के दृष्टिगत तहसील दातागंज अन्तर्गत अटैना घाट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, बैरिकेडिंग, स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण कर ली जाएं, जिससे कांवड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।



जिलाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी श्रावण मास में 30 जुलाई, 2026 से प्रारंभ होने वाली कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने घाट के दोनों छोरों का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने बताया कि कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जनपद में सेक्टर व जोन बनाते हुए वहां मजिस्ट्रेट/अधिकारी नामित किए गए हैं। कांवड़ यात्रा के दौरान बेहतर प्रकाश व्यवस्था के लिए हाईमास्क लाइट भी लगाई जा रही है तथा सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी। शिविर संचालन के लिए भी स्थापना पूर्व अनुमति लेने सहित अन्य मापदण्ड बनाए गए हैं।

जिलाधिकारी ने जनपदवासियों एवं श्रद्धालुओं से अपील की कि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा अथवा आपात स्थिति में त्वरित सहायता एवं प्रभावी समन्वय के लिए कलेक्ट्रेट स्थित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) तथा पुलिस लाइन में कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। कलेक्ट्रेट स्थित आईसीसीसी कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 05832-266049, 05832-266050, 05832-266052 एवं 05832-266054 तथा मोबाइल नंबर 7505389289 एवं 7505395940 जारी किए गए हैं। इसी प्रकार पुलिस लाइन स्थित कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 9454402956 एवं 9454417440 पर भी किसी भी प्रकार की सूचना अथवा सहायता प्राप्त की जा सकती है।

जिलाधिकारी ने बताया कि 30 जुलाई 2026 से प्रारंभ होने वाली कांवड़ यात्रा के दौरान प्रत्येक शुक्रवार सायं 8:00 बजे से सोमवार सायं 5:00 बजे तक लागू रहने वाले रूट डायवर्जन को प्रभावी ढंग से लागू कराया जाएगा। इस अवसर पर प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# कांवड़ यात्रा 2026: सुरक्षा व व्यवस्थाओं को परखने सडकों पर उतरे डीएम-एसपी, असमौली के मातीपुर में रूट का किया स्थलीय निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**असमोली (मोनू सिंह)।** आगामी कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन और पुलिस महकमा पूरी तरह से अलर्ट मोड पर आ गया है। कांवड़ियों को मार्ग में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक न रहे, इसी मंशा के साथ जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल और पुलिस अधीक्षक के.के. बिश्नोई ने संयुक्त रूप से थाना असमौली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मातीपुर में कांवड़ यात्रा मार्ग का धरातल पर पहुंचकर सघन निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान शीर्ष अधिकारियों ने पूरे कांवड़ मार्ग का पैदल भ्रमण करते हुए सुरक्षा प्रबंधों, यातायात व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था और मार्ग की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कांवड़ मार्ग पर जहाँ भी खड्डे, जलभराव अथवा जर्जर बिजली के तार नजर आ रहे हैं, उन्हें समय रहते तत्काल दुरुस्त कराया जाए, ताकि शिवभक्तों को नंगे पांव पैदल चलते समय किसी कठिनाई का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही रात्रि के समय कांवड़ियों की सुगमता के लिए पूरे मार्ग पर समुचित लाइटों का प्रबंध करने और जगह-जगह पेयजल तथा चिकित्सा शिविरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।



सुरक्षा के मोर्चे पर पुलिस अधीक्षक के.के. बिश्नोई ने थाना असमौली पुलिस और संबंधित अधिकारियों को मुस्तैद रहने की हिदायत दी। उन्होंने संवेदनशील बिंदुओं को चिह्नित कर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी और प्रमुख चौराहों पर पुलिस पिकेट लगाने के निर्देश जारी किए। इसके अलावा कांवड़ यात्रा के दौरान भारी वाहनों और सामान्य यातायात को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए डायवर्जन प्लान को प्रभावी ढंग से लागू करने पर बल दिया गया, ताकि कांवड़ियों के साथ-साथ आम जनता को भी आवागमन में कोई असुविधा न हो। इस महत्वपूर्ण निरीक्षण अभियान के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के साथ उप जिलाधिकारी संभल विकास चंद्रा और असमौली पुलिस क्षेत्राधिकारी अमन सिंह भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। अधिकारियों की इस संयुक्त टीम ने क्षेत्र का भ्रमण कर मातहतों को आपसी समन्वय से काम करने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए अलर्ट रहने के कड़े निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कांवड़ यात्रा के दौरान शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# एसएम डिग्री कॉलेज में जौहर यूनिवर्सिटी के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान पर बवाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** रामपुर स्थित मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी को तोड़े जाने के आदेश के विरोध में शुक्रवार को एसएम डिग्री कॉलेज में छात्र नेताओं ने हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस दौरान कॉलेज परिसर में फ्लेक्स लगाकर छात्रों से समर्थन में हस्ताक्षर कराए जा रहे थे। इसकी जानकारी मिलते ही प्राचार्य दानवीर सिंह स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और कॉलेज परिसर में राजनीतिक गतिविधि किए जाने का आरोप लगाते हुए आपत्ति जताई।

## फ्लैक्स हटाने को लेकर प्राचार्य और छात्र नेताओं में तीखी नोकझोंक, परिसर में गमार्या माहौल

प्राचार्य ने छात्र नेताओं से कहा कि महाविद्यालय शिक्षा का केंद्र है, न कि किसी प्रकार की राजनीतिक गतिविधियों का मंच। उन्होंने फ्लेक्स तत्काल हटाने के निर्देश देते हुए कहा कि यदि किसी मुद्दे पर विरोध-प्रदर्शन या अभियान चलाना है तो वह कॉलेज परिसर के बाहर किया जाए।

इस बात को लेकर छात्र नेताओं और प्राचार्य के बीच काफी देर तक तीखी नोकझोंक होती रही । माहौल कुछ समय के लिए तनावपूर्ण हो गया और कॉलेज परिसर में छात्र-छात्राओं की भीड़ जुट गई।

छात्र नेता सुरेंद्र यादव ने कहा कि वे लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रख रहे थे। उनका आरोप था कि यदि किसी राजनीतिक दल विशेष का कार्यक्रम होता तो उस पर आपत्ति नहीं की जाती। उन्होंने कहा कि वे फ्लेक्स हटा रहे हैं, लेकिन भविष्य में महाविद्यालय प्रशासन को सभी संगठनों और राजनीतिक दलों के लिए समान नियम लागू करने चाहिए।






वहीं, प्राचार्य दानवीर सिंह ने दोहराया कि महाविद्यालय परिसर में किसी भी प्रकार की राजनीतिक गतिविधि की अनुमति नहीं दी जाएगी। कॉलेज का उद्देश्य केवल शैक्षणिक वातावरण बनाए रखना है और अनुशासन से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। कुछ देर बाद छात्र नेताओं ने फ्लेक्स हटाकर अभियान को कॉलेज परिसर से समाप्त कर दिया। घटना को लेकर परिसर में काफी देर तक चचाओं का दौर चलता रहा। इस दौरान मौजूद रहे। अध्यक्ष सुरेंद्र यादव, छात्र नेता शोएब अली, मुर्शिद खान, आसिफ कुरेशी, सोनू यादव, कौशल गुर्जर, अनिकेत कुमार ,सत्येंद्र यादव, विकास ,समीर,बादशाह, गर्वितपाल,मनोज पाल, कपिल देव, शाहनवाज खान, आसिफ अली, सचिन यादव ,कपिल कुमार आदि छात्र मौजूद रहे।

# अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय में शोधार्थियों के लिए सफल अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली ।** वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय द्वारा शोधार्थियों के लिए एक सफल अभिविन्यास (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार ने शोधार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, अनुशासित एवं नैतिक शोध-लेखन की प्रक्रिया से अवगत कराया। उन्होंने शोध कार्य के विभिन्न चरणों, शोध पद्धति, शोध की गुणवत्ता तथा शोध के दौरान आवश्यक सावधानियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

सभी विभागों के शोधार्थियो ने अपना परिचय देते हुए अपने शोध शीर्षक की जानकारी दी। शोधिर्थियों द्वारा अपने शोध से जुड़े आगामी विभिन्न क्रियाकलापों की भी जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में समाजशास्त्र विभाग की शोधार्थी पूजा ने अपने शोध निर्देशक प्रोफेसर रंजू राठौर के निर्देशन में अपने शोध कार्य शीर्षक किशोरों के समाजीकरण पर सोशल नेटवर्किंग साइट्स के प्रभाव का समाजशास्त्रीय अध्ययन पर प्री-सबमिशन प्रस्तुतीकरण किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शोधार्थी एवं शोध-पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।



# चोरी के मोबाइल के साथ युवक गिरफ्तार, बनियाठेर पुलिस ने 24 घंटे के भीतर किया खुलासा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के अभियान के तहत बनियाठेर पुलिस ने चोरी के मोबाइल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया वीवो कंपनी का मोबाइल फोन बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार 23 जुलाई को मोबाइल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने शुक्रवार सुबह अब्दुल्ला वाला बाग के पास खंडहरनुमा मकान के निकट से गांव नगलिया कुबड़ा निवासी नहीम उर्फ कैफ को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपी के कब्जे से चोरी का मोबाइल बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया। आरोपी पर पूर्व में भी मारपीट का मुकदमा दर्ज होने की जानकारी पुलिस ने दी है।



# जीएसटी 2.0 के प्रति व्यापारियों को किया जागरूक, समस्याएं भी सुनीं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** राज्य कर (जीएसटी) विभाग के निर्देशन में शुक्रवार को नगर के छोटू महाराज रेस्टोरेंट में व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चन्दौसी मेंथा एसोसिएशन के पदाधिकारियों, व्यापारियों, उद्यमियों, करदाताओं एवं अन्य हितधारकों ने भाग लेकर जीएसटी से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

## चन्दौसी में व्यापारी संवाद कार्यक्रम आयोजित, कर नियमों के पालन और डिजिटल व्यवस्था अपनाने पर दिया जोर

कार्यक्रम का उद्देश्य व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना, कर पंजीकरण का दायरा बढ़ाना, राजस्व में वृद्धि करना तथा जीएसटी 2.0 के अंतर्गत लागू किए जा रहे सुधारों की जानकारी व्यापारियों तक पहुंचाना रहा।

राज्य कर विभाग के अधिकारियों ने जीएसटी के विभिन्न प्रावधानों, नई व्यवस्थाओं और डिजिटल प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए व्यापारियों को कर नियमों का समयबद्ध पालन करने के लिए प्रेरित किया। अधिकारियों ने कहा कि शासन की नई नीतियों और ऑनलाइन सुविधाओं का लाभ उठाकर कारोबारी अपने कार्यों को अधिक सरल और पारदर्शी बना सकते हैं।



इस दौरान व्यापारियों ने जीएसटी से संबंधित अपनी समस्याएं और सुझाव अधिकारियों के समक्ष रखे। अधिकारियों ने उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया तथा विभाग और व्यापारियों के बीच नियमित संवाद बनाए रखने पर बल दिया।

चन्दौसी मेंथा एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को व्यापारियों के लिए उपयोगी बताते हुए राज्य कर विभाग के इस प्रयास की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# जन्म प्रमाण पत्र और आधार बनवाने में देरी पर व्यापार मंडल ने उठाई आवाज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल युवा इकाई ने शुक्रवार को जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड बनवाने में हो रही देरी को लेकर नायब तहसीलदार के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा। व्यापारियों ने आम नागरिकों और अभिभावकों की समस्या का शीघ्र समाधान कराने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान समय में स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। प्रवेश के लिए जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड अनिवार्य दस्तावेज हैं, लेकिन जन्म प्रमाण पत्र बनने में दो से तीन माह का समय लग रहा है। इससे अभिभावकों और आम नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों ने यह भी बताया कि आधार कार्ड बनाने की सुविधा फिलहाल केवल डाकघरों में उपलब्ध है, जहां दो-दो माह बाद की तिथि दी जा रही है। लंबी प्रतीक्षा के कारण विद्यार्थियों के प्रवेश सहित अन्य आवश्यक कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

## विशेष शिविर लगवाने की मांग को लेकर नायब तहसीलदार के माध्यम से डीएम को भेजा ज्ञापन



व्यापार मंडल ने मांग की कि नगर में जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड बनाने के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जाएं, ताकि लोगों को समय पर आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध हो सकें और उन्हें राहत मिल सके। ज्ञापन देने वालों में प्रेम ग्रोवर, शाह आलम मंसूरी, सागर गुप्ता, उमेश वार्ष्णेय, मोहम्मद इमरान, अनुज वार्ष्णेय, रजत रस्तोगी, मोहम्मद आमिर, शाहिद, मोहित सक्सेना सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# उर्दू अदब सोसाइटी ने दर्ज कराई अपनी गरिमामयी उपस्थिति, पूर्व पालिका अध्यक्ष का जाना हाल, होनहारों को दी मुबारकबाद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा. महताब अमरोहवी )।** उर्दू अदब सोसाइटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने अपनी सामाजिक और अदबी गतिविधियों के तहत शहर की प्रमुख शख्सियतों और होनहार युवाओं से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया।सोसाइटी के सदस्यों ने सबसे पहले नगर के पूर्व पालिका अध्यक्ष डॉ. अफसर परवेज के आवास पर पहुँचकर उनके स्वास्थ्य का हाल-चाल जाना। गौरतलब है कि हाल ही में डॉ. अफसर परवेज का हृदय (हार्ट) का ऑपरेशन हुआ है। सदस्यों ने उनके जल्द से जल्द पूर्णतः स्वस्थ होने और दीघार्यु की दुआ की। सोसाइटी ने शिक्षा के क्षेत्र में नगर का नाम रोशन करने वाली तूबा जावेद के घर जाकर उन्हें 'नीट' परीक्षा में शानदार सफलता हासिल करने पर बधाई दी। सोसाइटी के सदस्यों ने तूबा और उनके पिता फैसल जावेद को मुबारकबाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इसी क्रम में डॉ. सिराज हाशमी को कानून की डिग्री प्राप्त होने पर सोसाइटी की ओर से विशेष रूप से मुबारकबाद पेश की गई और उनकी इस नई शैक्षणिक उपलब्धि की सराहना की गई।इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष कौसर अली अब्बासी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा अस्वस्थ और बुजुर्गों की मिजाजपुर्सी करना हमारी रिवायत का हिस्सा है, वहीं दूसरी ओर समाज के होनहार युवाओं की हौसला अफजाई करना हमारा नैतिक कर्तव्य है।जब हमारी नई पीढ़ी शिक्षा और विभिन्न क्षेत्रों में कामयाबी हासिल करती है, तो इससे पूरे समाज का नाम रोशन होता है। उर्दू अदब सोसाइटी हमेशा ऐसे प्रतिभावान युवाओं के साथ खड़ी रहेगी।"इस अवसर पर मुख्य रूप से हाजी नसीम अहमद खान, खालिद सिद्दीकी, हमजा अब्बासी सहित सोसाइटी के अन्य पदाधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।







# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने की समीक्षा बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई (दिनेश सक्सेना )।** शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद सम्भल कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों एवं श्रावण माह, कांवण, कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

## अभियोजन कार्यों एवं श्रावण माह, कांवड़, कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में की गई चर्चा

बैठक के दौरान अभियोजन कार्यों की समीक्षा की गई। न्यायालयों में लंबित मामलों का शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण, गंभीर अपराधों (NDPS, हत्या, महिला एवं बाल अपराध, गैंगस्टर आदि) से संबंधित प्रकरणों की नियमित एवं प्राथमिकता के आधार पर पैरवी करने, विवेचकों एवं अभियोजन अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने, साक्षियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा समन व वारंट की प्रभावी तामील कराने, दोषसिद्धि (Conviction Rate) बढ़ाने के लिए विवेचना की गुणवत्ता, साक्ष्यों के उचित संकलन तथा न्यायालय में प्रभावी प्रस्तुतीकरण पर जोर दिये जाने, लंबित विवेचनाओं एवं अभियोजन संबंधी कमियों को शीघ्र दूर कर समयबद्ध कार्रवाई के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक के अंत में सभी संबंधित अधिकारियों को अभियोजन कार्यों में गुणवत्ता, समयबद्धता एवं समन्वय बनाए रखते हुए प्रभावी पैरवी करने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि अपराधियों के विरुद्ध अधिकतम दोषसिद्धि सुनिश्चित की जा सके।



तदोपरान्त महोदय की अध्यक्षता में श्रावण मास, कांवड यात्रा, श्रावण शिवरात्रि, प्रमुख शिवालयों में जलाभिषेक, गंगा स्नान, श्रावणी अमावस्या एंव श्रावण पूर्णिमा के अवसर पर कांवड यात्रियों, श्रद्वालुओं एंव जनसामान्य की सुरक्षा, सुगम एंव सुरक्षित आवागमन, निर्बाध दर्शन-पूजन तथा कानून एंव शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु की गयी व्यवस्थाओं एंव तैयारियों के सम्बन्ध में समीक्षा गोष्ठी की गयी तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

शुभारंभ

## पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने किया शुभारंभ, बरसात में जलभराव की समस्या कम होने की जताई उम्मीद

# चन्दौसी नगर पालिका को मिली नाला सफाई मशीन और दो मिनी टिपर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी (मयंक सक्सेना)।** नगर पालिका परिषद चन्दौसी ने बरसात के मौसम में जलनिकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। शुक्रवार को नगर पालिका के जलकल विभाग में एक नाला सफाई मशीन (स्पाइडर) और दो मिनी टिपर वाहनों का शुभारंभ पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने कहा कि वर्षा ऋतु में नगर के छोटे और बड़े नालों की नियमित एवं प्रभावी सफाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नाला सफाई मशीन खरीदी गई है। इस आधुनिक मशीन की सहायता से नालों की सफाई अधिक तेजी और दक्षता के साथ हो सकेगी, जिससे जल निकासी व्यवस्था बेहतर होगी और बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि नगर को स्वच्छ, सुंदर और जलभराव मुक्त बनाना नगर पालिका की प्राथमिकता है। कार्यक्रम में सभासद नवकांत शर्मा, सचिन रस्तोगी, संजय बंसल, उमा श्रीवास्तव, बाबूलाल एवं विक्की प्रजापति सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। वहीं पालिका के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार, अवर अभियंता केपी सिंह, प्रभाकर गुप्ता, चन्द्रमोहन, अर्पित श्रीवास्तव, विकास, मुकुल शर्मा, अंकित सक्सेना, मनोज सैनी समेत नगर पालिका के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद।





# लग भाग डेढ़ सौ वर्ष पुराना अमरोहा नगर पालिका का भवन ही ध्वस्त कराकर तीन मंजिला पालिका भवन बनाया जाएगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** लग भाग डेढ़ सौ वर्ष पुराना अमरोहा नगर पालिका का भवन ही ध्वस्त कराकर तीन मंजिला पालिका भवन बनाया जाएगा। नए पालिका भवन का मॉडल तैयार कर लिया गया है। भवन के निर्माण के लिए शासन से 6.90 करोड़ रुपये का बजट भी अवमुक्त हो गया। पालिकाध्यक्ष शशि जैन ने निर्माणदायी संस्था सीएनडीएस के एई संदीप कुमार के साथ बैठक नये मॉडल में पालिका भवन निर्माण कराने के निर्देश दिए हैं।पालिकाध्यक्ष शशि जैन ने बताया नये मॉडल के रूप में तीन मंजिला पालिका भवन जनता की सुविधाओं से लैस होगा। इसके लिए शासन से 6.90 करोड़ रुपये का बजट अवमुक्त हो चुका है।पालिका भवन निर्माण के लिए सीएनडीएस के एई संदीप कुमार के साथ पालिकाध्यक्ष शशि जैन व प्रभारी ईओ केशव प्रसाद ने बैठक कर नये मॉडल को अंतिम रूप दिया है। जिसमें विकास विभाग को पत्र व्यवहार कर पुराने पालिका भवन को ध्वस्त कराकर निर्माण शुरू कराया जाएगा। इसमें ग्राउंड तल पर वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। जिसमें 50 कार, 300 बाइकों को खड़े करने की क्षमता होगीसाथ ही जन्म-मृत्यु पटल, कार्यालय, टैक्स, पेंशन, प्रकाश पटल के कक्ष बनाएं जाएंगे। प्रथम फ्लोर पर स्वास्थ्य विभाग, लेखाधिकारी, ईओ आफिस, निर्माण कक्ष, कंट्रोल रूम व टैक्स कक्ष बनाया जाएगा। जबकि द्वितीय फ्लोर पर रिकार्ड रूम, पालिकाध्यक्ष कार्यालय, सभासद सभागार, मीटिंग हाल का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए सीएनडीएस को निर्माण का टेंडर हुआ है। सीएनडीएस शासन में विकास विभाग को पत्र व्यवहार कर निर्माण की अनुमति लेगा। इसके बाद निर्माण शुरू हो जायगा।प्रभारी ईओ केशव प्रसाद ने बताया कि नया पालिका भवन करीब दो साल में बनकर तैयार होगा। इसके लिए पुराना पालिका भवन खाली करके ध्वस्त कराया जाएगा। नगर के लोगों को कोई परेशानी न हो, इसके लिए पालिका कार्यालय को संचालन के लिए किसी दूसरी जगह शिफ्ट करके चलाया जाएगा। इसके लिए जगह की तलाश जारी शुरू हो गई है।





Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# गंगा मंदिर में हुआ महाआरती का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शामली।** मां शाकुंभरी देवी सेवा समिति की मासिक माह की आरती का आयोजन नगर के आसपास के सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ उठाया तथा सभी श्रद्धालुओं ने मां शाकुंभरी देवी सेवा समिति का दिल से आभार व्यक्त किया अंत में अध्यक्ष रोबिन गर्ग सचिव डॉ अनिल



गंगा मंदिर में किया गया आरती के मुख्य यजमान कविता संगल विपिन संगल सपरिवार रहे पंडित मांगेराम शर्मा के मार्ग दर्शन में माता रानी की पूजा अर्चना की गई समिति द्वारा आरती के पश्चात प्रसाद व माता का श्रृंगार का सामान और फल सब्जी भक्तों को वितरित किया गया आरती में कुमार बंसल द्वारा सभी सदस्यों और भक्त जनों को धन्यवाद देते हुए उनका आभार व्यक्त किया आरती में प्रवीण बंसल लता विशाल शर्मा अखिल गोयल अमित गोयल अमित गर्ग ललतेश पूजा गोयल विकास चौधरी डॉ नीलेश वशिष्ठ गर्ग अमर आदि शामिल रहे।

# लायंस क्लब शामली क्राउन ने नन्हे बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शामली।** लायंस क्लब शामली क्राउन द्वारा KIDS E..PRE School में नन्हे बच्चों के लिए विशेष पर्यावरण जागरूकता गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम, पर्यावरण संरक्षण तथा स्वच्छता की अच्छी आदतों को विकसित करना था।



कार्यक्रम के दौरान बच्चों को सरल एवं रोचक तरीके से यह समझाया गया कि पेड़-पौधे, स्वच्छ हवा, स्वच्छ पानी और स्वच्छ पर्यावरण हमारे जीवन के लिए कितने आवश्यक हैं। बच्चों को प्रकृति से प्रेम करने, पानी बचाने, पेड़-पौधों की देखभाल करने तथा कूड़ा हमेशा डस्टबिन में डालने जैसी अच्छी आदतों के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने उत्साहपूर्वक गतिविधियों में भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

लायंस क्लब शामली क्राउन के अध्यक्ष लायन अंकुर गोयल ने कहा कि आज के बच्चे ही कल का भविष्य हैं। यदि बचपन से ही उनमें पर्यावरण के प्रति प्रेम और स्वच्छता के प्रति जागरूकता विकसित की जाए, तो वे एक स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। बच्चों में आज बोए गए संस्कार ही देश के उज्ज्वल भविष्य की नींव बनेंगे।

विद्यालय की प्रधानाचार्य निधि शर्मा ने कहा कि छोटे-छोटे कदम मिलकर धरती को सुंदर और स्वच्छ बना सकते हैं। बचपन से ही बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। क्लब सचिव लायन विजय संगल ने बताया कि लायंस क्लब शामली क्राउन का यह वर्ष रजत जयंती वर्ष के रूप में प्रारंभ हुआ है। इसी क्रम में क्लब द्वारा जुलाई माह को "पर्यावरण माह" के रूप में मनाया जा रहा है। पूरे माह के दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता को समर्पित विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण, युवा छात्राओं के लिए सेनेटरी पैड डिस्पोजल यूनिट की स्थापना तथा नन्हे बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता विकसित करने हेतु विशेष गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसी श्रृंखला में आज विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को प्रकृति संरक्षण, स्वच्छता, जल संरक्षण तथा पौधों के महत्व की जानकारी रोचक एवं प्रेरक तरीके से दी गई। क्लब का उद्देश्य बचपन से ही बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का भाव विकसित करना है।

इस अवसर पर लायन रुपेश गर्ग लायन शुभम गोयल लायन प्रदीप विश्वकर्मा लायन अजय विश्वकर्मा लायन विकास गोयल लायन पारुल संगल लायन श्वेता गोयल लायन अनुराधा संगल लायन चांदनी गर्ग लायन मनीषा संगल लायन दीप्ति गर्ग लायन अंजू शर्मा लायन अनीता विश्वकर्मा लायंस क्लब शामली क्राउन के सदस्य उपस्थित रहे।

# महिलाओं की फरियाद सुनेगा राज्य महिला आयोग, आज शामली में लगेगी विशेष जनसुनवाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शामली।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या श्रीमती मनीषा अहलावत की अध्यक्षता में 25 जुलाई 2026 (शनिवार) को प्रातः 10:00 बजे शामली के नहर की पटरी स्थित नवीन

**मा. सदस्या मनीषा अहलावत की अध्यक्षता में होगा आयोजन, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी भी रहेंगे मौजूद**

कलेक्ट्रेट सभागार में महिला चौपाल एवं महिला जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम में जनपद की कोई भी पीड़ित महिला अथवा उसकी ओर से कोई अन्य व्यक्ति उपस्थित होकर अपनी समस्या से संबंधित प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत कर सकता है। महिलाओं की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए पुलिस तथा



प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहेंगे।महिला आयोग द्वारा प्रदेशभर में महिलाओं के उत्पीड़न की रोकथाम, पीड़ित महिलाओं को शीघ्र न्याय दिलाने तथा शिकायतों के प्रभावी समाधान के उद्देश्य से विभिन्न जनपदों में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शामली में भी यह विशेष जनसुनवाई आयोजित की जा रही है, जिसमें महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों की समीक्षा के साथ-साथ संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जाएंगे। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग का गठन वर्ष 1992 में महिलाओं के अधिकारों की रक्षा, सुरक्षा, कल्याण और सशक्तिकरण के उद्देश्य से किया गया था। आयोग महिलाओं के संवैधानिक एवं विधिक अधिकारों की रक्षा, दहेज प्रथा, बाल विवाह, भ्रूण हत्या और कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न जैसे मामलों की रोकथाम तथा महिलाओं के सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक विकास के लिए निरंतर कार्य करता है।

# बैठक में उद्यमियों ने उठाए बिजली आपूर्ति के मुद्दे, राज ढींगरा तीसरी बने आईआईए के मोदीनगर अध्यक्ष, हुआ अभिनंदन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएश मोदीनगर चैप्टर ने नव सत्र के शुभारंभ पर मंथन बैठक आयोजित कर औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में विद्युत विभाग के अधिकारियों ने उद्यमियों के साथ सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान जर्जर हो चुकी विद्युत लाइनों को शीघ्र बदलने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। जिस पर विभागीय अधिकारियों ने इसे सुधार योजना में शामिल कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।




बैठक में विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता महेश उपाध्याय, अधिशासी अभियंता धर्मेंद्र भारती तथा अंकुर कुमार ने उद्यमियों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि उद्योगों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कमजोर पड़ चुकी कंडक्टर लाइनों को विभागीय योजना में शामिल कर चरणबद्ध तरीके से बदला जाएगा। बैठक के दौरान लगातार तीसरे वर्ष आईआईए मोदीनगर चैप्टर के चेयरमैन नियुक्त होने पर राज ढींगरा का स्वागत किया गया। साथ ही केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य चुने गए बृजमोहन कपूर तथा नामित केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ मुकेश गर्ग का भी अभिनंदन किया गया। संस्था के सचिव प्रमोद चौरसिया और कोषाध्यक्ष मनोज माहेश्वरी ने अतिथियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर संरक्षक भूपेंद्र अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन संजीव माहेश्वरी, उपाध्यक्ष संदीप गुप्ता, पंकज जैन, गौरव गुप्ता, राजेश अरोड़ा, सहसचिव विपिन चौधरी, नीरज गुप्ता, आशु अग्रवाल, सचिन गुप्ता, योगेंद्र अग्रवाल, रविन्द्र गर्ग सहित बड़ी संख्या में उद्यमी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर धरना किया समाप्त

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** छात्रों की विभिन्न मांगों को लेकर बस स्टैंड स्थित डॉ भीमराव आंबेडकर



प्रतिमा स्थल पर आजाद समाज पार्टी द्वारा चार दिनों से चल रहा धरना-प्रदर्शन शुक्रवार को समाप्त हो गया। धरने का नेतृत्व पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष राहुल कलछीना ने किया। समापन अवसर पर धरना स्थल पर पहुंचे एसीपी भास्कर वर्मा को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा।

धरने के दौरान प्रदर्शनकारियों ने छात्रों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सरकार से प्रभावी कार्रवाई की मांग उठाई। ज्ञापन सौंपते हुए राहुल कलछीना ने कहा कि छात्रों के हितों और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मामलों का समय से समाधान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं की समस्याओं के समाधान के लिए लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से संघर्ष आगे भी जारी रहेगा। एसीपी भास्कर वर्मा ने प्रदर्शनकारियों की बात सुनते हुए ज्ञापन को नियमानुसार संबंधित स्तर तक प्रेषित कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद शांतिपूर्ण ढंग से धरना समाप्त कर दिया गया। धरना-प्रदर्शन को सामाजिक संगठनों, छात्र-छात्राओं तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकताओं का भी समर्थन मिला। धरने में राहुल कलछीना, सम्राट जाटव, ओमप्रकाश निवेश, दिलीप सागर, सानूज गौतम, अमित टोनी, सोनू सोहनलाल, कुंडीर जाटव, जाकिर सहित बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

# के.सी. त्यागी के स्वागत समारोह को सफल बनाने के लिए रणवीर दहिया ने झोंकी ताकत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** राष्ट्रीय लोकदल के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद के.सी. त्यागी के 26 जुलाई को प्रस्तावित स्वागत एवं अभिनंदन समारोह को सफल बनाने के लिए रालोद नेता रणवीर दहिया ने शुक्रवार को सिवाल खास विधानसभा क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने विभिन्न गांवों में पहुंचकर किसानों, युवाओं और क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। जनसंपर्क अभियान के दौरान रणवीर दहिया ने हर्रा, खिवाई, भदौड़ा, डालमपुर, मललापुर और रोहटा सहित कई गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से संवाद कर 26 जुलाई को सुबह 11 बजे सी.आर.एस. फार्म हाउस, पूठ खास में आयोजित समारोह में पहुंचकर के.सी. त्यागी का भव्य स्वागत करने का आह्वान किया। रणवीर दहिया ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल किसानों, मजदूरों और युवाओं के हितों की लड़ाई लगातार लड़ता रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह के नेतृत्व में रालोद गांव, किसान और खेत-खलिहान की आवाज को मजबूती से उठा रहा है। उन्होंने कहा कि के.सी. त्यागी का लंबा राजनीतिक और संसदीय अनुभव कार्यकताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनका मेरठ आगमन संगठन में नई ऊर्जा का संचार करेगा और कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाएगा।




जनसंपर्क अभियान में रालोद के क्षेत्रीय महासचिव योगेंद्र पतला तथा पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सचिन चौधरी सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# जीजा की मौत के मामले में फरार चल रहे साले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** नगर की कृष्णा कुंज कॉलोनी में तीन माह पूर्व हुई राहुल की मौत के मामले में फरार चल रहे उसके साले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस दो अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। एसीपी मसूरी सर्किल सुनील कुमार ने बताया कि 27 मई को मुरादनगर शहर की कृष्णा कुंज कॉलोनी निवासी राहुल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी उसकी मां सरोज देवी ने बहू और उसके मायके पक्ष के लोगों पर मकान बेचने के विवाद में राहुल के साथ मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसीपी ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस ने साक्ष्य के आधार पर मामले को हत्या की धाराओं में दर्ज कर विवेचना आगे बढ़ाई। मुखबीर की सूचना पर दिल्ली के करावल नगर निवासी आरोपी अजय को थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।



# मीडिया की जवाबदेही पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** कथित पेपर लीक प्रकरण और जंतर-मंतर पर छात्रों के आंदोलन को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। इसी क्रम में कांग्रेस के जिला महामंत्री नंदकिशोर शर्मा ने सरकार के साथ-साथ मीडिया की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सत्ता से जवाबदेही तय कराना मीडिया का प्रमुख दायित्व है।

नंदकिशोर शर्मा ने कहा कि छात्रों से जुड़े मुद्दों, शिक्षा व्यवस्था और कथित पेपर लीक जैसे मामलों पर सरकार से जवाब मांगना लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा है। उन्होंने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के उस बयान का उल्लेख करते हुए कहा कि मीडिया को पहले सरकार से छात्रों के हितों, शिक्षा व्यवस्था और संबंधित मंत्रियों की जवाबदेही पर



कांग्रेस नेता नंदकिशोर शर्मा

सवाल पूछने चाहिए। उनके अनुसार यह बयान मीडिया की प्राथमिकताओं और उसकी भूमिका पर गंभीर विमर्श की आवश्यकता की ओर इशारा करता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका निष्पक्ष और समान होनी चाहिए। साथ ही असहमति और शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है, जिसका समाधान संवाद और संवैधानिक प्रक्रिया के माध्यम से किया जाना चाहिए।

नंदकिशोर शर्मा ने कहा कि देश के युवाओं का भविष्य सर्वोच्च प्राथमिकता होना चाहिए तथा शिक्षा व्यवस्था में जनता का विश्वास बनाए रखना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मीडिया, जवाबदेह शासन और पारदर्शी शिक्षा व्यवस्था समान रूप से आवश्यक हैं। यदि शिक्षा से जुड़े मुद्दों का समय रहते प्रभावी समाधान नहीं किया गया तो इसका प्रतिकूल प्रभाव आने वाली पीढ़ियों के भविष्य पर पड़ सकता है।

# योग से स्वास्थ्य और सद्भाव का संदेश, सुभारती विश्वविद्यालय में ओपन योगासन चैंपियनशिप-2026 का भव्य शुभारंभ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा सत्यजीत रे ऑडिटोरियम में ओपन योगासन चैंपियनशिप-2026 का भव्य एवं प्रेरणादायी शुभारंभ किया गया। "योग स्वास्थ्य के लिए, योग सद्भाव के लिए" की थीम पर आयोजित इस प्रतियोगिता में 30 विद्यालयों के लगभग 170 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और प्रतिभा का परिचय दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) ओम नारायण तिवारी, डीन, स्कूल ऑफ योगिक साइंसेज एंड नेचुरोपैथी, श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय, देहरादून; सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) सी. मुनीश रेड्डी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. (डॉ.) शल्या राज, कार्यकारी अधिकारी प्रो. (डॉ.) कृष्णमूर्ति, प्रो-चांसलर मेज. जन. (डॉ.) जी. के. थपलियाल, एसएम(सेनि.), शिक्षा संकाय के डीन प्रो. (डॉ.) पिंटू मिश्रा तथा शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू अधिकारी का विभाग की ओर से औपचारिक स्वागत किया गया। समारोह में विश्वविद्यालय के डीन, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य, प्रशिक्षक, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में अभिभावक भी उपस्थित रहे।

भारतीय परंपरा के अनुरूप मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) ओम नारायण तिवारी का स्वागत विश्वविद्यालय के सीईओ प्रो. (डॉ.) शल्या राज, कुलपति प्रो. (डॉ.) सी. मुनीश रेड्डी एवं प्रो-चांसलर मेजर जनरल (प्रो.) जी.के. थपलियाल द्वारा पटका एवं पौधा भेंट कर किया गया। वहीं विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू अधिकारी एवं डीन प्रो. (डॉ.) पिंटू मिश्रा ने भी सीईओ, कुलपति एवं प्रो-चांसलर का पटका एवं पौधा भेंट कर सम्मान किया।

स्वागत भाषण देते हुए डॉ. मंजू अधिकारी ने कहा कि योग केवल शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और संतुलित जीवन का आधार है। इसके बाद अपने प्रेरक संबोधन में प्रो. (डॉ.) शल्या राज ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल और योग व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के सशक्त माध्यम हैं तथा युवाओं को इन्हें जीवनशैली का हिस्सा बनाना चाहिए।






उद्घाटन समारोह के दौरान प्रतिभागियों ने मनमोहक योग प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सामूहिक योग प्रदर्शन ने एकता, समन्वय और अनुशासन का उत्कृष्ट संदेश दिया, जबकि एम.ए. योग के छात्र तानिश कुमार एवं अभिषेक ने अपने प्रभावशाली एकल योगासन प्रदर्शन से संतुलन, लचीलापन और आत्मनियंत्रण का अद्भुत प्रदर्शन किया।

मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) ओम नारायण तिवारी ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाता है। उन्होंने युवाओं से योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया। उन्होंने अपने 32 वर्षों के शिक्षण अनुभव तथा योग एवं नेचुरोपैथी के क्षेत्र में किए गए शोध एवं योगदान के माध्यम से प्रतिभागियों को उत्कृष्टता की दिशा में निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. (डॉ.) सी. मुनीश रेड्डी ने प्रतिभागियों से अनुशासन, समर्पण और खेल-भावना के साथ प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया।

समारोह के अंत में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ ओपन योगासन चैंपियनशिप-2026 का शुभारंभ घोषित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

**आयोजन** — कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ रघुवर दयाल सिंह, प्रोफेसर, प्रोस्थोडोंटिक्स विभाग, किंग जॉर्ज मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ रहे

# आई.टी.एस. डेंटल कॉलेज में एक दिवसीय सी.डी.ई. एवं कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** दिल्ली मेरठ रोड पर असालत नगर के निकट स्थित आई.टी.एस. डेंटल कॉलेज के प्रोस्थोडोंटिक्स एंड क्राउन एंड ब्रिज विभाग द्वारा ऑक्लूजन अनलोक्डः द की टू क्लीनिक सक्सेस विषय पर एक दिवसीय सी.डी.ई. एवं कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में देश के विभिन्न डेंटल कॉलेजों के 200 से अधिक बी.डी.एस. छात्र एवं एम.डी.एस. के विद्यार्थियों के साथ-साथ सभी दंत विभागों के दंत चिकित्सकों ने सहभागिता की। यह कार्यक्रम आई.टी.एस. - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ. आर.पी. चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ रघुवर दयाल सिंह, प्रोफेसर, प्रोस्थोडोंटिक्स विभाग, किंग जॉर्ज मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ रहे। इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर-प्रिंसिपल, डॉ देवी चरण शेट्टी के साथ-साथ संस्थान के सभी डीन्स, दंत विभागों के






एच.ओ.डी. एवं दंत चिकित्सक भी उपस्थित रहे। अपने व्याख्यान में डॉ रघुवर ने दंत ऑक्लूजन के मूलभूत सिद्धांतों तथा रेस्टोरेटिव डेंटिस्ट्री, प्रोस्थोडोंटिक्स, इम्प्लांट डेंटिस्ट्री एवं फुल माउथ रिहैबिलिटेशन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने ऑक्लूजल कॉन्टैक्ट्स एवं मैंडीबुलर मूवमेंट्स के वैज्ञानिक विश्लेषण के माध्यम से सामान्य एवं विकृत ऑक्लूजल स्थितियों की पहचान, पैराफंक्शनल आदतों के साक्ष्य-आधारित निदान एवं प्रबंधन तथा दैनिक क्लीनिकल प्रैक्टिस में वैज्ञानिक ऑक्लूजल सिद्धांतों के समुचित उपयोग की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। कार्यशाला का मुख्य आकर्षण टी-स्कैन कम्प्यूटरीकृत ऑक्लूजल विश्लेषण प्रणाली का लाइव प्रदर्शन रहा। डॉ सिंह ने इस अत्याधुनिक डिजिटल तकनीक के माध्यम से डायनेमिक ऑक्लूजल कॉन्टैक्ट्स, बाइट फोर्स डिस्ट्रीब्यूशन, ऑक्लूजल टाइमिंग तथा मैंडीबुलर मूवमेंट्स का सटीक विश्लेषण प्रस्तुत किया। प्रतिभागियों ने व्यावहारिक रूप से यह समझा कि इस तकनीक द्वारा ऑक्लूजल इंटरफेरेंस एवं बल के संतुलन की सटीक पहचान कर बेहतर निदान, वैज्ञानिक ऑक्लूजल समायोजन तथा प्रभावी उपचार योजना कैसे तैयार की जा सकती है।

कार्यक्रम के दौरान आयोजित प्रश्नोत्तरी सत्र में प्रतिभागियों ने विशेषज्ञ से विभिन्न विषयों पर चर्चा की तथा अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों ने कार्यक्रमों की वैज्ञानिक गुणवत्ता, व्यावहारिक प्रस्तुति एवं डिजिटल ऑक्लूजल विश्लेषण से संबंधित ज्ञानवर्धक जानकारी की सराहना की।

# शासन के निर्देश पर चले अभियान में "गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त की एक करोड़ से ज्यादा की अचल संपत्ति को जब्त, कुर्क किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ, मुरादाबाद (सुदेश बिश्नोई)**। थाना छजलैट पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त अनिल कुमार पुत्र शिवकुमार निवासी ग्राम कुचावली थाना छजलैट जनपद मुरादाबाद के विरुद्ध धारा 14 (1) उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए उक्त अपराधी द्वारा समाज विरोधी क्रिया कलापों से अर्जित की गई अवैध अचल सम्पत्ति (कीमत 1,05,94,503/- रुपये) को जब्त कुर्क किया गया। 28.03.2026 को थाना छजलैट जनपद मुरादाबाद पर अभियुक्त अनिल कुमार पुत्र शिवकुमार निवासी ग्राम कुचावली थाना छजलैट जनपद मुरादाबाद के विरुद्ध मु0अ0सं0 56/26 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट, हत्या जैसे अपराध कारित कर एक संगठित गिरोह बनाकर भौतिक एवं आर्थिक लाभ अर्जित करने के सम्बन्ध में पंजीकृत किया गया।उपरोक्त मुकदमें की








विवेचना प्रभारी निरीक्षक थाना काँठ मुरादाबाद द्वारा संपादित की गई। अभियुक्त अनिल उपरोक्त द्वारा एक संगठित गिरोह बनाकर भौतिक एवं आर्थिक लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से हत्या जैसे जघन्य अपराध व अवैध कृत्य कारित कर-के अर्जित व अवैध धन से अपने व परिवारीजन के भरण-पोषण व अवैध धन अर्जित किया गया। उक्त अभियुक्त के विरुद्ध स्थानीय थाना व जनपद के अन्य थानो पर कई मुकदमें दर्ज हैं। उ0प्र0 शासन के निर्देशानुसार माफियाओं / गैंगस्टर के अभियुक्तों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत, उक्त अभियुक्तों द्वारा

अर्जित अवैध सम्पत्ति कुर्क किये जाने के परिप्रेक्ष्य में जिला मजिस्ट्रेट मुरादाबाद के आदेशानुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद सतपाल अंतिल, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कुवँर आकाश सिंह के निर्देशन में उपजिलाधिकारी काँठ स्निग्धा चतुवेर्दी, क्षेत्राधिकारी कांठ सुनिता दहिया के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक सुदेशपाल सिंह थाना काँठ व थानाध्यक्ष रमेश सहरावत थाना छजलैट जनपद मुरादाबाद के कुशल नेतृत्व मे आज थाना छजलैट पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-56/26 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त अनिल कुमार पुत्र शिवकुमार निवासी ग्राम कुचावली थाना छजलैट जनपद मुरादाबाद के नाम रजिस्टर्ड ग्राम चंगेरी थाना छजलैट जनपद मुरादाबाद मे स्थित गाटा संख्या-476 व 478 रकवा 0.941567 हे0 कृषि भूमि मालियत 84,74,103 रुपये, गाटा संख्या 476 रकबई 0.320 है0 अर्थात 320 वर्गमीटर मालियत 18,88,000 रुपये व गाटा संख्या-477 रकबई नं0 0.0664 हे0 कृषि भूमि मालियत 2,32,400 रुपये कुल मालियत कीमत (1,05,94,503रु0) को धारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत कुर्क जब्त किया गया ।

## स्कूलों-कालेजों के आसपास चलेगा "नशे के खिलाफ विशेष "अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। डीएम डा. राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में नशामुक्त भारत अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएम ने टीएमयू, आइएफटीएम, विश्वविद्यालयों, रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन के आसपास नशे के कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए।पुलिस विभाग ने बताया कि मार्च 2026 में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री के मामलों में 13 मुकदमे दर्ज कर 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार कोटपा अधिनियम के तहत अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक 441 तथा अप्रैल से जून 2026 के बीच 423 लोगों पर तंबाकू बिक्री और सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने पर जुमार्ना लगाया गया। बैठक में एसएसपी सतपाल अंतिल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## जानकपुर में पेड़ से लटका मिला व्यक्ति का शव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी ( एम.के.भारती सैफी )**। मैनाठेर थाना क्षेत्र क्षेत्र के जानकपुर में शुक्रवार सुबह एक शीशम के पेड़ से युवक का शव लटका मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान जयवीर सिंह (42) निवासी खानपुर सराय आलमपुर के रूप में हुई।

परिजनों के मुताबिक जयवीर गुरुवार रात से लापता थे। उनकी मानसिक स्थिति कुछ दिनों से ठीक नहीं चल रही थी।

भाई जसवीर सिंह ने बताया कि रात 112 पुलिस उन्हें थाने ले गई थी। वहां से घर आते समय जयवीर रास्ते से अचानक गायब हो गए। सुबह खेत में उनका शव पेड़ से लटका मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। थाना मैनाठेर की पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक अपने पीछे पत्नी और दो बच्चों को छोड़ गए हैं।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप, होटल में वीडियो बनाने का भी आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी**। थाना क्षेत्र में एक युवती से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

तहरीर में पीड़िता ने बताया कि इसी वर्ष 16 मार्च को वह कॉलेज से घर लौट रही थी। इसी दौरान परिचित एक युवक कार से मिला और घर छोड़ने की बात कहकर उसे पाकबड़ा को ले गया।

आरोप है कि वहां एक होटल में ले जाकर युवक ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया और मोबाइल से वीडियो भी बना लिया।पीड़िता का आरोप है कि इसके बाद आरोपी उसे वीडियो वायरल करने की धमकी देकर गलत काम के लिए दबाव बना रहा था। पीड़िता ने थाना कुन्दरकी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## श्री नरेंद्र भूषण स्कूल में मनाया गया चंद्रशेखर आजाद का जन्म दिवस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )** । भारत माता के अमर सपूत शहीद चंद्रशेखर






आजाद के जन्म दिवस पर श्री नरेंद्र भूषण स्कूल में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। स्कूली छात्र-छात्राओं ने आजाद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया और देशभक्ति के नारे लगाए।

स्कूल की प्रधानाचार्या सोफिया हफीज ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सबसे निर्भीक क्रांतिकारी थे। उनका मूल नाम चंद्रशेखर तिवारी था। उन्होंने कम उम्र में ही 'आजाद' नाम अपनाया और अंग्रेजों से न पकड़े जाने की कसम खाई।उन्होंने बताया कि आजाद का जन्म 23 जुलाई 1906 को मध्य प्रदेश के भाबरा गांव में हुआ था। 1921 में असहयोग आंदोलन में 15 साल की उम्र में गिरफ्तार होने पर उन्होंने मजिस्ट्रेट के सामने अपना नाम 'आजाद', पिता का नाम 'स्वतंत्रता' और पता 'जेल' बताया था। इसी से प्रभावित होकर उन्हें 'आजाद' कहा जाने लगा। बाद में वे राम प्रसाद बिस्मिल और भगत सिंह के साथ मिलकर एच एस आर ए से जुड़े और काकोरी कांड व सांडर्स हत्याकांड में अहम भूमिका निभाई। 27 फरवरी 1931 को प्रयागराज के अल्फ्रेड पार्क में पुलिस से मुठभेड़ में उन्होंने अंतिम गोली खुद पर चला ली और शहादत को गले लगाया। कार्यक्रम में शिक्षक व समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## जिला उद्योग बंधु की बैठक: गूंजे निर्यातकों के मुद्दे, फायर स्टेशन बनवाने की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )**। कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला उद्योग बंधु की बैठक में निर्यातकों और विभिन्न संगठनों ने उद्योगों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। बैठक में फायर स्टेशन की स्थापना, फैक्टरियों में बंदरों का आतंक, पुरानी औद्योगिक इकाइयों के नक्शे, बिजली कटौती, जाम और स्किल डेवलपमेंट सेंटर की स्थापना सहित कई मुद्दों पर चर्चा की गई।मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नवेद उर्रहमान और संरक्षक नजमुल इस्लाम ने औद्योगिक क्षेत्रों में बढ़ रही बंदरों की समस्या उठाते हुए शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी करने की मांग की। उन्होंने पुरानी औद्योगिक इकाइयों के भवनों के नक्शे एमडीए से सरल प्रक्रिया के तहत पास कराने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने की मांग की।

मझोला क्षेत्र में फायर स्टेशन स्थापित करने और जाम की समस्या के समाधान पर जोर दिया। आईआईए मुरादाबाद चैप्टर के अध्यक्ष राजेश लोहिया ने औद्योगिक क्षेत्रों में दिन के समय होने वाली बिजली कटौती का मुद्दा उठाया। उन्होंने बिजली मरम्मत का समय दोपहर एक से दो बजे या शाम छह से सात बजे निर्धारित करने की मांग की। इसके अलावा चटोरी गली में पार्किंग व्यवस्था न होने से लगने वाले जाम की समस्या भी बैठक में रखी गई।

एसएचईए व यस के पदाधिकारियों ने मेटल हैंडीक्राफ्ट सर्विस सेंटर के पिछले दो सालों से खाली पड़े आधुनिक भवन का उपयोग स्किल डेवलपमेंट सेंटर के रूप में करने का प्रस्ताव रखा। बैठक में लाकड़ी फाजलपुर औद्योगिक क्षेत्र में ब्लाइंड कर्व पर दुर्घटनाओं की आशंका क देखते हुए एक माह के भीतर ट्रैफिक मिरर, रिफ्लेक्टिव साइन बोर्ड, रोड मार्किंग और स्ट्रीट लाइट लगाने का निर्णय लिया गया। बुद्धि विहार से जीरो प्वाइंट तक यातायात व्यवस्था मजबूत करने और हेलमेट चेकिंग अभियान को प्रभावी बनाने पर भी चर्चा हुई। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी, दीपेंद्र कुमार, नोमान मंसूरी आदि मौजूद रहे।

## काम दिलाने का झांसा देकर किशोरी से" सामूहिक दुष्कर्म" चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )**। मझोला थाना क्षेत्र में रहने वाली किशोरी को एक युवक काम दिलाने का झांसा दिलाकर अपने साथ कलियर शरीफ ले गया, जहां आरोपी ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया।इसके बाद आरोपी के दोस्तों ने किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। एक महिला भी किशोरी को क्लीनिक पर ले गईं और वहां डॉक्टर ने उसका शारीरिक शोषण किया।

बाल कल्याण समिति में पीड़िता की काउंसलिंग हुई तो इसका खुलासा हुआ। मझोला थाने में दो नामजद आरोपी युवक, एक डॉक्टर और इनके कुछ साथी और एक महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।मझोला थाने में बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अमित कौशल ने मझोला थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 14 जुलाई को रामपुर की बाल कल्याण समिति ने 17 वर्षीय एक किशोरी को उनके पास भेजा था।

यहां किशोरी की काउंसलिंग की गई। उसने अपने बयानों में बताया कि करीब दो साल पहले वह साहिल की पीर का बाजार करूला स्थित दुकान पर काम करती थी। यहां उसकी जान पहचान अदनान से हो गई थी। मई 2024 में अदनान उसे काम दिलाने के बहाने कलियर शरीफ ले गया था। यहां आरोपी ने उसे किराये का कमरा दिला दिया और दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी ने अपने साथी बुला लिए और उन्होंने भी पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया।इसके बाद आरोपी उसे कलियर शरीफ में ही छोड़कर आ गए थे। पीड़िता ने मुरादाबाद आकर दुकानदार साहिल को आपबीती सुनाई। इसके बाद साहिल पीड़िता को अपने चचेरे भाई की दुकान पर ले गया जहां भी उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी वहां से निकली तो रास्ते में अदनान मिल गया। अदनान किशोरी को लेकर लाइन पार निवासी गीता के घर ले गया।अगले दिन यह महिला किशोरी के दांत का उपचार कराने की बात कहकर जयंतीपुर में एक क्लीनिक पर ले गई जहां डॉक्टर ने भी किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। इस उत्पीड़न से तंग आकर पीड़िता रामपुर चली गई थी। इस मामले में दुकानदार साहिल, अदनान, महिला गीता, डॉक्टर और अन्य लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## महिलाओं को आत्मरक्षा के लिए जिम, जूडो जरूरी : अंजना शर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ, मुरादाबाद (सुदेश बिश्नोई)**। योग और व्यायाम करने से हमारा शरीर ऊर्जावान और बीमारियों से बचाकर हमें मानसिक शांति प्रदान करता है। आत्मरक्षा के लिए महिलाओं को अपने स्वास्थ्य रक्षा के लिए निरंतर अभ्यास की आवश्यकता होती है।

यह विचार शुक्रवार की शाम बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉक्टर अंजना शर्मा ने नगर में आकाश वूमेंस वेलनेस क्लब के शुभारंभ के दौरान सरस्वती मां के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर समारोह में व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्मरक्षा के लिए योग, जिम, जूडो आदि का ज्ञान को साथ-साथ निरंतर अभ्यास करने की आवश्यकता है।संयमित जीवन व्यतीत करते हुए अपने स्वास्थ्य की रक्षा करना नितांत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि महिलाएं पुरुषों की अपेक्षाकृत कमजोर नहीं हैं।



आचार्य भावेश शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में विधि विधान से पूजा अर्चना कराते हुए कहा कि योग, जिम करने से हमें मानसिक तनाव दूर करने के साथ-साथ अपना वजन नियंत्रित कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि मोटापे से दिल की बीमारी बीमारियां,हाई ब्लड प्रेशर, शुगर आदि घातक बीमारियों से अपना बचाव कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि शरीर को ऊर्जावान बनाने के लिए हमें निरंतर व्यायाम करते हुए पौष्टिक पदार्थों का सेवन करना चाहिए।

इस मौके पर डायट प्रवक्ता शशि वाला, अर्चना बिश्नोई, चंचल बिश्नोई, अनुजा शर्मा, सुनीता शर्मा माया बिश्नोई, अनीता शर्मा, रजनी अग्रवाल, बिम्मी गुप्ता, मीना विश्नोई आदि महिलाएं भारी संख्या में मौजूद रहीं। आगंतुकों का आभार सुनीता शर्मा ने व्यक्त किया '।

## कांठ की "मौढ़ा तैय्या झील 4.75 करोड़ से विकसित होगी" पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने लगाई मुहर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ, मुरादाबाद ( सुदेश बिश्नोई)**। प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मुरादाबाद मंडल के पर्यटन, संस्कृति से संबंधित प्रस्तावित एवं निमार्णाधीन परियोजनाओं की समीक्षा की। कांठ की मौढ़ा तैव्या के विकास पर मंत्री ने मुहर पाई। इसके साथ ही रामपुर का भीमराव आंबेडकर पुस्तकालय व संभल की बावली का संरक्षण भी होगा।मुरादाबाद जिले के कांठ विधानसभा क्षेत्र में आने वाली मौढ़ा तैय्या झील लगभग 4.75 करोड़ रुपये की लागत से संवरेगी।जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैसिया की ओर से इस झील को ईको-टूरिज्म परियोजना के तहत प्रस्ताव तैयार करवाया गया था।इस परियोजना के तहत क्लॉक टॉवर, वॉच टॉवर, आकर्षक लैंडस्केपिंग, नेचर ट्रेल, झील किनारे कैफे सहित पर्यटकों के लिए आधुनिक और प्रकृति-अनुकूल सुविधाएं विकसित किए जाने का प्रस्ताव



है।मंडलायुक्त कार्यालय में गुरुवार को आयोजित पर्यटन विभाग की मंडलीय बैठक में मौजूद उत्तर प्रदेश सरकार में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, विधायक रामवीर सिंह जनपद के अधिकारी मौजूद थे ' पर्यटन विभाग के कुल 16 प्रस्ताव शामिल किए गए है। इनकी अनुमानित लागत 24 करोड़ रूपए से अधिक है। इनमें मुरादाबाद के 5, अमरोहा के 3. बिजनौर के 4, रामपुर के 2 और संभल के 2 प्रस्ताव शामिल है। इन परियोजनाओं के तहत प्राचीन मंदिरों, गुरुद्वारों, धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर बहुउद्देशीय हॉल, लाइट, पेयजल, साइनेज विद क्यूआर कोड, यात्री बेंच और लैंडस्केपिंग सहित विभिन्न पर्यटक सुविधाओं का विकास किया जाएगा।धरोहरों के संरक्षण एवं विकास से जुड़ी परियोजनाओं को प्रमुखता दी गई। साथ ही पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने निर्देश दिए कि 1 करोड़ रुपए तक सभी परियोजनाएं साल 2026 के नवंबर माह तक पूरी की जाएं।

## कार सवारों को टोकना तहसील कर्मचारियों को पड़ा भारी: कार सवारों ने दोनों को पीटा, पुलिस ने जांच की शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)**। तहसील के कर्मचारियों को लापरवाही पर कार सवारो को टोकना उस वक्त भारी पड़ गया जब कार सवारों ने बाइक में पीछे से टक्कर मार कर गिरा दिया और दोनों को जमकर पीटा, कर्मचारियों की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। तहसील कार्यालय में तैनात अंकुश कुमार अपने सहयोगी युसूफ पुत्र मुजफ्फर निवासी खलीलपुर चेतरामपुर के साथ मोटरसाइकिल से जिला निर्वाचन कार्यालय होकर तहसील के लिए वापस आ रहे थे लदावली के पास पहुंचे तो रास्ते में कार खड़ी करके कुछ लोग शराब पी रहे थे उनकी बाइक जब कार के नजदीक पहुंची तो चालक ने अचानक खिड़की खोल दीं जिससे वह गिरने से बच गए इस बात के लिए उन्होंने कार सवार को टोक दिया तो उन्होंने पीछा किया और उनकी बाइक में टक्कर मार कर नीचे गिरा दिया। आरोप है कि कार सवारो नें उतरकर दोनों को काफी पीटा और उनके पास मौजूद पत्रावली को भी फाड़ दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग इकट्ठे हो गए तो वह वहां से देख लेने की धमकी देकर चले गए दोनों थाने पहुंचे और तहरीर दीं छजलेट पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

## अनुदेशक को 2017 से ही बढ़ा मानदेय मिलेगा : डॉ नीरज शर्मा,डॉ कपिल सिरोही ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का किया स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ, मुरादाबाद (सुदेश बिश्नोई)** । जनपद एवं प्रदेश के जूनियर हाई स्कूलों में कार्यरत 25 हजार अनुदेशकों के वेतन बढ़ोतरी मुद्दे पर यूपी सरकार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने 4 फरवरी के अपने फैसले की समीक्षा करने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने महज 7 हजार रुपये मासिक मानदेय पर कार्यरत अनुदेशकों का मानदेय बढ़ा दिया था। साथ ही यह भी कहा था कि अनुबंध खत्म होने के बाद उनकी नियुक्ति स्थायी मानी जाएगी।

जस्टिस विक्रम नाथ और पी.बी. बराले की पीठ ने इस फैसले की समीक्षा की मांग को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से दाखिल पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी। पीठ ने एक पन्ने के अपने आदेश में कहा कि 4 फरवरी, 2026 को पारित फैसले में किसी तरह की कोई खामी नहीं है। उक्त फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि एक दशक से भी अधिक समय से इन अनुबंधित अनुदेशकों को महज 7 हजार रुपये मासिक मानदेय पर रखना एक अनुचित प्रथा है जो बंधुआ मजदूरी/बेगार के समान है। यह संविधान के अनुच्छेद 23 पूरी तरह से प्रतिबंधित है।

सरकार ने दलील दी थी कि केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित योजना के लिए केंद्र से पैसा नहीं मिलने के बाद राज्य सरकार को पूरा मानदेय देने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है। इसे कोर्ट ने ठुकरा दिया था। कहा था कि ये अनुदेशक जो लगातार दस साल से अधिक समय से काम कर रहे हैं, उन्हें स्थायी रूप से नियुक्त माना जाएगा। समय के साथ और काम की निरंतरता को ध्यान में रखते हुए ऐसे पद अपने आप बन जाते हैं। पीठ ने यूपी सरकार को आदेश दिया है कि वह 1 अप्रैल, 2026 से इस श्रेणी के अनुदेशकों को 17,000 रुपये प्रति माह दर से मानदेय देना था ' सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष डॉक्टर नीरज शर्मा, जिला उपाध्यक्ष एवं ब्लॉक छजलैट के अध्यक्ष डॉ कपिल सिरोही ने स्वागत किया है।

**मौत** | हंगामे के बीच मृतक के भाई का पर्स चुराते चोर पकडा

# ईंटो से भरी ट्राली पलटने से राज मिस्त्री की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पीलीभीत**। शहर कोतवाली क्षेत्र के देशनगर बाहर चुंगी इलाके में इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य के दौरान ईंटों से लदी ट्रॉली पलटने से युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद अस्पताल में परिजनों के बीच मचे हंगामे का फायदा उठाकर एक युवक ने मृतक के भाई का पर्स चुरा लिया, लेकिन मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार निर्माण स्थल पर इंटरलॉकिंग कार्य के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली में करीब दो हजार ईंटें लाई गई थीं। बताया गया कि ट्रॉली पहले से पंचर थी। एक तरफ की ईंटें उतारने के बाद दूसरी ओर से ईंटें उतारी जा रही थीं, तभी संतुलन बिगड़ने से ट्रॉली अचानक पलट गई। हादसे के समय जंगरौली आशा



निवासी राजमिस्त्री प्रेम चंद्र (पुत्र गेंदनलाल) ट्रॉली के पास काम कर रहे थे। ट्रॉली की चपेट में आने से वह नीचे दब गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलने पर मृतक के भाई प्रीतम राम और अन्य परिजन अस्पताल पहुंचे। इसी दौरान अफरा-तफरी का फायदा उठाकर एक युवक ने प्रीतम राम की जेब से पर्स निकाल लिया। हालांकि मौके पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। सूचना पर शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है शहर कोतवाल प्रमेंद्र कुमार ने बताया कि ट्रॉली पलटने से हुई मौत और पर्स चोरी, दोनों मामलों में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है तथा पूरे घटनाक्रम की जांच जारी है।

## लापता मासूम की तलाश में जंगल से खेत तक कांबिंग, दूसरे दिन भी नहीं मिला सुराग

बुलन्द संदेश ब्यूरो


**पूरनपुर/पीलीभीत**। पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव जटपुरा से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हुई सात वर्षीय अंशिका का अगले भी कोई सुराग नहीं लग सका है। बच्ची की तलाश में शुक्रवार को भी पूरा गांव, पुलिस और वन विभाग की टीमें खेतों, गन्ने के खेतों और जंगल में घंटों तक कांबिंग करती रहीं, लेकिन सफलता नहीं मिली। घटना के बाद पूरे इलाके

- खेत पर जाते समय रहस्यमय ढंग से लापता हुई थी अंशिका
- वन्यजीव के हमले और अन्य आशंकाओं पर जांच तेज

में दहशत का माहौल है।बताया गया कि सात वर्षीय अंशिका खेत पर गए परिजनों के पास जाने के लिए निकली थी। गांव का ही एक युवक बाइक से कुछ दूरी तक छोड़कर चला गया। इसके बाद मासूम रहस्यमय ढंग से लापता हो गई।शाम को जब परिजन घर लौटे तो बेटी नहीं मिली। काफी देर तक तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चला तो परिवार और ग्रामीण खेतों, गन्ने के खेतों तथा जंगल में खोजबीन में जुट गए। जिस स्थान पर बच्ची को बाइक सवार ने छोड़ा था, वहां हाल ही में तेंदुए की लोकेशन मिलने की बात भी सामने आई है, जिससे वन्यजीव के हमले



की आशंका और गहरा गई है। मासूम के पिता दूसरे प्रदेश में मजदूरी करने गए हुए हैं। शुक्रवार सुबह से पुलिस, वन विभाग और ग्रामीणों ने दोबारा सर्च अभियान चलाया। सूचना पर विधायक बाबूराम पासवान भी गांव पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर अधिकारियों को हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिए। मौके पर नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी, ऋषि दीक्षित, सामाजिक वानिकी रेंजर सोबरन सिंह और पीलीभीत टाइगर रिजर्व (पीटीआर) की टीम भी मौजूद रही।मासूम के मां मीरा देवी ने हरिपुर चौकी में तहरीर देकर वन्यजीव के हमले के साथ-साथ किसी व्यक्ति द्वारा बच्ची को ले जाने की आशंका भी जताई है। पुलिस और वन विभाग दोनों पहलुओं पर जांच कर रहे हैं।सामाजिक वानिकी रेंजर सोबरन सिंह ने बताया कि गांव के पास तेंदुआ देखे जाने की पुष्टि हुई है। क्षेत्र में गन्ने का रकबा अधिक होने के कारण तलाश में दिक्कत आ रही है। खेतों और जंगल में व्यापक स्तर पर दोबारा कांबिंग कराई जाएगी। घटना के बाद पूरे जटपुरा और आसपास के गांवों में भय का माहौल है। ग्रामीण बच्चों को अकेले बाहर नहीं जाने दे रहे हैं और जल्द से जल्द मासूम का पता लगाने की मांग कर रहे हैं।



# प्रीति जिंटा ने सोनम वांगचुक के समर्थन में उठाई आवाज, सरकार से की बातचीत की अपील

बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा फिल्मों के साथ-साथ सामाजिक मुद्दों पर भी राय रखने के लिए जानी जाती हैं। इस कड़ी में उन्होंने शिक्षा व्यवस्था और पेपर लीक जैसे मुद्दों को लेकर चल रहे आंदोलन पर प्रतिक्रिया दी। प्रीति ने एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक के समर्थन में आवाज उठाते हुए सरकार से उनके साथ बातचीत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सोनम वांगचुक की सेहत लगातार खराब हो रही है और ऐसे में किसी समाधान तक पहुंचने के लिए बातचीत जरूरी है। प्रीति जिंटा ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए सरकार से बातचीत शुरू करने की अपील की। उन्होंने लिखा, मुझे उम्मीद है कि सरकार सोनम वांगचुक और छात्र संगठनों के साथ बातचीत करेगी, ताकि उनकी तबीयत और ज्यादा खराब न हो।

अपने पोस्ट में प्रीति ने सोनम वांगचुक से अपना अनशन खत्म करने की अपील की। उन्होंने लिखा, सोनम, प्लीज अपना अनशन खत्म करें। आपकी सेहत भी इस लड़ाई जितनी ही जरूरी है।

अभिनेत्री ने लिखा, सोनम वांगचुक और छात्र भारत के भविष्य और युवाओं के लिए आवाज उठा रहे हैं। हमारी शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने और अपग्रेड करने की लड़ाई में मेरा दिल से समर्थन है। आप सभी को और ताकत मिले।


**दरअसल, सोनम वांगचुक नीट पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था में कथित अनियमितताओं के विरोध में अनशन कर रहे हैं। उनके आंदोलन को लेकर देश के कई हिस्सों में प्रदर्शन देखने को मिल रहे हैं। राजधानी दिल्ली समेत कई बड़े शहरों में छात्रों और प्रदर्शनकारियों ने मांगों को लेकर आवाज उठाई है। सोनम वांगचुक के अनशन को लेकर उस समय मामला और ज्यादा चर्चा में आया, जब दिल्ली पुलिस ने उन्हें जंतर-मंतर से हटाया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 18 जुलाई की सुबह पुलिस ने उन्हें प्रदर्शन स्थल से हटाकर अस्पताल पहुंचाया था। पुलिस ने यह कदम उनकी बिगड़ती तबीयत, डॉक्टरों की सलाह और दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए उठाया। सोनम वांगचुक ने केंद्र सरकार से शिक्षा व्यवस्था में सुधार और प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ियों को लेकर अपनी मांगें रखी हैं। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग भी की है**

दरअसल, सोनम वांगचुक नीट पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था में कथित अनियमितताओं के विरोध में अनशन कर रहे हैं। उनके आंदोलन को लेकर देश के कई हिस्सों में प्रदर्शन देखने को मिल रहे हैं। राजधानी दिल्ली समेत कई बड़े शहरों में छात्रों और प्रदर्शनकारियों ने मांगों को लेकर आवाज उठाई है।

सोनम वांगचुक के अनशन को लेकर उस समय मामला और ज्यादा चर्चा में आया, जब दिल्ली पुलिस ने उन्हें जंतर-मंतर से हटाया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 18 जुलाई की सुबह पुलिस ने उन्हें प्रदर्शन स्थल से हटाकर अस्पताल पहुंचाया था। पुलिस ने यह कदम उनकी बिगड़ती तबीयत, डॉक्टरों की सलाह और दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए उठाया। सोनम वांगचुक ने केंद्र सरकार से शिक्षा व्यवस्था में सुधार और प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ियों को लेकर अपनी मांगें रखी हैं। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग भी की है। उनका कहना है कि परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और छात्रों के भविष्य की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।

# मेगास्टार अमिताभ बच्चन को ब्लॉग लिखना पड़ा भारी, अब दे रहे हैं सफाई

मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने स्पष्ट किया है कि उनके हालिया ब्लॉग पोस्ट को लोगों ने गलत तरीके से समझ लिया। उन्होंने कहा कि उनकी पोस्ट किसी निजी स्थिति से जुड़ी नहीं थी, बल्कि अर्जेंटीना की हार के बाद फुटबॉल के दिग्गज लियोनेल मेसी के उदाहरण के जरिए एक विचार समझाने का प्रयास था। अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में लिखा, मैं बिल्कुल ठीक हूं। लोगों ने मेरी पोस्ट का गलत मतलब निकाल लिया। उन्होंने आगे लिखा, मैं सिर्फ अपनी बात समझाने के लिए एक उदाहरण दे रहा था। जैसे किसी बड़ी सर्जरी या आईसीयू से



बाहर आने के बाद असली चुनौती तब शुरू होती है, जब मरीज घर लौटकर अपनी बदली हुई शारीरिक स्थिति का सामना करता है। उसी तरह, जब कोई चैंपियन हारता है, तो सबसे कठिन समय हार नहीं, बल्कि उसके बाद खुद को संभालना और उस हार को स्वीकार करना होता है।

महानायक ने कहा कि इसी बात को स्पष्ट करने के लिए उन्होंने अर्जेंटीना की हार और लियोनेल मेसी का उदाहरण दिया था, लेकिन लोगों ने यह समझ लिया कि वह अपनी ही स्थिति या किसी व्यक्तिगत हार की बात कर रहे हैं।

इससे पहले मंगलवार को अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में अस्पताल में भर्ती होने, सर्जरी कराने, आईसीयू में समय बिताने और घर लौटने के बाद आने वाली शारीरिक एवं मानसिक चुनौतियों का जिक्र किया था। वहीं, सोशल मीडिया मंच एक्स पर उन्होंने लिखा था, खेल खत्म हो गया है! लेकिन काम अभी भी जारी है।

इन पोस्ट के बाद सोशल मीडिया पर उनके प्रशंसकों के बीच उनकी सेहत को लेकर चिंता बढ़ गई थी। इसके बाद अमिताभ बच्चन ने ब्लॉग के माध्यम से स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि उनकी पोस्ट का गलत अर्थ निकाला गया।

# राम गोपाल वर्मा की तारीफ पर गदगद हुईं यामी गौतम, कहा- सफर ही सबसे बड़ा शिक्षक रहा

अभिनेत्री यामी गौतम इन दिनों आर्टिकल 370 से मिले राष्ट्रीय पुरस्कार को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। अभिनेत्री ने मंगलवार को सोशल मीडिया के जरिए मनोरंजन जगत में बिताए लंबे सफर को सबसे बड़ा शिक्षक बताया। दरअसल, यामी की इस जीत पर निर्देशक राम गोपाल वर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करते हुए बधाई दी थी, जिस पर यामी ने खुशी जाहिर करते हुए उनका धन्यवाद किया। अभिनेत्री ने अपने सफर को याद करते हुए टेलीविजन की दुनिया को सबसे बड़ा टीचर बताया। अभिनेत्री ने लिखा, बहुत-बहुत धन्यवाद, सर। आपके शब्द मेरे लिए बहुत मायने रखते हैं। यह सफर सच में मेरे लिए सबसे बड़ा शिक्षक रहा है और आपके प्रोत्साहन व सहयोग के लिए मैं दिल से आभारी हूं। आगे भी सीखते, आगे बढ़ते और अपने काम के प्रति ईमानदार बने रहने की कोशिश जारी रहेगी।

अभिनेत्री यामी गौतम ने टेलीविजन इंडस्ट्री से अपने करियर की शुरूआत कर खुद को हिंदी सिनेमा की सफल अभिनेत्री के रूप में स्थापित किया।

बता दें कि आर्टिकल 370 2024 में रिलीज हुई एक राजनीतिक एक्शन-थ्रिलर फिल्म थी। यह फिल्म जम्मू-कश्मीर को संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत प्राप्त विशेष दर्जे को निरस्त करने और राज्य से आतंकवाद के खात्मे की ऐतिहासिक और राजनीतिक पृष्ठभूमि पर आधारित है। फिल्म में अभिनेत्री यामी गौतम ने जूनी हक्सर नामक एक खुफिया (इंटेलिजेंस) अधिकारी की भूमिका अदा की थी और प्रियमणि ने पीएमओ सचिव राजेश्वरी स्वामीनाथन की मुख्य भूमिका निभाई थी। इनके अलावा अरुण गोविल (प्रधानमंत्री) और किरण करमाकर (गृह मंत्री) के किरदार में नजर आए थे।



इसका निर्देशन आदित्य सुहास जाम्भले ने किया था। इसकी पटकथा 2016 की कश्मीर अशांति और अनुच्छेद 370 को हटाने के गुप्त मिशन के इर्द-गिर्द घूमती है। सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन के बाद, यह फिल्म जी5 और नेटफ्लिक्स पर भी उपलब्ध है।

फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत सफल रही थी। फिल्म ने 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में बड़ी सफलता हासिल करते हुए सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार जीता और यामी गौतम को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला।

# तनावमुक्त जीवन और बेहतर एकाग्रता के लिए करें उत्थित पार्श्वकोणासन योगासन

आज की व्यस्त जीवनशैली में शारीरिक संतुलन और आंतरिक ऊर्जा को बनाए रखना एक चुनौती बन गया है। ऐसी स्थिति में उत्थित पार्श्वकोणासन एक ऐसा योगासन है, जो शरीर को ताजगी प्रदान करता है। उत्थित का अर्थ है, खिंचाव, पार्श्व का अर्थ बगल और कोण का अर्थ एंगल हैं। यह एक ऐसा आसन है जिसमें शरीर के पार्श्व (साइड) भाग में एक संपूर्ण और सुंदर पार्श्व-कोण बनता

खड़े होकर किए जाने वाले योगासनों में से एक सबसे महत्वपूर्ण और व्यापक आसन है, जो पेट के अंगों की मालिश करता है, पाचन में सुधार लाता है, और पैरों व रीढ़ को मजबूत करता है। इसके अलावा, शरीर में लचीलापन भी बढ़ता है और रीढ़ की हड्डी पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। साथ ही, यह छाती के विकास और साइटिका के दर्द में राहत दिलाता है। हालांकि, अगर कोई व्यक्ति साइटिका से ज्यादा परेशान है, तो वे सबसे पहले डॉक्टर से सलाह करें।



इसको करना बेहद आसान है। इसके लिए सबसे पहले योगा मैट पर दोनों पैरों को एक दूसरे से दूर फैला लें। अब दाहिने पैर के पंजे को बाहर की तरफ घुटने से धीरे-धीरे मोड़ें और उसी मुद्रा में नीचे की ओर बैठें। फिर अपने दाएं हाथ को दाएं पैर के पास जमीन पर रखें और बाएं हाथ को ऊपर की ओर सीधा 90 डिग्री के एंगल में रखने की कोशिश करें। कुछ देर इसी मुद्रा में रहने की कोशिश करें, फिर धीरे-धीरे सामान्य हो जाएं। हालांकि, शुरूआती अभ्यासकताओं को इसको करने में थोड़ी दिक्कत हो सकती है, लेकिन धीरे-धीरे आदत हो जाएगी और शरीर खुलने लगेगा। इसी प्रक्रिया को दूसरी तरफ (बाएं पैर को मोड़कर) दोहराएं।

है। यह न केवल हमारी शारीरिक शक्ति और लचीलेपन को बढ़ाता है, बल्कि मन में स्थिरता और एकाग्रता भी लाता है। आयुष मंत्रालय के अनुसार, उत्थित पार्श्वकोणासन (विस्तारित पार्श्व कोण मुद्रा)

गंभीर पीठ या गर्दन की चोट, उच्च/निम्न रक्तचाप, और माइग्रेन की स्थिति में इस आसन का अभ्यास करने से बचें।

00

# खून में घुल चुका है यूरिक एसिड तो बाहर निकालने के लिए खाएं ये फल

यूरिक एसिड खून में पाया जाने वाला एक गंदा पदार्थ है। जी दरअसल यह तब बनता है जब शरीर प्यूरीन नाम के रसायनों को तोड़ता है। आपको बता दें कि यूरिक एसिड खून में घुल जाता है और किडनी से होकर टॉयलेट के साथ निकल जाता है लेकिन कई बार यह निकल नहीं पाता और खून में जमा होता रहता है इससे आपको हाइपरयूरिसीमिया नाम की बीमारी का खतरा हो सकता है हाइपरयूरिसीमिया बीमारी की वजह से यूरिक एसिड क्रिस्टल का रूप ले लेता है और ये क्रिस्टल जोड़ों में जमा हो जाते हैं और गठिया गाउट का कारण भी बन सकते हैं। जी दरअसल कई बार ये किडनी में भी जा सकते हैं पथरी भी बना सकते हैं। हालाँकि यूरिक एसिड से बचने का सबसे आसान उपाय यह है कि आप उन चीजों का सेवन न करें जिनमें प्यूरीन की मात्रा कम होती है। जी दरअसल यूरिक एसिड के लिए कई दवाएं और इलाज हैं लेकिन आप कुछ फलों को अपनी डाइट में शामिल करके नैचुरली इसका लेवल कम कर सकते हैं।

**सिट्रस फ्रूट्स**

अंगूर, संतरा, अनानास और स्ट्रॉबेरी जैसे फलों में विटामिन सी पाया जाता है जो आपके यूरिक एसिड लेवल को कम करते हैं। इसी के साथ गाउट के जोखिम को भी रोकने में मदद करते हैं हालाँकि अगर आप अपने गठिया के लिए 'कोल्सीसिन' दवा लेते हैं तो अंगूर न खाएं क्योंकि यह आपकी दवा के असर को कम कर सकता है।

**एवोकैडो**

अगर आप यूरिक एसिड को कम करना चाहते हैं तो अपनी डाइट में एवोकैडो शामिल कीजिये। जी दरअसल यह एंटीऑक्सीडेंट का एक बेहतर स्त्रोत है। आपको बता दें कि एवोकाडो में विटामिन ई की मात्रा काफी ज्यादा होती है जो एक एंटी-इंफ्लेमेटरी है जो गाउट को रोकने में मदद कर सकता है।

**एप्पल**



सेब में फाइबर की मात्रा काफी ज्यादा होती है जो यूरिक एसिड लेवल को कम करने में मदद करती है। इसी के साथ फाइबर आपके शरीर से अतिरिक्त यूरिक एसिड को खत्म करता है। वहीं सेब में मैलिक एसिड होते हैं जो शरीर में यूरिक एसिड के प्रभाव को बेअसर कर देते हैं।

# 15 अगस्त से पहले ' तिरंगे 'की धूम -बाजारों में बढ़ी मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**लखनऊ।** स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर इस वर्ष भी हर घर तिरंगा-2026 अभियान को लेकर बाजारों में तैयारियां तेज हो गई हैं। राष्ट्रीय ध्वज की मांग बढ़ने के साथ ही थोक एवं खुदरा व्यापारियों ने पर्याप्त स्टॉक जुटाना शुरू कर दिया है। व्यापारियों का मानना है कि अगस्त के पहले सप्ताह से बिक्री में और तेजी आने की संभावना है।

लखनऊ के प्रमुख प्रचार सामग्री निमार्ता शीला ऐड मेकर्स ने भी स्वतंत्रता दिवस को लेकर सभी प्रकार के राष्ट्रीय ध्वज एवं संबंधित सामग्री का पर्याप्त स्टॉक तैयार कर लिया है। संस्था द्वारा विभिन्न आकार के कपड़े के तिरंगे, डंडे, कार फ्लैग, हैंड फ्लैग, बैज, स्टिकर, टी-शर्ट, कैप सहित अन्य देशभक्ति प्रचार सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। संस्थान का आउटलेट 488/47, गुड़मंडी, डालीगंज, लखनऊ पर थोक एवं खुदरा ग्राहकों के लिए सामग्री उपलब्ध है। इसके अलावा ऑनलाइन ऑर्डर की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। ग्राहक www.chunavseva.com तथा चुनाव सेवा ऐप के माध्यम से भी देशभर से ऑर्डर कर सकते हैं।

इस अभियान में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं भी बड़ी भूमिका निभा रही हैं। उनके द्वारा तैयार किए जा रहे राष्ट्रीय ध्वजों से स्थानीय स्तर पर रोजगार को भी बढ़ावा मिल रहा है।

शीला ऐड मेकर्स के प्रोपराइटर अजय अग्रवाल ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में स्टॉक तैयार किया गया है ताकि स्कूलों, महाविद्यालयों, शासकीय कार्यालयों, निजी संस्थानों एवं आम नागरिकों को समय पर राष्ट्रीय ध्वज और अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने बताया कि इस वर्ष मांग में अच्छी बढ़ोतरी की उम्मीद है, जिसके चलते पहले से ही व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# कविताओं की महफिल सजाकर दी प्रोफेसर वागीश दिनकर को बधाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**धौलाना ।** शुक्रवार को पिलखुवा नगर स्थित क्षेत्र के प्रतिष्ठित राणा शिक्षा शिविर महाविद्यालय में पूर्व प्राचार्य, अंतर्राष्ट्रीय कवि, प्रोफेसर वागीश दिनकर को उत्कृष्ट शिक्षण हेतु प्रदान किए गए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड के लिए बधाई देने वालों का ताँता लगा रहा। इस अवसर पर कविता की महफिल सजाई गई। इस दौरान प्रसिद्ध कवि डा ओमपाल सिंह विकट एवं ओज के दमदार स्वर सौरभ राणा को आमंत्रित किया गया।

बुधवार को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित 38 वें दीक्षांत समारोह के दौरान मूल रूप से धौलाना के निवासी, विश्विद्यालय के सबसे ज्येष्ठ प्रोफेसर, समस्त विश्विद्यालय में एकमात्र डी. लिट. डिग्री धारक,अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रोफेसर वागीश दिनकर को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने उत्कृष्ट शिक्षण के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया। जिससे पूरे जनपद में हर्ष का माहौल बन गया। उन्हें बधाई देने वालों का ताँता लगा हुआ है। इसी क्रम में यह कविता की महफिल सजाई गई। यह महफिल लगभग दो घंटे चली। विकट ने आधुनिक महाभारत, महाभारत का दोषी कौन नामक कविताएं सुनाई। जबकि सौरभ राणा ने खेती किसानी, माता पिता व ओज विषय पर अनेक छंद सुनाकर वाह वाही लूटी। महफिल में लोग अंत तक जमे रहे। प्रोफेसर दिनकर ने इस उपलब्धि को अपने माता पिता विद्यालय परिवार व क्षेत्र के प्यार व सहयोग के नाम करते हुए कहा कि अब उन पर जिम्मेदारी और बढ़ गई है। उन्होंने सभी बधाई देने वालों का हृदय तल से आभार व्यक्त किया। इस मौके पर कार्यालय प्रभारी योगेन्द्र सिंह चौहान, रेशु तोमर, योगेश तोमर, योगेश कुमार, अजय कुमार सहित महाविद्यालय परिवार के समस्त लोग मौजूद रहे।

# खेत तालाब योजना में करें आवेदन, सरकार दे रही 50 प्रतिशत अनुदान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूँ ।** भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ0 नरेन्द्र प्रताप ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय कृषि विकास अन्तर्गत खेत तालाब योजना के अन्तर्गत ऐसे लाभार्थी, जिन्होंने विगत 07 वर्षों में उद्यान विभाग व कृषि विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली (स्प्रिंकलर सेट) की स्थापना कराते हुए त्रिपक्षीय अनुबंध कर उद्यान विभाग के माध्यम से स्प्रिंकलर सेट की स्थापना कराई है। जनपद में इस योजनान्तर्गत कुल 12 तालाबों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इच्छुक कृषक कृषि विभाग के दर्शन पोर्टल https://agridarshan.up.gov.in पर अपनी बुकिंग कर सकते है। उन्होंने बताया कि लाभार्थी को 1000 रुपए टोकन मनी के रूप में यू0पी0आई0 के माध्यम से या यूनियन बैंक खाते में जमा करनी होती है। अभिलेखीय औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए लाभार्थी के द्वारा स्वंय तालाब खुदाई एवं पक्के इनलेट का कार्य किया जाता है। लघु तालाब (22मी0 ग 20मी0 ग 3मी0) जिसकी विभिन्न मदों के माध्यम से



कुल लागत 1.05 लाख रू0 आती है, उस पर 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 52500 रू0 की अनुदानित धनराशि डी0बी0टी0 के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में भेजे जाने का प्रावधान है। तालाब खुदाई के उपरांत प्रथम किस्त 39375 रुपए तथा पक्का इनलेट बनाने के उपरांत दूसरी किस्त 13125 रू0 सीधे लाभार्थी के खाते में डी0बी0टी0 के माध्यम से भेजी जाती है।

उन्होंने बताया कि लाभार्थी द्वारा खुदाई न करने की स्थिति में टोकन मनी 1000 रुपए जब्त हो जाएगी तथा तालाब खुदाई के उपरांत टोकन मनी की धनराशि को वापस किए जाने का प्रावधान है। तालाब खुदवाने वाले लाभार्थी के लिए पम्पसेट दिए जाने का प्रावधान है, जिस पर मूल्य का 50 प्रतिशत या अधिकतम 15000 रुपए की धनराशि का अनुदान दिए जाने की व्यवस्था है। तालाब की बुकिंग हेतु पोटर्ल सक्रिय है। अधिक जानकारी के लिए भूमि संरक्षण अधिकारी, कार्यालय के मो0नं0 9721700744 पर संपर्क किया जा सकता है।

# एंबुलेंस की टक्कर से दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** शुक्रवार की शाम छजलैट मुरादाबाद मार्ग पर एंबुलेंस ने सामने से आ रही दो वाइकों में सामने से टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने एंबुलेंस को कब्जे में लेकर दोनों बाइक सवारों को जिला अस्पताल भिजवा है। बिजनौर जनपद के ग्राम टांडा वाला साहू बाला निवासी पिपुल पुत्र ऋषि पाल सिंह एंबुलेंस चालक अपने गांव से मरीज लेकर छजलैट मुरादाबाद हाईवे से मुरादाबाद जा रहा था। एंबुलेंस ने ग्राम भीकनपुर के पास एचपी पेट्रोल पंप के समीप सामने से आ रही दो मोटर साइकिलों में टक्कर मार दी। दुर्घटना में थाना छजलैट क्षेत्र के कुरी रवाना निवासी बाइक सवार हरिओम पुत्र नत्थू सिंह एवं अमरोहा कोतवाली निवासी बाइक सवार अतुल पुत्र ब्रह्म शंकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर थाना अध्यक्ष रमेश सहरावत पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। उन्होंने दोनों बाइक सवारों को दूसरी एंबुलेंस 108 से जिला अस्पताल भर्ती करा दिया है। पुलिस ने एंबुलेंस को अपनी हिरासत में ले लिया है।

# घर की मरम्मत के दौरान केबल हटाने को लेकर भिड़े दो पक्ष

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**संभल ( सय्यद अतहर अली )।** हयातनगर के सरायतरीन में मामूली कहासुनी के बाद शुरू हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। दो पक्षों में हुई मारपीट में एक युवती घायल हो गई। घायल अवस्था में वह थाने पहुंची और पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

सरायतरीन के मुहल्ला बाजार इलाका निवासी रोशनी आर्य ने बताया कि उनके घर में प्लास्टर का कार्य चल रहा था। इसी दौरान दीवार के कोने पर लगी एक कील हटाने और पड़ोसी के बिजली के तार को हटाने को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर पड़ोस के ताशू, रुची और आंचल ने उसके पिता के साथ मारपीट शुरू कर दी। पिता को बचाने के लिए जब वह आगे बढ़ी तो उन्होंने उस पर भी डंडों से हमला कर दिया। इसमें वह घायल हो गई। इस दौरान धक्का-मुक्की भी हुई। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस ने घायल युवती को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा।

## अंडर-14 में स्टेला मैरिस, अंडर-17 व 19 में ला-मार्टिनियर कॉलेज बना चैंपियन

# यूनिटी कॉलेज की मेजबानी में सीआईएससीई जोनल फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**लखनऊ।** यूनिटी कॉलेज के तत्वावधान में आयोजित सीआईएससीई जोनल अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 बालक फुटबॉल प्रतियोगिता का सफल समापन हुआ। 21 से 23 जुलाई तक ला-मार्टिनियर ग्राउंड में आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न प्रतिष्ठित स्कूलों की टीमों ने भाग लेकर खेल प्रतिभा और खेल भावना का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में ला-मार्टिनियर कॉलेज, सेंट फ्रांसिस कॉलेज, सिटी मॉन्टेसरी स्कूल की विभिन्न शाखाएं, स्टेला मैरिस इंटर कॉलेज, यूनिटी कॉलेज, लखनऊ पब्लिक कॉलेज, एमजी कॉन्वेंट स्कूल, सेंट मैरी कॉन्वेंट कॉलेज, ग्रीन फील्ड स्कूल और स्प्रिंग डेल कॉलेज सहित कई शिक्षण संस्थानों की टीमों ने हिस्सा लिया। नॉकआउट आधार पर खेले गए मुकाबलों में अंडर-14 वर्ग का फाइनल स्टेला मैरिस और ला-मार्टिनियर कॉलेज के बीच खेला गया। निर्धारित समय तक मुकाबला गोलरहित रहने के बाद पेनाल्टी शूटआउट में स्टेला मैरिस ने 5-4 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। अंडर-17 वर्ग के फाइनल में ला मार्टिनियर कॉलेज ने सिटी मॉन्टेसरी स्कूल एलडीए शाखा को 2-1 से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। वहीं अंडर-19 वर्ग के फाइनल में भी ला-मार्टिनियर कॉलेज ने सीएमएस एलडीए को 1-0 से शिकस्त देकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता का उद्घाटन यूनिटी कॉलेज के सचिव नजमुल हसन रिजवी ने किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि ला मार्टिनियर कॉलेज के प्रधानाचार्य गैरी एवरेट ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को मेडल प्रदान किए। इस मौके पर यूनिटी कालेज के कार्यालय अधीक्षक शाहीद हुसैन सहित तमाम शिक्षिक मौजूद रहे। यूनिटी कॉलेज के प्रधानाचार्य दीपक मैथ्यूज ने खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी तथा पीटीआई आमिर अली और उनकी टीम के योगदान की सराहना की। उप-प्रधानाचार्य सचिन भारती ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ उनकी प्रतिभा निखारने का प्रभावी मंच प्रदान करती हैं।

# गुमराह हुए दो नाबालिक बच्चों को किया पुलिस के हवाले

बुलन्द संदेश संवाददाता

**बहजोई ।** नगर के बस स्टैंड पर मिले दो लावारिस बच्चे वहां मौजूद ड्राइवरो ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्चों के परिजनों से संपर्क किया। बच्चे नोएडा रिश्तेदारी में गए हुए थे,वही नोएडा में एक लड़का नन्हे नाम का जो बहजोई क्षेत्र के आसपास का रहने वाला है बह दोनों बच्चों को बहला फुसला नोएडा से लाकर कर बहजोई बस स्टैंड पर छोड़ गया। पुलिस दोनों बच्चों को थाने ले गई और अग्रिम कार्रवाई में जुट गई। दोनों बच्चे थाना कासगंज के एक गांव के रहने बाले है।




# बसपा नेता व अधिवक्ता ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला फूंकने का प्रयास किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अमरोहा (डा. महताब अमरोहवी)।** जंतर मंतर पर युवाओं के प्रदर्शन को शक्ति प्रदान करने के लिए बसपा के वरिष्ठ नेता और वरिष्ठ अधिवक्ता ने आज केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला फूंकने का प्रयास किया जिस को पुलिस ने काम कर दिया और उन्हें हाउस अरेस्ट कर दिया। देशभर में छात्र हितों और पेपर लीक के गंभीर मुद्दों को लेकर चल रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच एक ऐसी तस्वीर सामने आई है जो न्याय और संघर्ष की मिसाल पेश करती है। छात्रों के अधिकारों और हर पीड़ित की आवाज बनने वाले हाजी नासिर फारूक एडवोकेट को पिछले कई दिनों से प्रशासन द्वारा हाउस अरेस्ट (नजरबंद) किया गया था।लेकिन आज जुम्मे की नमाज के बाद, तमाम पाबंदियों और नजरबंदी की जंजीरों को चीरते हुए, हाजी नासिर फारूक एडवोकेट ने जैसे ही अपनी आवाज बुलंद की और नारे लगाए,तो पुलिसकर्मियों ने तुरंत हरकत में आते हुए उन्हें पीछे से दबोच लिया।इसके बावजूद, उनके चेहरे पर और उनके तेवर में जो अडिग हौसला व जज्बा नजर आया, उसने यह साबित कर दिया कि सच की आवाज को कभी दबाया नहीं जा सकता। नासिर फारुक ने कहा कि दबे-कुचलों और छात्रों के हक की लड़ाई लड़ने वालों पर चाहे जितनी पाबंदियां लगा दी जाएं, लेकिन हौसले जब बुलंद हों तो हर जुल्म और पहरा बेअसर हो जाता है। दिल्ली में पेपर लीक और छात्र विरोध प्रदर्शनों के पक्ष में लगातार मुखर रहने के कारण हाजी नासिर फारूक एडवोकेट प्रशासन के निशाने पर रहे हैं। पिछले कई दिनों से घर में नजरबंद होने के बावजूद, जुम्मे की नमाज के उपरांत उनका बाहर आकर रोष प्रकट करना और पुलिस द्वारा उन्हें बलपूर्वक रोकने का यह पूरा मंजर वीडियो में साफ झलकता है। इस वीडियो के सामने आने के बाद उनके इस जुझारू अंदाज,निडरता और संघर्षपूर्ण जज्बे को देखकर हर इंसाफपसंद शख्स उनके समर्थन में खड़ा नजर आ रहा है।

# वैभव सूर्यवंशी टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अर्धशतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बने



**हरारे ।** वैभव सूर्यवंशी टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अर्धशतक लगाने वाले दुनिया के सबसे युवा बल्लेबाज बन गए हैं। वैभव ने 15 साल और 118 दिन की उम्र में जिम्बाब्वे के विरुद्ध हरारे स्पोर्ट्स क्लब में यह कारनामा किया।

वैभव ने 19 गेंदों में 4 छक्कों और इतने ही चौकों के साथ 50 रन की पारी खेली। इसी के साथ वैभव ने जिब्राल्टर के बल्लेबाज लुई ब्रूस का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिन्होंने साल 2021 में माल्टा के विरुद्ध 16 साल और 56 दिन की उम्र में अर्धशतक लगाया था। इस लिस्ट में कविन चड्ढा तीसरे पायदान पर हैं, जिन्होंने साल 2026 में इंडोनेशिया की तरफ से खेलते हुए 16 साल और 76 दिन की उम्र में स्वीडन के विरुद्ध यह कारनामा किया था।

सिएरा लियोन के अलुसीन तुरे इस लिस्ट में चौथे पायदान पर हैं, जिन्होंने 16 साल और 89 दिन की उम्र में घाना के खिलाफ साल 2023 में अर्धशतक जड़ा था। वहीं, भूटान के तेनजिन रबगी (16 वर्ष 118 दिन) इस लिस्ट में पांचवें स्थान पर हैं, जिन्होंने साल 2023 में चीन के खिलाफ अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक लगाया था। पूर्ण-सदस्यीय टीम की तरफ से अर्धशतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाजों की लिस्ट में अफगानिस्तान के रहमानुल्लाह गुरबाज दूसरे पायदान पर हैं, जिन्होंने साल 2019 में जिम्बाब्वे के विरुद्ध ऐसा किया था। उस समय रहमानुल्लाह 17 साल और 296 दिन की उम्र के थे।

वैभव सूर्यवंशी ने 15 साल और 99 दिन की उम्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर डेब्यू किया था, जिसके साथ वह सचिन तेंदुलकर को पछाड़कर इस मामले में सबसे युवा भारतीय बने थे। 'मास्टर-ब्लास्टरइ सचिन तेंदुलकर ने 16 साल और 205 दिन की उम्र में अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला था। भारतीय महिलाओं में शेफाली वर्मा (15 साल और 239 दिन) शीर्ष पर हैं। वैभव ने इंग्लैंड दौरे पर अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला था, जिसमें 14 रन बना सके। इसके बाद उन्होंने सीरीज के दो अन्य मुकाबलों में 13 और 15 रन जुटाए, लेकिन जिम्बाब्वे दौरे पर वैभव ने आखिरकार फैंस को अपनी शानदार पारी के साथ झूमने पर मजबूर कर दिया।

## बुखार से मौत — रात में अचानक बिगडी तबियत, तोड दिया दम

# जहानाबाद क्षेत्र के अधेड की रहस्यमयी बुखार से मौत, मेडिकल कालेज से लाए थे दवाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**पीलीभीत।** गुरुवार रात लगभग 9 बजे 50 साल के तीरथ प्रसाद की बुखार से मौत हो गई। उन्होंने मेडिकल कॉलेज ले जाते समय दम तोड़ दिया। मामला जहानाबाद थाना क्षेत्र के भगवंतपुर बझेड़ा गांव का है।

तीरथ प्रसाद पिछले तीन दिनों से तेज बुखार से पीड़ित थे। बुधवार को उनकी पत्नी शहर के एक निजी चिकित्सक के पास दवा लेने गई थीं, लेकिन डॉक्टर के उपलब्ध न होने के कारण उन्हें वापस लौटना पड़ा। इसके बाद परिजनों ने गांव के ही एक स्थानीय चिकित्सक से दवा ली थी। गुरुवार को परिजनों ने तीरथ प्रसाद को बेहतर इलाज केलिए मेडिकल कॉलेज ले जाकर दिखाया और दवा दिलवाई, लेकिन उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ। गुरुवार रात लगभग 9 बजे उनकी तबीयत अचानक बहुत अधिक बिगड़ गई।

गंभीर हालत को देखते हुए परिजन उन्हें तुरंत एम्बुलेंस से मेडिकल कॉलेज लेकर भागे। हालांकि, अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में तीरथ प्रसाद ने दम तोड़ दिया। मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार तीरथ प्रसाद तीन दिन से बुखार से जूझ रहे थे।

# बार एसोसिएशन ने की पीठासीन अधिकारी के तबादले की मांग, प्रशासनिक न्यायमूर्ति को भेजा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अधिवक्ताओं के प्रति असम्मानजनक व्यवहार का आरोप**

**पीलीभीत।** जिला संयुक्त बार एसोसिएशन ने कोर्ट नंबर-5 की पीठासीन अधिकारी अनु सक्सेना के कथित व्यवहार पर आपत्ति जताते हुए उनके स्थानांतरण की मांग की है। इस संबंध में बार एसोसिएशन की ओर से उच्च न्यायालय इलाहाबाद के प्रशासनिक न्यायमूर्ति को ज्ञापन भेजा गया है।

ज्ञापन में आरोप लगाया कि अपर जनपद एवं विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) कोर्ट नंबर-5 की पीठासीन अधिकारी अनु सक्सेना का अधिवक्ताओं के प्रति व्यवहार शुरू से ही असम्मानजनक रहा है। बार एसोसिएशन पदाधिकारियों ने कहा कि उनके न्यायालय में कई बार ऐसी परिस्थितियां बनीं, जिनसे अधिवक्ताओं में असंतोष व्याप्त हुआ। न्यायालय में लंबित पत्रावलियों के संबंध में भी अधिवक्ताओं को अनावश्यक असुविधा का सामना करना पड़ता है। आरोप लगाया कि सुनवाई के दौरान पीठासीन अधिकारी का रवैया अधिवक्ताओं के प्रति उपेक्षापूर्ण रहता है। मामले को लेकर अध्यक्ष राजीव अवस्थी व महासचिव विद्याराम वर्मा ने पीठासीन अधिकारी से अनुरोध कर उनका अभिमत भी प्राप्त करने का प्रयास किया, लेकिन उनकी ओर से भी कथित रूप से उपेक्षा की गई, जिससे अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त हो गया।

जिला संयुक्त बार एसोसिएशन ने प्रशासनिक न्यायमूर्ति से पूरे प्रकरण की जांच कराते हुए पीठासीन अधिकारी अनु सक्सेना का किसी अन्य जनपद में स्थानांतरण किए जाने की मांग की है।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया।
अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267